

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 160 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 26 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया

# पाकिस्तान में कंगाली की इंतेहा

## मुफ्त आटा लेने में मची भगदड़, 4 बुजुर्गों की मौत

लाहौर. आर्थिक तंगी के बीच पाकिस्तान की जनता में हाहाकार मचा है. आटा लेने के लिए लंबी लाइनें लगी रही हैं. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले कुछ दिनों में सरकारी वितरण केंद्रों से मुफ्त आटा लेने की कोशिश के दौरान कम से कम चार बुजुर्गों की मौत हो गई. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. आसमान छूती महंगाई से निपटने के लिए विशेष रूप से पंजाब प्रांत में गरीबों के लिए मुफ्त आटा योजना शुरू की गई थी. इसका लाभ उठाने के लिए सरकारी वितरण केंद्रों पर भीड़ उमड़ पड़ी और कई लोगों की मौत हो गई.

पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'न्यूज एजेंसी' को बताया कि मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और फैसलाबाद शहरों में पिछले कुछ दिनों में मुफ्त गेहूं का आटा



लेने के प्रयास में चार बुजुर्गों की मौत हो गई और कई बेहोश हो गए. उन्होंने कहा कि लोगों की भारी भीड़ और वितरण केंद्रों पर सुविधाओं की कमी के कारण ये घटनाएं हुईं. उन्होंने कहा, ह्लदो लोगों की मौत भगदड़ की वजह से हुई और दो व्यक्तियों की घंटों तक कतार में खड़े रहने के कारण थकान की वजह से मौत हो गई.

### जिला प्रशासन पर लगाया जा रहा आरोप

दूसरी ओर पुलिस ने लोगों को कतार में खड़ा करने के लिए लाठीचार्ज किया. लोगों ने इन वितरण केंद्रों पर जिला प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था नहीं किए जाने और आटे की कम आपूर्ति का आरोप लगाया है. आटा नहीं मिलने को लेकर पाकिस्तान के कई इलाकों के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है.

# दूसरे दिन भी हर दिन ध्यान, हर दिल ध्यान संकल्प वालों ने बहाई ध्यान और योग की सरिता

## प्राथमिक विद्यालय सीताकुंड पर लोगों ने सीखा योग ध्यान का बेहतरीन गुर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के तत्वावधान में तीन दिनी विशेष ध्यान शिविर के दूसरे दिन भी प्राथमिक विद्यालय सीताकुंड पर योग और ध्यान की सरिता बही। पहुंचे सैकडों लोगों ने योग और ध्यान की सरिता में डुबकी लगाई।

आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया है। आयोजन मैं दूसरे दिन भी सैकडों की संख्या में संस्था से जुड़कर लोगों ने योग और ध्यान की बेहतर बारीकी को सीखा। मिशन के केंद्र प्रभारी सुरेश उपाध्याय ने उपस्थित जनों को श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के बाबत विस्तार से जानकारी



दी। इसके बाद योग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संस्था के सैकड़ों सदस्य और योग ध्यान सीखने वाले मौजूद रहे। सनद रहे शुक्रवार की शाम तीन दिनी शिविर का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मणिराम सिंह ने किया था। इस दौरान बेलहरी ब्लॉक के ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय को विजडम ब्रिज बुक भेंट किया गया तथा उन्होंने अपने संबोधन में कई अन्य गांवों में ध्यान शिविर के कार्यक्रम को कराने में सहयोग करने की भी बात कही। योग प्रशिक्षक रत्नेश तिवारी ने आसन प्राणायाम और ध्यान कराया तथा वहां संस्था के अशोक त्रिपाठी, रविन्द्र वर्मा, हीरा पाल, रवि सिंह, प्रकाश, अंजनी, संतोष, कृष्णा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

**सोमवार से पढ़िए रोजगार व्यापार की खास खबरें –**

विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता तत्काल संपर्क करें आकर्षक कमीशन एवम योग्यता आधार पर वेतन भी/ दैनिक समाज जागरण सीएचपी एडिशन नारायणगढ़ 9802414328

**सोमवार से पढ़िए घर समाज में धन प्रतिष्ठा कमाएं –**

खाटूश्याम जी की मनमोहक कला कीर्ति से ज्वेलरी मंगाईए नरेश गुप्ता ज्वेलरी खाटूश्याम जी मनमोहक ज्वेलरीअंबाला कैंट, खाटू श्याम भक्त की कलम बताएगी चमत्कार केसे होगा संकट से बेड़ा पार- 9802414328

# हिमाचल के मुख्यमंत्री को मिल रही प्रदेश वा देश भर से बधाईयां

## सीएम सुक्खू के जन्मदिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने आज दी बधाई

**सीएचपी हेड कृष्णराज अरुण- शिमला ब्यूरो प्रमुख टीना ठाकुर- -दैनिक समाज जागरण-**

चंडीगढ़/शिमला - आज हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय तेजस्वी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का 59वा जन्म दिवस पर्व के मौके पर सर्व प्रथम सचिवालय में बधाइयों का दौर चला। बेहद सादगी में एकत्रित अपने सीएम को बधाई देने वाले सचिवालय में एकत्रित हुवे।

**हिमाचल सीएम ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू काआज 26 मार्च, 2023 को 59वां जन्मदिवस है*।**

उनके जन्मदिवस के अवसर पर आज हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की निदेशक किरण भड़ाना ने विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को बधाई दी तथा उनके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना की।





(पूर्व में अग्रिम बधाई देने एकत्रित हुए मुख्यमंत्री सुक्खू को सचिवालय में उपस्थित खास अधिकारी मंत्री वा कर्मी)



(पूर्व में अग्रिम बधाई देने एकत्रित हुए हिमाचल मुख्यमंत्री सचिवालय सीएम सुक्खू को जन्मदिन के लिए उपस्थित खास अधिकारी मंत्री वा कर्मी)

इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर एस बाली, विधायक रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, आशीष शर्मा, मीडिया कोऑर्डिनेटर

**(दैनिक समाज जागरण को मिली जानकारी हमारे शिमला ब्यूरो टीना ठाकुर अनुसार डी पीआर रिलीज में सीएम जन्म दिवस 26मार्च दिखाया है उनकी जीवनी गुगल में 27मार्च की पुष्टि होती है।समाज जागरण ने स्रि१ङ्क के रिलीज को माना है।)**

**के आर अरुण सी पी एच एडिटर समाज जागरण की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभ कामनाएं-**

यशपाल शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

देखते देखते उन्हे राज्य के वा देश के विभिन्न हिस्से से गणमान्य हस्तियों के शुभ कामनाएं मिलती दिखीं।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने फूड लाइसेंस शिविर का किया आयोजन

*36 व्यापारियों का हुआ नवीनीकरण और 158 लोगों ने कराया नया रजिस्ट्रेशन*

*खाद्य एवं औषधि विभाग की उपस्थिति में एसडीएम ने किया उद्घाटन*

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने जिलाध्यक्ष विवेक सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को फूड लाइसेंस का कैंप एवं व्यापारी जागरूकता का कार्यक्रम किया। यह आयोजन खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा नगर युवा इकाई के अध्यक्ष अमित जायसवाल के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे पर हआ जिसका उद्घाटन उपजिलाधिकारी सदर सुनील भारती ने किया। कार्यक्रम में खाद्य विभाग की ओर से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल राय, देवेश यादव, सुधीर राय, वीरेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे। कैंप के माध्यम से 158 नए रजिस्ट्रेशन एवं 36 नवीनीकरण का आवेदन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को संबोधित मुख्य अतिथि सुनील भारती ने कहा कि व्यापार मंडल ने निश्चित रूप से यह प्रशंसनीय कार्य किया है जो व्यापारी हित में कैंप लगाकर लाइसेंस बनाने का कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल राय ने व्यापारियों को जागरूक करते हुए कहा कि जो व्यापारी अभी तक लाइसेंस नहीं बनवाये हों, वह कैंप में जरूर बनवा लें। खाने-पीने की सामग्री या इससे संबंधित व्यवसाय करने वालों को कानूनी रूप से फूड लाइसेंस की आवश्यकता होती है। सरकार द्वारा फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। जो भी व्यापारी लाइसेंस के लिए आवेदन करना चाहते हो, वह आवेदन कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारी हितों की रक्षा करना है। उसी क्रम में यह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम आयोजक अमित जायसवाल ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन



होते रहेंगे और व्यापार मंडल खाद्य व्यापारियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाएगा। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह और नगर अध्यक्ष सर्वेश जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि व्यापारी हितों के लिए हम सदैव तत्पर हैं। कार्यक्रम संयोजक विनय गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को अजय गुप्ता, संजय केडिया, अभिताश गुप्ता आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष देव ने किया। अन्त में योगेश साहू ने सभी व्यापारियों का आभार जताया। इस अवसर पर विपिन अग्रवाल, मो. दानिश, अनिल हरलालका, प्रवीण शाह, विजय केडिया, रूप नारायण माली, उमेश जायसवाल, विवेक सेठी, संतोष साहू, मनोज विश्वकर्मा, घनश्याम गुप्ता, महेश गुप्ता, अनुज सेठ, राजेंद्र सेठ, मो. बिस्मिल्लाह, राकेश जायसवाल, सिराज अहमद, दीपक केडिया, एस. बैंकर, महेश सेठ, गौरव सिंह, अशोक मौर्य, शनि साहू, अर्पित साहू, शेखर सेठ, संजय सोनी, आकाश जायसवाल, हिमांशु अग्रहरी, रमन हरलालका सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## जसप्रीत बुमराह की इंजरी को चयनकताओं से रखा जा रहा सीक्रेट, सिर्फ लक्ष्मण को पेसर से बात करने की इजाजतः रिपोर्ट

नई दिल्ली. जसप्रीत बुमराह की पीठ की चोट और उनकी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया को राष्ट्रीय चयनकताओं से भी गुप्त रखा जा रहा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, केवल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक वीवीएस लक्ष्मण ही जसप्रीत बुमराह की चोट से जुड़ी सभी जानकारी को ट्रैक कर रहे हैं. पहले ही यह रिपोर्ट आ चुकी है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी वर्ल्ड कप के करीब आने तक जसप्रीत बुमराह को पेशेवर क्रिकेट में वापस नहीं लाएगा. बोर्ड का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना है कि पेसर का करियर लंबे समय तक चले.

# यूक्रेन युद्ध के खिलाफ बोलने पर पुतिन की स्पीच लिखने वाला मोस्ट वांटेड घोषित, रूस ने विदेशी एजेंट बताया

मॉस्को. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन जंग पर सवाल उठाने वालों पर लगातार सख्त रुख अपनाते दिखते रहे हैं. जो भी रूस यूक्रेन जंग के खिलाफ बोला या फिर शांति की अपील की तो उसे यहां कड़ी सजा भुगतनी पड़ी है. एक बार फिर रूसी पुलिस ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्पीच राइटर रहे अब्बास गैलिमोव को मोस्ट वांटेड घोषित किया गया है. उन पर आरोप है के वह यूक्रेन जंग को लेकर रूस की आलोचना कर रहे थे.

रूसी मीडिया से मिल रही जानकारी के मुताबिक इंटीरियर मिनिस्ट्री के डेटाबेस में अब्बास गैलिमोव का नाम मोस्ट वांटेड लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया है. अब्बास पर विदेशी एजेंट होने के आरोप लगाया गया है. पिछले महीने ही रूस के न्याय मंत्रालय ने अब्बास को विदेशी एजेंट घोषित किया था. मंत्रालय ने कहा था कि वो विदेशी एजेंटों के तैयार किए एजेंडा को फैलाते हैं. उन पर आरोप है कि वह यूक्रेन जंग की आलोचना कर सेना का लगातार अपमान करते हैं. उन्होंने साल 2008 से लेकर 2012 तक व्लादिमीर पुतिन के भाषण लिखे थे. उस दौरान पुतिन रूस के प्रधानमंत्री थे.

### खिलाफत करने वालों पर पुतिन की सख्ती

दरअसल, रूस लगातार रूस और यूक्रेन के बीच चल रही लड़ाई के खिलाफ बोलने वालों पर सख्त रहा है. जंग शुरू होने के बाद से ही रूस उन लोगों पर नजर रखते हुए कारवाई कर रहा है जो रूस की आलोचना कर रहे हैं. ऐसा करने पर कई लोगों को जेल में डाला गया है और कई लोग देश छोड़कर ही चले गए हैं. रूस के मामलों पर नजर रख रहे मीडिया हाउस डश्रऊ इंफो इंग्लिश के मैनेजर डैन स्टोरीयेव ने अलजजीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि पिछले एक साल में 544 नाबालिगों को जंग के खिलाफ लिखने, बोलने या विरोध करने के आरोप में सजा दी गई है. उन्होंने यह भी बताया कि जंग के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन करने वाले कई नाबालिगों को तो पुलिस ने अरेस्ट भी किया है. अब्बास गैलिमोव ने भी हाल ही में एक इंटरव्यू में रूस में पुतिन के खिलाफ लोगों के विद्रोह की आशंका जताई थी. उन्होंने कहा था कि लोग यूक्रेन जंग से परेशान हैं. रूस अब एक फासिस्ट देश में बदल चुका है.

### पुतिन के खिलाफ जारी हो चुका है अरेस्ट वारंट

गौरतलब है कि यूक्रेन पर लगातार बम गिराने पर इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (क्छउ) की ओर से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया जा चुका है. वारंट जारी होने के बाद पुतिन के सहयोगी और रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि पुतिन

# संस्कृति विश्वविद्यालय के खिलाफ नहीं हुई कानूनी कार्यवाही तो होगा बड़ा आंदोलन – जिलाध्यक्ष छाया गौतम

**समाज जागरण**

मथुरा। जनपद के नामचीन विश्वविद्यालय संस्कृति यूनिवर्सिटी में जम्मू कश्मीर से आए मुस्लिम समुदाय के करीब 82 बच्चे सरकारी छात्रवृत्ति पर अध्ययनरत हैं। विश्वविद्यालय के अंदर की कुछ वीडियो के माध्यम से अखिल भारत हिंदू महासभा को पता लगा कि वह बच्चे नित्य प्रतिदिन स्कूल यूनिफार्म में विश्वविद्यालय के प्रांगण के अंदर नमाज अदा करते हैं। विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हजारों की संख्या में हिंदू विद्यार्थियों के लिए अपमानजनक एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण के लिए एक खतरा है संबंधित क्रियाकलापों का हिंदू महासभा के पास 6 दिन लगातार नमाज पढ़ने की पर्याप्त सबूत हैं।

अखिल भारत हिंदू महासभा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन देकर विश्वविद्यालय एवं प्रबंधन समिति एवं उन विद्यार्थियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक ने कहा ब्रज क्षेत्र में हिंदूविरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी प्रशासन जल्द से जल्द सख्त कार्यवाही करें।

प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा ने कहा मथुरा के किसी भी विश्वविद्यालय को जेएनयू नहीं बनने दिया जाएगा। जम्मू कश्मीर से आए हुए अल्पसंख्यक छात्रों को भी चेतावनी दी जाती हैवह यहां शिक्षा लेने आए हैं शिक्षा ग्रहण करेंउनका नमाज पढ़ने का अधिकार है वह अपने हॉस्टल कमरे में नमाज अदा करें शिक्षा के मंदिर में विश्वविद्यालय के प्रांगण में किसी भी सार्वजनिक जगह पर नमाज अदा ना करें अन्य छात्रों में गलत संदेश ना जाए। सभी को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय में दिया गया है। इन कृत्यों से अन्य छात्रों में दूषित मानसिकता पैदा हो सकती है और वह भी इस प्रकार के अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे तो ब्रज की छवि धूमिल होगी अखिल भारत हिंदू महासभा ऐसे सभी कृत्यों का विरोध करती है। प्रशासन से मांग करती है कि ऐसे छात्रों और विश्वविद्यालय के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। जिलाध्यक्ष छाया गौतम ने कहा विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर है यहां सभी समान और एकता के रूप में शिक्षा प्राप्त करने आते हैं ना कि धर्म के प्रति कट्टरपंथी दिखाने



आते हैं। विश्वविद्यालय में हजारों की संख्या में हिंदू लड़के लड़कियां पढ़ रहे हैं सौहार्दपूर्ण वातावरण खराब ना हो इसलिए धार्मिक गतिविधियां विश्वविद्यालय में नहीं होनी चाहिए। जम्मू कश्मीर से आए कुछ सरकारी छात्रवृत्ति पर विद्यार्थी अगर ऐसी मानसिकता लेकर ब्रज में आए हैं तो हजारों लड़कियां जो विश्वविद्यालय में पढ़ रही हैं वह अपने आप में सुरक्षित नहीं है हिंदू लड़कियों की सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए यह कार्यवाही बहुत आवश्यक है प्रशासन विश्वविद्यालय के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही करें अन्यथा अखिल भारत हिंदू महासभा के साथ कई अन्य संगठन विश्वविद्यालय पर जा कर विश्वविद्यालय पर जाकर धरना प्रदर्शन एवं बड़ा आंदोलन करेंगे

विश्वविद्यालयय की प्रबंधक समिति के कुछ व्यक्तियों से बात करने की कोशिश की तो बताया कि एक वीडियो सामने आया है हमने उन विद्यार्थियों को खड़ा करके हिदायत दे दी है आगे से ऐसा कोई कृत्य विश्वविद्यालय में नहीं होगा परंतु अखिल भारत हिंदू महासभा के पास लगातार 6 दिन की वीडियो सामने आई हैं जिससे यह साफ होता है कि प्रबंधन समिति के संज्ञान में सब कुछ हो रहा है विश्वविद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य उन छात्रों से भयभीत हो सकते हैं क्योंकि वह जम्मू-कश्मीर से आए मुस्लिम समुदाय के विद्यार्थी हैं। भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली में इस प्रकार के कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के उत्तर प्रदेश मीडिया रजत शर्मा ने कहा विश्वविद्यालय को किसी भी राष्ट्र द्रोही गतिविधियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन देकर अखिल भारत हिंदू महासभा मांग करती है विश्वविद्यालय के खिलाफ में कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। उन विद्यार्थियों को जो जम्मू कश्मीर से आकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं वह सिर्फ शिक्षा ग्रहण करें ऐसा कोई कृत्य ना करें। जिससे अन्य समुदाय के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय छोड़कर जाना पड़े और भगवान श्रीकृष्ण की नगरी का नाम बदनाम हो।

युवा जिलाध्यक्ष विजयपाल सिंह ने कहा कि अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा कार्यकताओं के अंदर रोष व्याप्त हो गया है। प्रशासन जिला अध्यक्ष महोदया के ज्ञापन को संज्ञान में लेकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराएं अन्यथा विश्वविद्यालय की विश्वविद्यालय के प्रांगण में जाकर बड़े से बड़ा आंदोलन धरने के रूप में किया जाएगा।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा, जिला अध्यक्ष छाया गौतम, युवा जिला अध्यक्ष विजय पाल सिंह, नीतू सक्सेना जिला सचिव,पवन गौतम जिला सचिव, जिला प्रभारी रामप्रसाद शर्मा, राजेश पाठक, निरंजन गुर्जर, नरेश ठाकुर, राम अवतार गौतम, राहुल गौतम, रामवीर सिंह, शानू बसंल, प्रीति शर्मा, आशीष शर्मा, अमित कुमार, रोहन सिंह लव कुमार, सुमित शर्मा, आचमन शर्मा, शानू बंसल, राहुल चौधरी, चंद्रकांत पांडे, प्रिंस पांडे, नीरज गौतम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीनियर सिटिजन होना गुनाह है?

**समाज जागरण**

भारत में 70 वर्ष की आयु के बाद वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा बीमा के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें ईएमआई पर ऋण नहीं मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिया जाता है। उन्हें आर्थिक काम के लिए कोई नौकरी नहीं दी जाती है। इसलिए वे दूसरों पर निर्भर हैं। उन्होंने अपनी युवावस्था में सभी करों का भुगतान किया था। अब सीनियर सिटिजन बनने के बाद भी उन्हें सारे टैक्स चुकाने होंगे। भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई योजना नहीं है। रेलवे पर 50% की छूट भी बंद कर दी गई। दुःख तो इस बात है कि राजनीति में जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं फिर चाहे टछअ हो या टढ या द्रल्ल२३१२ उन्हें सबकुछ मिलेगा और पेंशन भी लेकिन हम सिनीअर सिटिजन पूरी जिंदगीभर सरकार को कई तरह के टैक्स देते हैं फिर भी बुढ़ापे में पेंशन नहीं, सोचिए अगर औलाद न संभाल पाए (किसी कारणवश ) तो बुढ़ापे में कहां जायेंगे,यह एक भयानक और पीड़ादायक बात है। अगर परिवार के वरिष्ठ सदस्य नाराज हो जाते हैं, तो इसका असर चुनाव पर पड़ेगा और सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल कौन करेगा? तो सरकार? वरिष्ठों में है सरकार बदलने की ताकत, उन्हें कमजोर समझकर न करें नजरअंदाज! वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकार गैर-नवीकरणीय योजनाओं पर बहुत पैसा खर्चा करती है, लेकिन यह कभी नहीं महसूस करती है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी एक योजना आवश्यक है। इसके विपरीत बैंक की ब्याज दर घटाकर वरिष्ठ नागरिकों की आय कम कर रहा है। अगर मामूली पेंशन भी मिलती है जिसमें परिवार का गुजारा भी मुश्किल चलता है तो उस पर भी इन्कम टैक्स ☹

एक भारतीय वरिष्ठ नागरिक होना एक अपराध लगता है...! यह सब सोशल मीडिया में साझा करें आप सभी सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं। आइए वरिष्ठ नागरिकों की आवाज को सरकार के कानों तक पहुंचाएं (इस जानकारी को सभी वरिष्ठ नागरिकों की जागरूकता के लिए साझा करें।) मैं अनसुनी आवाज को इतना जोर से सुनना चाहता हूं कि इसे एक जन आंदोलन के रूप में खड़े होने दें, हम सभी को वरिष्ठ नागरिकों ने अपने सभी मित्रों के साथ यह साझा करना चाहिए। आपसे आग्रह है कृपया

पढ़ने के बाद आप जरूर साझा करें अपने सीनियर सिटिजन मित्र व शुभचिंतकों को

🙏 राम राम जी 🙏

# नन्हे बच्चों को कुपोषण तथा भुखमरी से बचाने कि हमारी कवायत कितनी सार्थक

**समाज जागरण**

बच्चे देश के भविष्य होते है' यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा' भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी है' देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है' सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं' देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है' देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है' ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है' मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है' सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं' इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है' विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है' सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं' जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा' पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं' महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है' कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है' 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है'

ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगी' वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे है' इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं

देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# आनंद शंकर

आनंद शंकर (जन्म- 11 दिसंबर, 1942; मृत्यु- 26 मार्च, 1999) भारतीय गीतकार और संगीतकार थे। वे विश्व प्रसिद्ध सितारवादक पंडित रवि शंकर के भतीजे थे। इन्होंने अपने जीवनकाल में पूर्वी संगीत शैलियों में पश्चिमी संगीत शैली का उत्कृष्ट मिश्रण कर संगीत को एक नया रूप दिया। सन 1990 के दशक के मध्य जब डीजे की संस्कृति का प्रचलन प्रारम्भ हुआ तो आनंद शंकर ने भी डिस्को के अनुरूप संगीत का निर्माण किया, जिसके परिणामस्वरूप इन्होंने वर्ष 1996 में ह्यब्लू नोट्सह्ल के अंतर्गत ह्यब्लू जूस वॉल्यूम 1ह्ल नामक नए एल्बम का निर्माण किया था। इसके दो संस्करण लांच हुए थे- स्ट्रीट्स ऑफ कलकत्ता और डांसिंग ड्रम्स।

**परिचय**

आनंद शंकर का जन्म एक प्रतिष्ठित बंगाली संगीतकार परिवार में 11 दिसंबर, 1942 को तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के अल्मोड़ा में हुआ था। इनके पिता प्रख्यात शास्त्रीय नर्तक उदय शंकर और मां अमला शंकर थीं। इनकी बहन का नाम ममता शंकर था। ये प्रसिद्ध सितारवादक पंडित रवि शंकर के भतीजे थे। इन्होंने वाद्य यंत्र की शिक्षा के लिए अपने चाचा पंडित रवि शंकर के बजाय गुरु के रूप में वाराणसी के डॉक्टर लालमणि मिश्रा को चुना था। बाद में इन्होंने तनुश्री शंकर से शादी कर ली। इन्होंने सिंधिया स्कूल, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से शिक्षा ग्रहण की थी।

# रबीन्द्रनाथ ठाकुर

रबीन्द्रनाथ ठाकुर अथवा रबींद्रनाथ टैगोर (जन्म- 7 मई, 1861, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 7 अगस्त, 1941, कलकत्ता) एक बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार, निबंधकार और चित्रकार थे। भारतीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ रूप से पश्चिमी देशों का परिचय और पश्चिमी देशों की संस्कृति से भारत का परिचय कराने में टैगोर की बड़ी भूमिका रही तथा आमतौर पर उन्हें आधुनिक भारत का असाधारण सृजनशील कलाकार माना जाता है।

**जीवन परिचय**

रबीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म 7 मई, 1861 कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में देवेंद्रनाथ टैगोर और शारदा देवी के पुत्र के रूप में एक संपन्न बांग्ला परिवार में हुआ था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री टैगोर सहज ही कला के कई स्वरूपों की ओर आकृष्ट हुए जैसे- साहित्य, कविता, नृत्य और संगीत।

**शांतिनिकेतन, बीरभूम, पश्चिम बंगाल**

दुनिया की समकालीन सांस्कृतिक रुझान से वे भली-भाँति अवगत थे। साठ के दशक के उत्तरार्ध में टैगोर की चित्रकला यात्रा शुरू हुई। यह उनके कवित्य सजगता का विस्तार था। हालांकि उन्हें कला की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली थी उन्होंने एक सशक्त एवं सहज दृश्य शब्दकोश का विकास कर लिया था। श्री टैगोर की इस उपलब्धि के पीछे आधुनिक पाश्चात्य, पुरातन एवं बाल्य कला जैसे दृश्य कला के विभिन्न स्वरूपों की उनकी गहरी समझ थी।

**शिक्षा**

रबीन्द्रनाथ टैगोर की स्कूल की पढ़ाई प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। टैगोर ने बैरिस्टर बनने की चाहत में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन पब्लिक स्कूल में नाम दर्ज कराया। उन्होंने लंदन कॉलेज विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया लेकिन 1880 में बिना डिग्री हासिल किए ही वापस आ गए। रबीन्द्रनाथ टैगोर को बचपन से ही कविताएँ और कहानियाँ लिखने का शौक था। उनके पिता देवेन्द्रनाथ ठाकुर एक जाने-माने समाज सुधारक थे। वे चाहते थे कि रबीन्द्र बडे होकर बैरिस्टर बनें। इसलिए उन्होंने रबीन्द्र को कानून की पढ़ाई के लिए लंदन भेजा। लेकिन रबीन्द्र का मन साहित्य में ही रमता था। उन्हें अपने मन के भावों को कागज पर उतारना पसंद था। आखिरकार, उनके पिता ने पढ़ाई के बीच में ही उन्हें वापस भारत बुला लिया और उन पर घर-परिवार की ज़िम्मेदारियाँ डाल दीं। रबीन्द्रनाथ टैगोर को प्रकृति से बहुत प्यार था। वे गुरुदेव के नाम से लोकप्रिय थे। भारत आकर गुरुदेव ने फिर से लिखने का काम शुरू किया।

**रचनाएँ**

रबीन्द्रनाथ ठाकुर एक बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार, निबंधकार और चित्रकार थे। जिन्हें 1913 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। टैगोर ने बांग्ला साहित्य में नए गद्य और छंद तथा लोकभाषा के उपयोग की शुरूआत की और इस प्रकार शास्त्रीय संस्कृत पर आधारित पारंपरिक प्रारूपों से उसे मुक्ति दिलाई। धर्म सुधारक देवेन्द्रनाथ टैगोर के पुत्र रबींद्रनाथ ने बहुत कम आयु में काव्य लेखन प्रारंभ कर दिया था। 1870 के दशक के उत्तरार्ध में वह इंग्लैंड में अध्ययन अधूरा छोड़कर भारत वापस लौट आए। भारत में रबींद्रनाथ टैगोर ने 1880 के दशक में कविताओं की अनेक पुस्तकें प्रकाशित की तथा मानसी (1890) की रचना की। यह संग्रह उनकी प्रतिभा की परिपक्वता का परिचायक है। इसमें उनकी कुछ सर्वश्रेष्ठ कविताएँ शामिल हैं, जिनमें से कई बांग्ला भाषा में अपरिचित नई पद्य शैलियों में हैं। साथ ही इसमें समसामयिक बंगालियों पर कुछ सामाजिक और राजनीतिक व्यंग्य भी हैं।

**रविन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा**

दो-दो राष्ट्रगानों के रचयिता रवीन्द्रनाथ टैगोर के पारंपरिक ढांचे के लेखक नहीं थे। वे एकमात्र कवि हैं, जिनकी दो रचनाएँ दो देशों का राष्ट्रगान बनीं- भारत का राष्ट्र-गान जन गण मन और बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान आमार सोनार बांग्ला गुरुदेव की ही रचनाएँ हैं। वे वैश्विक समानता और एकांतिकता के पक्षधर थे। ब्रह्मसमाजी होने के बावजूद उनका दर्शन एक अकेले व्यक्ति को समर्पित रहा। चाहे उनकी ज्यादातर रचनाएँ बांग्ला में लिखी हुई हों। वह एक ऐसे लोक कवि थे जिनका केन्द्रीय तत्त्व अंतिम आदमी की भावनाओं का परिष्कार करना था। वह मनुष्य मात्र के स्पन्दन के कवि थे। एक ऐसे कलाकार जिनकी रगों में शाश्वत प्रेम की गहरी अनुभूति है, एक ऐसा नाटककार जिसके रंगमंच पर सिर्फ. 'ट्रेजडी' ही ज़िंदा नहीं है, मनुष्य की गहरी जिजीविषा भी है। एक ऐसा कथाकार जो अपने आस-पास से कथालोक चुनता है, बुनता है, सिर्फ.इसलिए नहीं कि घनीभूत पीड़ा के आवृत्ति करे या उसे ही अनावृत करे, बल्कि उस कथालोक में वह आदमी के अंतिम गंतव्य की तलाश भी करता है।

**सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ**

सियालदह और शजादपुर स्थित अपनी खानदानी जायदाद के प्रबंधन के लिए 1891 में टैगोर ने 10 वर्ष तक पूर्वी बंगाल (वर्तमान बांगला देश) में रहे, वहाँ वह अक्सर पद्मा नदी (गंगा नदी) पर एक हाउस बोट में ग्रामीणों के निकट संपर्क में रहते थे और उन ग्रामीणों की निर्धनता व पिछड़ेपन के प्रति टैगोर की संवेदना उनकी बाद की रचनाओं का मूल स्वर बनी। उनकी सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ, जिनमें 'दीन-हीनों' का जीवन और उनके छोटे-मोटे दुख' वर्णित हैं, 1890 के बाद की हैं और उनकी मार्मिकता में हल्का सा विडंबना का पुट है। जो टैगोर की निजी विशेषता है तथा जिसे निर्देशक सत्यजित राय अपनी बाद की फि ल्मों में कुशलतापूर्वक पकड़ पाए हैं।

**रबीन्द्रनाथ ठाकुर स्टाम्प**

गल्पगुच्छ की तीन जिल्दों में उनकी सारी चौरासी कहानियाँ संग्रहीत हैं, जिनमें से केवल दस प्रतिनिधि कहानियाँ चुनना टेढ़ी खीर है। 1891 से 1895 के बीच का पाँच वर्षों का समय रवीन्द्रनाथ की साधना का महान् काल था। वे अपनी कहानियाँ सबुज पत्र (हरे पत्ते) में छपाते थे। आज भी पाठकों को उनकी कहानियों में 'हरे पत्ते' और 'हरे गाछ' मिल सकते हैं। उनकी कहानियों में सूर्य, वर्षा, नदियाँ और नदी किनारे के सरकंडे, वर्षा ऋतु का आकाश, छायादार गाँव, वर्षा से भरे अनाज के प्रसन्न खेत मिलते हैं। उनके साधारण लोग कहानी खत्म होते-होते असाधारण मनुष्यों में बदल जाते हैं। महान्ता की पराकाष्ठा छू आते हैं। उनकी मूक पीड़ा की करुणा हमारे हृदय को अभिभूत कर लेती है।

उनकी कहानी पोस्टमास्टर इस बात का सजीव उदाहरण है कि एक सच्चा कलाकार साधारण उपकरणों से कैसी अद्भुत सृष्टि कर सकता है। कहानी में केवल दो सजीव साधारण-से पात्र हैं। बहुत कम घटनाओं से भी वे अपनी कहानी का महल खड़ा कर देते हैं। एक छोटी लड़की कैसे बड़े-बड़े इंसानों को अपने स्नेह-पाश में बाँध देती हैं। 'काबुलीवाला' भी इस बात का जीता-जागता उदाहरण है। रवीन्द्रनाथ ने पहली बार अपनी कहानियों में साधारण की महिमा का बखान किया।

**पत्नी मृणालिनी के साथ रबीन्द्रनाथ टैगोर**

रवीन्द्रनाथ की कहानियों में अपढ़ 'काबुलीवाला' और स-संस्कृत बंगाली भूत भावनाओं में एक समान हैं। उनकी काबुलीवाला, मास्टर साहब और 'पोस्टमास्टर' कहानियाँ आज भी लोकप्रिय कहानियाँ हैं-लोकप्रिय और सर्वश्रेष्ठ भी और बनी रहेंगी। उनकी कहानियाँ सर्वश्रेष्ठ होते हुए भी लोकप्रिय हैं और लोकप्रिय होते हुए भी सर्वश्रेष्ठ हैं।

अपनी कल्पना के पात्रों के साथ रवीन्द्रनाथ की अद्भुत सहानुभूतिपूर्ण एकात्मकता और उसके चित्रण का अतीव सौंदर्य उनकी कहानी को सर्वश्रेष्ठ बना देते हैं जिसे पढ़कर द्रवित हुए बिना नहीं रहा जा सकता। उनकी कहानियाँ फौलाद को मोम बनाने की क्षमता रखती हैं।

अतिथि का तारापद रवीन्द्रनाथ की अविस्मरणीय सृष्टियों में है। इसका नायक कहीं बँधकर नहीं रह पाता। आजीवन 'अतिथि' ही रहता है। क्षुधित पाषाण, आधी रात में (निशीथे) तथा 'मास्टर साहब' प्रस्तुत संग्रह की इन तीन कहानियों में दैवी तत्त्व का स्पर्श मिलता है। इनमें पहली 'क्षुधित पाषाण' में कलाकार की कल्पना अपने सुंदरतम रूप में व्यक्त हुई है। यहाँ अतीत वर्तमान के साथ वातार्लाप करता है-रंगीन प्रभामय अतीत के साथ नीरस वर्तमान। समाज में महिलाओं का स्थान तथा नारी जीवन की विशेषताएँ उनके लिए गंभीर चिंता के विषय थे और इस विषय में भी उन्होंने गहरी अंतर्दृष्टि का परिचय दिया है।

**संगीत**

राष्ट्रगान (जन गण मन) के रचयिता टैगोर को बंगाल के ग्राम्यांचल से प्रेम था और इनमें भी पद्मा नदी उन्हें सबसे अधिक प्रिय थी। जिसकी छवि उनकी कविताओं में बार-बार उभरती है। उन वर्षों में उनके कई कविता संग्रह और नाटक आए, जिनमें सोनार तरी (1894; सुनहरी नाव) तथा चित्रांगदा (1892) उल्लेखनीय है। वास्तव में टैगोर की कविताओं का अनुवाद लगभग असंभव है और बांग्ला समाज के सभी वर्गों में आज तक जनप्रिय उनके 2,000 से अधिक गीतों, जो 'रबींद्र संगीत' के नाम से जाने जाते हैं, पर भी यह लागू होता है।

**रबीन्द्रनाथ ठाकुर**

साठ के दशक के उत्तरार्ध में टैगोर की चित्रकला यात्रा शुरू हुई। यह उनके कवित्य सजगता का विस्तार था। हालांकि उन्हें कला की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली थी उन्होंने एक सशक्त एवं सहज दृश्य शब्दकोष का विकास कर लिया था। श्री टैगोर की इस उपलब्धि के पीछे आधुनिक पाश्चात्य, पुरातन एवं बाल्य कला जैसे दृश्य कला के विभिन्न स्वरूपों की उनकी गहरी समझ थी। एक अवचेतन प्रक्रिया के रूप में आरंभ टैगोर की पांडुलिपियों में उभरती और मिटती रेखाएं खास स्वरूप लेने लगीं। धीरे-धीरे टैगोर ने कई चित्रों को उकेरा जिनमें कई बेहद काल्पनिक एवं विचित्र जानवरों, मुखौटों, रहस्यमयी मानवीय चेहरों, गूढ़ भू-परिदृश्यों, चिड़ियों एवं फूलों के चित्र थे। उनकी कृतियों में फंतासी, लयात्मकता एवं जीवंतता का अद्भुत संगम दिखता है। कल्पना की शक्ति ने उनकी कला को जो विचित्रता प्रदान की उसकी व्याख्या शब्दों में संभव नहीं है। कभी-कभी तो ये अप्राकृतिक रूप से रहस्यमयी और कुछ धुंधली याद दिलाते हैं। तकनीकी रूप में टैगोर ने सर्जनात्मक स्वतंत्रता का आनंद लिया। उनके पास कई उद्वेलित करने वाले विषय थे जिनको लेकर बेशक कैनवस पर रंगीन रोशनाई से लिपा-पुता चित्र बनाने में भी उन्हें हिचक नहीं हुई। रोशनाई से बने उनके चित्र में एक स्वच्छंदता दिखती है जिसके तहत कूची, कपड़ा, रुई के फाहों, और यहाँ तक कि अंगुलियों के बखूबी इस्तेमाल किए



गए हैं। टैगोर के लिए कला मनुष्य को दुनिया से जोड़ने का माध्यम है। आधुनिकवादी होने के नाते टैगोर विशेष कर कला के क्षेत्र में पूरी तरह समकालीन थे।

**यीट्स द्वारा अनुवाद**

राष्ट्रगान (जन गण मन) के रचयिता टैगोर को बंगाल के ग्राम्यांचल से प्रेम था और इनमें भी पद्मा नदी उन्हें सबसे अधिक प्रिय थी। जिसकी छवि उनकी कविताओं में बार-बार उभरती है। उन वर्षों में उनके कई कविता संग्रह और नाटक आए, जिनमें सोनार तरी (1894; सुनहरी नाव) तथा चित्रांगदा (1892) उल्लेखनीय है।टैगोर की कविताओं की पांडुलिपि को सबसे पहले विलियम रोथेनस्टाइन ने पढ़ा था और वे इतने मुग्ध हो गए कि उन्होंने अंग्रेजी कवि यीट्स से संपर्क किया और पश्चिमी जगत के लेखकों, कवियों, चित्रकारों और चिंतकों से टैगोर का परिचय कराया। उन्होंने ही इंडिया सोसायटी से इसके प्रकाशन की व्यवस्था की। शुरू में 750 प्रतियाँ छापी गईं, जिनमें से सिर्फ.250 प्रतियाँ ही बिक्री के लिए थीं। बाद में मार्च 1913 में मेकमिलन एंड कंपनी लंदन ने इसे प्रकाशित किया और 13 नवंबर 1913 को नोबेल पुरस्कार की घोषणा से पहले इसके दस संस्करण छापने पड़े। यीट्स ने टैगोर के अंग्रेजी अनुवादों का चयन करके उनमें कुछ सुधार किए और अंतिम स्वीकृति के लिए उन्हें टैगोर के पास भेजा और लिखाः 'हम इन कविताओं में निहित अजनबीपन से उतने प्रभावित नहीं हुए, जितना कि यह देखकर कि इनमें तो हमारी ही छवि नजर आ रही है।' बाद में यीट्स ने ही अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। उन्होंने लिखा कि कई दिनों तक इन कविताओं का अनुवाद लिए मैं रेलों, बसों और रेस्तराओं में घूमा हूँ और मुझे बार-बार इन कविताओं को इस डर से पढ़ना बंद करना पड़ा है कि कहीं कोई मुझे रोते-सिसकते हुए न देख ले। अपनी भूमिका में यीट्स ने लिखा कि हम लोग लंबी-लंबी किताबें लिखते हैं जिनमें शायद एक भी पन्ना लिखने का ऐसा आनंद नहीं देता है। बाद में गीतांजलि का जर्मन, फ्रैंच, जापानी, रूसी आदि विश्व की सभी प्रमुख भाषाओं में अनुवाद हुआ और टैगोर की ख्याति दुनिया के कोने-कोने में फैल गई।

**शांतिनिकेतन, बीरभूम, पश्चिम बंगाल**

1901 में टैगोर ने पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शांतिनिकेतन में एक प्रायोगिक विद्यालय की स्थापना की। जहाँ उन्होंने भारत और पश्चिमी परंपराओं के सर्वश्रेष्ठ को मिलाने का प्रयास किया। वह विद्यालय में ही स्थायी रूप से रहने लगे और 1921 में यह विश्व भारती विश्वविद्यालय बन गया। 1902 तथा 1907 के बीच उनकी पत्नी तथा दो बच्चों की मृत्यु से उपजा गहरा दुःख उनकी बाद की कविताओं में परिलक्षित होता है, जो पश्चिमी जगत में गीतांजलि, साँग ऑफरिंग्स (1912) के रूप में पहुँचा। शांति निकेतन में उनका जो सम्मान समारोह हुआ था उसका सचित्र समाचार भी कुछ ब्रिटिश समाचार पत्रों में छपा था। 1908 में कोलकाता में हुए कांग्रेस अधिवेशन के सभापति और बाद में ब्रिटेन के प्रथम लेबर प्रधानमंत्री रेम्जे मेक्डोनाल्ड 1914 में एक दिन के लिए शांति निकेतन गए थे। उन्होंने शांति निकेतन के संबंध में पार्लियामेंट के एक लेबर सदस्य के रूप में जो कुछ कहा वह भी ब्रिटिश समाचार पत्रों में छपा। उन्होंने शांति निकेतन के संबंध में सरकारी नीति की भर्त्सना करते हुए इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि शांति निकेतन को सरकारी सहायता मिलना बंद हो गई है। पुलिस की ब्लेक लिस्ट में उसका नाम आ गया है और वहाँ पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता को धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं। पर ब्रिटिश समाचार पत्र बराबर रवीन्द्रनाथ ठाकुर के इस प्रकार प्रशंसक नहीं रहे।

**ब्रिटेन में गुरुदेव**

रवीन्द्रनाथ ठाकुर 1878 से लेकर 1930 के बीच सात बार इंग्लैंड गए। 1878 और 1890 की उनकी पहली दो यात्राओं के संबंध में ब्रिटेन के समाचार पत्रों में कुछ भी नहीं छपा क्योंकि तब तक उन्हें वह ख्याति नहीं मिली थी कि उनकी ओर किसी विदेशी समाचार पत्र का ध्यान जाता। उस समय तो वे एक विद्यार्थी ही थे।

**पहली पुस्तक का प्रकाशन**

जब वे तीसरी बार 1912 में लंदन गए तब तक उनकी कविताओं की पहली पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद प्रकाशित हो चुका था, अतः उनकी ओर ब्रिटेन के समाचार पत्रों का ध्यान गया। उनकी यह तीसरी ब्रिटेन यात्रा वस्तुतः उनके प्रशंसक एवं मित्र बृजेन्द्रनाथ सील के सुझाव एवं अनुरोध पर की गई थी और इस यात्रा के आधार पर पहली बार वहाँ के प्रमुख समाचार पत्र 'द टाइम्स' में उनके सम्मान में दी गई एक पार्टी का समाचार छपा जिसमें ब्रिटेन के कई प्रमुख साहित्यकार यथा डब्ल्यू.बी.यीट्स, एच.जी.वेल्स, जे.डी. एण्डरसन और डब्ल्यू.रोबेन्सटाइन आदि उपस्थित थे।

**वैज्ञानिक आंइसटीन के साथ रबीन्द्रनाथ टैगोर**

इसके कुछ दिन बाद 'द टाइम्स' में ही उनके काव्य की प्रशंसा में तीन पैराग्राफ लम्बा एक समाचार भी छपा और फिर उनकी मृत्यु के समय तक ब्रिटेन के समाचार पत्रों में उनके जीवन और कृतित्व के संबंध में कुछ-न-कुछ बराबर ही छपता रहा। इस पुस्तक से यह भी पता चलता है कि किस प्रकार परम्परागत रूप से भारत विरोधी समाचार पत्र उनके संबंध में चुप्पी ही लगाए रहे पर निष्पक्ष और भारत के प्रति सहानुभूति रखने वाले समाचार पत्रों ने बड़ी उदारता से उनके संबंध में समाचार, लेख आदि प्रकाशित किए। उदाहरणतः ब्रिटेन के कट्टर रुढ़िवादी कंजरवेटिव समाचार पत्र 'डेली टेलीग्राफ' ने उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलने की सूचना तक प्रकाशित करना उचित नहीं समझा जबकि उस दिन के अन्य सभी समाचार पत्रों में इस सूचना के साथ ही पुरस्कृत कृति 'गीतांजलि' के संबंध में वहाँ के समीक्षकों की सम्मति भी प्रकाशित हुई।

**पुस्तक गीतांजलि**

'गीतांजलि' का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अंदर लंदन से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध साप्ताहिक 'टाइम्स लिटरेरी सप्लीमेंट' में उसकी समीक्षा प्रकाशित हुई थी और बाद में आगामी तीन माह के अंदर तीन समाचार पत्रों में भी उसकी समीक्षा प्रकाशित हुई। रवीन्द्रनाथ ठाकुर को नोबेल पुरस्कार मिलने के संबंध में ब्रिटिश समाचार पत्रों में मिश्रित प्रतिक्रिया हुई। इस संबंध में 'द टाइम्स' ने लिखा था कि 'स्वीडिश एकेडेमी' के इस अप्रत्याशित निर्णय पर कुछ समाचार पत्रों में आश्चर्य व्यक्त किया गया है' पर इस पत्र के स्टॉकहोम स्थित संवाददाता ने अपने डिस्पेच में लिखा था कि स्वीडन के प्रमुख कवियों और लेखकों ने स्वीडिश कमेटी के सदस्यों की हैसियत से नोबेल कमेटी के इस निर्णय पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया है। इसी संबंध में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'मेन्चेस्टर गार्डियन' ने लिखा था कि रवीन्द्रनाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार मिलने की सूचना पर कुछ लोगों को आश्चर्य अवश्य हुआ पर असंतोष नहीं। टैगोर एक प्रतिभाशाली कवि हैं। बाद में 'द केरसेण्ट मून' की समीक्षा करते हुए एक समाचार पत्र ने लिखा था कि इस बंगाली (यानी रवीन्द्रनाथ ठाकुर) का अंग्रेजी भाषा पर जैसा अधिकार है वैसा बहुत कम अंग्रेजों का होता है।

**जलियाँवाला कांड की निंदा**

1919 में हुए जलियाँवाला कांड की जब रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने निंदा की तो ब्रिटिश समाचार पत्रों का रुख एकाएक बदल गया। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने जलियाँवाला काण्ड के विरोध स्वरूप अपना 'सर' का खिताब लौटाते हुए वाइसराय को जो पत्र लिखा वह भी ब्रिटिश समाचार पत्रों ने छापना उचित नहीं समझा। पर लॉर्ड माण्टेग्यू ने पार्लियामेंट में जब घोषणा की कि 'सर रवीन्द्रनाथ को दिया गया खिताब वापिस नहीं लिया गया है' तो यह समाचार ब्रिटिश समाचार पत्रों में अवश्य छपा। 'डेली टेलीग्राफ' ने तो व्यंग्यपूर्वक यह भी लिखा कि रवीन्द्रनाथ ठाकुर के अंग्रेजी प्रकाशक मेकमिलन्स उनके नाम के साथ अभी भी 'सर' छाप रहे हैं। 1941 में रवीन्द्रनाथ ठाकुर की मृत्यु पर ब्रिटिश समाचार पत्रों ने जो कुछ लिखा उससे जान पड़ता है मानो उनके सिर पर से एक बहुत बड़ा भारी बोझ हट गया है। एक समाचार पत्र ने उनके मृत्यु लेख में लिखा कि रवीन्द्रनाथ ठाकुर को इस बात के लिए मनाने की कोशिश की गई थी कि वे अपने 'सर' के खिताब को वापिस करने के निर्णय पर पुनर्विचार करें।

**शांतिनिकेतन, बीरभूम, पश्चिम बंगाल**

'द टाइम्स' ने हाउस ऑफ कॉमन्स की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए लिखा कि अंडर सेक्रेटरी फॉर इंडिया ने यह माना था कि उनकी पुस्तक 'रूस के पत्र' के अनुवाद में एक पूरे परिच्छेद में तथ्यों को जानबूझकर तोड़ा-मरोड़ा गया था जिससे भारत में ब्रिटिश शासन की निंदा हो। इस प्रकार तथ्यों को तोड़े-मरोड़े जाने और तरह-तरह के आरोपों के बावजूद अधिकांश समाचार पत्रों में रवीन्द्रनाथ ठाकुर के संबंध में प्रायः प्रशंसात्मक लेख ही छपते रहे। 1921 में छपे एक समाचार से पता चलता है कि रवीन्द्रनाथ ठाकुर की लंदन से पेरिस की पहली हवाई यात्रा का पूरा खर्च चेकोस्लावाकिया की सरकार ने दिया था।

**जनसंहार की प्रतिक्रियाएँ**

रबीन्द्रनाथ ठाकुर ने इस हत्याकाण्ड के मुखर विरोध किया और विरोध स्वरूप अपनी 'नाइटहुड' की उपाधि को वापस कर दिया था। आजादी का सपना ऐसी भयावह घटना के बाद भी पस्त नहीं हुआ। इस घटना के बाद आजादी हासिल करने की इच्छा और जोर से उफन पड़ी। यद्यपि उन दिनों संचार के साधन कम थे, फिर भी यह समाचार पूरे देश में आग की तरह फैल गया। 'आजादी का सपना' पंजाब ही नहीं, पूरे देश के बच्चे-बच्चे के सिर पर चढ़ कर बोलने लगा। उस दौरान हजारों भारतीयों ने जलियांवाला बाग की मिट्टी से माथे पर तिलक लगाकर देश को आजाद कराने का दृढ़ संकल्प लिया।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# दर्शनशास्त्र विभाग, बीएनएमयू, मधेपुरा के स्टडी सर्किल योजनान्तर्गत अंतिम संवाद मंगलवार को प्रो. नीलिमा सिन्हा देंगी जैविक नारीवाद पर व्याख्यान २

मधेपुरा। दर्शनशास्त्र विभाग, बीएनएमयू, मधेपुरा के तत्वावधान में 28 मार्च (मंगलवार) को अ. 2 : 30 बजे से ऑनलाइन गूगल मीट प्लेटफार्म पर जैविक नारीवाद विषयक संवाद एवं परिचर्चा आयोजित है। यह भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली के स्टडी सर्किल योजनान्तर्गत अंतिम (12वां) आयोजन है। आयोजन सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कार्यक्रम के बाद इसे अगले एक वर्ष तक जारी रखने हेतु आईसीपीआर के सदस्य-सचिव से अनुरोध किया जाएगा।

हो चुके हैं ग्यारह संवाद

डॉ. शेखर ने बताया कि बीएनएमयू, मधेपुरा में अप्रैल 2022 से स्टडी सर्किल कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। अब तक सफलतापूर्वक ग्यारह संवादों का आयोजन किया जा चुका है और इसमें देश-विदेश के सुप्रसिद्ध विद्वानों ने अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया है।

इन संवादों के वक्ता क्रमशः प्रो. रमेशचन्द्र सिन्हा (नई दिल्ली), प्रो. जटाशंकर, (प्रयागराज), प्रो. एन. पी. तिवारी (पटना), प्रो. इंदु पांडेय खंडुरी (गढ़वाल), डॉ. आलोक टंडन (हरदोई), प्रो. पूनम सिंह (पटना), डॉ. मनोज कुमार (वर्धा), माधव तुरुम्बेला (लंदन), डॉ. गोविन्द शरण उपाध्याय (नेपाल), प्रो. सच्चिदानंद मिश्र (नई दिल्ली) और प्रो. सभाजीत मिश्र (गोरखपुर) रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व में संवाद के अंतर्गत सांस्कृतिक स्वराज, गीता का दर्शन, मानवता के लिए योग, भारतीय दर्शन में जीवन-प्रबंधन, प्रौद्योगिकी एवं समाज, समाज-परिवर्तन का दर्शन, गांधीवाद : सिद्धांत एवं प्रयोग, युवाओं के लिए श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश, वैदिक दर्शन का मानवतावादी दृष्टिकोण, भारतीय दर्शन में भारतीय क्या है और हाइडेगर की दृष्टि में सत्ता एवं मनुष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो चुकी है।

मुख्य वक्ता होंगी प्रो. नीलिमा सिन्हा

डॉ. शेखर ने बताया कि मंगलवार को अंतिम संवाद के मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) नीलिमा सिन्हा होंगी। आप तथा के. एस. डी. संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा (बिहार) की पूर्व कुलपति और बी.



आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की प्रति कुलपति भी रही हैं। डॉ. शेखर ने बताया कि डॉ. सिन्हा का नाम देश के जानेमाने दार्शनिक एवं नारीवादी लेखिका में शुमार हैं। आपने कई पुस्तकों का लेखन एवं संपादन किया है। बहुचर्चित पुस्तक भारतीय दर्शन ज्ञानमीमांसा के लिए आपको अखिल भारतीय दर्शन परिषद् से पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। विभिन्न पत्रिकाओं में आपके दर्जनों शोध पत्र प्रकाशित हैं। आपने दर्जनों सेमिनार, सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं विशेष व्याख्यान कार्यक्रमों में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया है।

आईसीपीआर के पूर्व अध्यक्ष करेंगे अध्यक्षता

डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कार्यक्रम कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र जारी कर दिया गया है। तदनुसार इसकी अध्यक्षता दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व अध्यक्ष सह आईसीपीआर, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमेशचंद्र सिन्हा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के पूर्व अध्यक्ष सह अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जटाशंकर होंगे। अतिथियों का स्वागत दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना की पूर्व अध्यक्ष सह दर्शन परिषद्, बिहार की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पूनम सिंह करेंगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से टिप्पणी एवं प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया जाएगा।

## बसैठी को प्रखंड बनाने की मांग जोर पकड़ रही

रानीगंज।

ए आई एम आई एम की नेत्री शिवांगी पासवान ने उठाई मांग कहा हो रही है आम जन को भारी कठिनाई

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की नेत्री सह रानीगंज विधानसभा की चर्चित समाजसेविका शिवांगी पासवान ने कहा किसी भी विधानसभा का विकास तब तक नहीं होता है, जब तक कि सत्ता का विकेंद्रीकरण न हो। वह कहती हैं कि बसैठी का प्रखंड बनने से सबसे ज्यादा फायदा व्यापारियों, छात्रों ,महिलाओं, किसानों और आम जनता को ही होगा।

शिवांगी कहती है कि रानीगंज बिहार के अररिया जिले में एक ब्लॉक है। इसमें 32 पंचायतें हैं। यह अररिया जिले के सबसे बड़े ब्लॉकों में से एक है। संसदीय और विधानसभा क्षेत्र आदेश, 2008, क्रमांक 47 के अनुसार रानीगंज (विधानसभा क्षेत्र) निम्नलिखित से बना है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की नेत्री शिवांगी ने जिला प्रशासन से कहा कि लोगों की तकलीफ को देखते हुए बसैठी को



प्रखंड बनाने का प्रस्ताव वो सरकार को भेजे।

बसैठी को प्रखंड बनाने को लेकर वे जन संपर्क अभियान तेज कर दी है। जरूरत पड़ी तो वे जन आंदोलन भी करेगी। सात वर्ष पूर्व जिले के कई नए प्रखंड बनाने का प्रस्ताव भी दरकार को भेजा गया था किंतु उस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ रहा है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बैनर तले वे बहड़ी सरकार को जगाने हेतु चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 367 नए प्रखंड बनाने का प्रस्ताव लंबित है। ग्रामीण विकास विभाग ने 534 प्रखंडों के रहते एक दशक के दौरान 16 बिंदुओं पर विचार के साथ नए प्रखंड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रित्वकाल में कोई एक नया प्रखंड नया बना है।

## सत्ता में बैठे रावण के समान अहंकार रखने वाले लोकतंत्र का रहे हैं चीरहरण :इन्तेखाब आलम

पटना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने मौजूदा सत्ताधीश सरकार को आड़े हाथों लेता हुए तीखा प्रहार किया है। राहुल गांधी की सदस्यता छीने जाने से आहत श्री आलम ने कहा कि मौजूदा रावण की तरह अहंकार रखने वाले सरकार द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम जैसे चरित्रवान राहुल गांधी की लोकप्रियता से इतनी घबरा गई है कि पहले ईडी सीबीआई से डराने का प्रयास किया नहीं डरा पाए और सच को सुनने की साहस नहीं जुटा पा रहे हैं तो पहले लोकसभा में माइक को म्यूट करवाया फिर लोकसभा की सदस्यता छीनी गई।

मौजूदा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है जो पूंजीपतियों को बचाने के लिए और लाभ पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक नीचे गिर सकती है। इन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि



वर्तमान सरकार द्वारा अघोषित आपातकाल जारी कर दिया गया है बोलने की आजादी छीन ली गई है। मौजूदा सरकार के पूंजिपतियों दोस्तों के भ्रष्टाचार पर जो भी कुछ बोलेगा उसे यह सरकार सजा देगी। राहुल गांधी जी की सदस्यता छीनकर पुरे भारत को तानाशाह ने यह संदेश देना का प्रयास किया है कि इस सरकार के और इस सरकार के मित्रों को लेकर जो भी सवाल करेगा उसका यही हाल होगा। किसी का जब अंत समय आता है तो पहले विवेक शून्य हो जाता है ठीक उसी प्रकार मौजूदा सरकार के पतन का समय आ गया है इसलिए विवेकहीन तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। देश की जनता सब देख रही है 2024 में तानाशाह को सत्ता से उखाड़ फेंक कर देश में लोकतंत्र को बचाने का काम जनता करेगी।

## मुफ्त आंख जांच शिविर आज, तैयारी पूरी

पतरघट। पस्तपार के तारा माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को मुफ्त आंख जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।




शिविर आयोजन समिति के डॉ. संजय कुमार परमार ने बताया कि गरीब लोगों की आंख जांच के लिए पस्तपार क्रिकेट क्लब द्वारा शिविर आयोजित किया गया है। इसमें मोतियाबिंद के मरीजों का मधेपुरा में डॉ. जाहिद अख्तर और डॉ. संजय कुमार द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक आंखों की जांच की जाएगी। शिविर की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## डॉ. सुधांशु पटना रवाना, जे. डी. वीमेंस कॉलेज, पटना के व्याख्यानमाला में लेंगे भाग

मधेपुरा। जे. डी. वीमेंस कॉलेज, पटना में रविवार को आयोजित व्याख्यानमाला में भाग लेने हेतु बीएनएमयू के उपकुलसचिव अकादमिक डॉ. सुधांशु शेखर पटना रवाना हो गए हैं।



उन्होंने बताया कि व्याख्यानमाला कार्यक्रम भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध दार्शनिक प्रो. (डॉ.) रमेशचन्द्र सिन्हा की धर्मपत्नी डॉ. विजयश्री की स्मृति में आयोजित है।

उन्होंने बताया कि व्याख्यानमाला का मुख्य विषय शताब्दी वर्ष में भारत की आंतरिक एवं वैश्विक स्थित है। इसके मुख्य वक्ता पूर्व सांसद (राज्यसभा) रवीन्द्र किशोर सिन्हा होंगे। आयोजन सचिव की भूमिकाइसके आयोजन सचिव की भूमिका प्रोफेसर डॉ. वीणा अमृत निभाएंगी। इसमें मुख्य अतिथि नालंदा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में
आमंत्रित प्राध्यापक एवं
आईसीपीआर के पूर्व सदस्य सचिव प्रो. (डॉ.) गोदावरीश मिश्र, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार पद्मश्री डॉ. उषा किरण खान एवं आशीर्वचनदाता रामकृष्ण आश्रम, मुजफ्फरपुर के सचिव भावात्मानंद जी महाराज होंगे।

### पनोरमा फाउंडेशन और सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा आर्ट कंपटीशन का आयोजन 27 एवम 28 मार्च को

छातापुर। आर्ट कंपटीशन में अव्वल आने वाले छात्रों को दिया जाएगा मेडल




एवं प्रशस्ति पत्र शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले पनोरमा फाउंडेशन और सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा साइंस एग्जीबिशन और आर्ट कंपटशिन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें की सीमांचल के सभी स्कूलों के बच्चे सादर आमंत्रित हैं। साइंस एग्जीबिशन की परीक्षा 2 अप्रैल को है।

इस आशय की जानकारी देते हुए पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने बताया कि पैनोरमा पब्लिक स्कूल छातापुर में प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है। प्रवेश शुल्क निः शुल्क है। विशेष जानकारी के लिए प्रतिभागी पैनोरमा पब्लिक स्कूल रामपुर छातापुर सुपौल बिहार

संपर्क सूत्र : 8102919702 पर संपर्क कर सकते हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि साइंस एग्जीबिशन में पहला स्थान लाने वाले को ड्ड11000 , द्वितीय स्थान लाने वाले को 8000 , तथा तृतीय स्थान लाने वाले को 5000 की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी और आर्ट कंपटीशन में अव्वल आने वाले छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा

## सीमा चौकी सिकटी में ब्रजेश सिकरवार कमांडिंग अधिकारी ने सीमा क्षेत्र के विकास के मुद्दो पर की बैठक

सिकटी। सभी सीमा चौकी प्रभारी, सीमावर्ती क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि और सीमा मित्रों की रही भागीदारी सीमा चौकी सिकटी में श्री ब्रजेश सिकरवार कमांडिंग अधिकारी 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया की अगुवाई में सभी सीमा चौकी प्रभारी, सभी सीमावर्ती क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि और सीमा मित्रों के साथ सीमा क्षेत्र के विकास के मुद्दो पर सभा आयोजित की गई। इसमे समाज में फैल रही कुरीतियों, आत्मा निर्भर भारत के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण, सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं, नशा मुक्त भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ, युवतियों को केंद्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने हेतु, आजादी के अमृतमहोत्सव के अंतर्गत"४ल्ल३८" विषय पर विभिन्न कार्यक्रम व सीमा क्षेत्र के विकास हेतु अनेक मुद्दो पर विस्तृत चर्चा की गई। ताकि स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सीमा के प्रत्येक गाँवों तक सुविधाओं को सृजन हेतु इसके बारे मे प्रत्येक नागरिक को जागरूक किया जा सके और हो सके तो लोगों को सहायता प्रदान किया जा सके। इसी के साथ, महोदय ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल या किसी भी अन्य कौशल विकास प्रशिक्षण में पुरुषों की अपेक्षा महिलाये ज्यादा आगे बढ़कर भाग ले रही है हमने देखा है कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा



वर्ष 2022-23 में कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत सिलाई-कटाई प्रशिक्षण, मुर्गी पालन व ब्युटी पार्लर प्रशिक्षण चलाया गया और कार्यक्रम से बहुतायत महिलाये व युवतियां लाभान्वित हुई है वही पुरुषों के लिए दो पहिया वाहन मरम्मत प्रशिक्षण आपके सीमा क्षेत्र मे चलाये जारहे है ताकि लोगों का अर्थिक रूप से विकास हो सके और आत्मानिर्भर बन सके। इसेके साथ, आप लोग भी अपने पास में देख रहे होंगे की नाबालिक बच्चे ज्यादा नशे का शिकार हो रहे हैं जो समाज के लिए विनाशकारक है इस पर ध्यान देने की अधिकाधिक जरूरत है साथ मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि नशे से संबंधी या कोई अवैध गतिविधि आपको दिखाई दे या कहीं से सूचना मिले तो यथाशीघ्र सशस्त्र सीमा बल को सूचित करे। ताकि समय रहते उस पर अंकुश लगाया जा सके। ताकि सीमावर्ती लोगों का विकास हो सके। इसके साथ मैं आप सभी को बता दूँ कि अभी चैत्र नवरात्र और रमजान का पार्व चल रहा है आप सभी को इस पावन पार्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ साथ ही, गुजारिश करता हूं कि आपस में मिला जुल कर शान्ति पूर्ण तरीके से पर्व मनाए। इस सभा मे, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के नाम क्यामुदिन (सिकटी ब्लाक प्रमुख ) लखीचंद प्रमाणिक (उप प्रमुख प्रमुख )रामदेव पासवान बोकंत्री पंचायत मुखिया, प्रकाश पासवान सरपंच ,निरंजन कुमार विश्व हिंदू परिषद व अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे ।

## अपने नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को भाजपा नेताओं दी बधाई

अररिया। भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर नेता सहित कार्यकताओं में खुशी व्याप्त

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा पूर्व मंत्री व बिहार विधान परिषद के नेता श्री सम्राट चौधरी को बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नेता सहित कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है। जिला मुख्यालय सहित सभी मण्डलों में भाजपा के कार्यकताओं ने आपस मिठाई बांटकर एक दूसरे



को अबीर गुलाल लगाकर खुशी जाहिर करते हुए नए प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दिया। बधाई देने वालों में अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह एवं पूर्व भाजपा विधायक परमानन्द ऋषिदेव , भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ,अररिया भाजपा के जिला संयोजक सह कोषाध्यक्ष समरनाथ सिंह , भाजपा नेता आदित्य दत्ता आदि शामिल हैं।

## होली एवं छठ महापर्व में भी शिक्षकों को वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण-राकेश

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण) शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि सरकार की कथनी और करनी में कोई तालमेल ही नहीं है। हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार होली, महापर्व छठ एवं मुस्लिम भाईयों का पवित्र महिना रमजान में भी शिक्षकों को वेतन नहीं मिलना सरकार की उदासीनता को दशार्ता है।

एक ओर जहां बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग अपनी पीठ खुद थपथपाकर देश में आगे रहने की ढोल पिटती है वहीं नियोजित शिक्षकों को बीस वर्षों में कभी भी ससमय वेतन का भुगतान करने में असफल रही है।

जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि सत्ता से बाहर रहने पर यही नेता शिक्षकों के सबसे बड़ा हितैषी बनकर सदन और सड़क पर आवाज बुलंद करती है जैसे ही शिक्षकों के वोट पाकर सत्ता में आती है गिरगिट की तरह रंग बदलने में देर नहीं करती।

एनडीए और महागठबंधन के सरकार में शिक्षकों के लिए नियमावली में संशोधन तक किया गया लेकिन अमलीजामा पहनाने में दशकों लग गये लेकिन समस्या ज्यों का त्यों लटका ही रहा।



जिला सचिव दीलिप गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों को प्रतिमाह वेतन, स्थानांतरण, स्नातक ग्रेड में प्रमोशन के साथ कई ऐसे मुद्दे हैं जिसको सरकार लटका कर रखी है।

समान काम के बदले समान वेतन के मुद्दे पर सरकार बराबर सदन एवं सड़क पर भरमाते रही कि मामला उच्च न्यायालय में है जो आदेश आएगा उसे पालन किया जाएगा परन्तु कथनी के विपरित आदेश के विरुद्ध मामला को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाकर अपनी मंशा को उजागर कर दी।

जिला उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम उर्फ मुन्नाजी ने कहा कि जब भी शिक्षकों के वेतन या एरियर मद में राशि विभाग से जारी होती है मीडिया उसे तोहफा या सरकार पर वित्तिय बोझ शीर्षक से प्रकाशित करती है जो अन्य किसी विभाग या नेताओं पर होने वाले खर्च की चर्चा ही नहीं करती।

सचिव राकेश रंजन सिंह ने कहा कि जो नेता खुद दो या तीन तरह के पेंशन लेते हैं वे शिक्षकों के वेतन बढ़ाने और पुरानी पेंशन देने के विरूद्ध में खरे हो जातें हैं ऐसे दोहरे चरित्र वाले नेता राज्य की क्या तरक्की करेगें।

मीडिया प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि आज सभी दल के नेता शिक्षक विधानपरिषद एवं स्नातक विधानपरिषद निर्वाचन के लिए शिक्षकों के सम्पर्क में हैं लेकिन हिंदुओं का महान पर्व छठ में भी वेतन भुगतान कराने का प्रयास किसी ने नेता ने ईमानदारी से नहीं किया इस तरह इन सभी नेताओं की कथनी और करनी को हम समझ सकते हैं।

## रानीगंज थाना में हुई रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

रानीगंज। रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रानीगंज थाना में



आयोजित की गई इसमें रामनवमी को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए सुचारू रूप से 30 और 31 को प्रतिमा पूजन एवं 1 तारीख को भव्य शोभायात्रा निकालने को लेकर चर्चा हुई, बैठक में थाना अध्यक्ष कौशल कुमार, अंचलाधिकारी मनोज वर्णवाल, उप प्रमुख कलानंद सिंह कैलू, मुखिया संघ अध्यक्ष प्रिंस भिकटर, वार्ड पार्षद सुमन झा कृष्ण कुमार सेनानी, रामनवमी कमेटी के संचालक संजीत राज, भाजपा नेता आदित्य दत्ता, रणवीर मिश्रा, अमर सिंह आदि थे।

## शहीद का शव भूमिहारा गाव पहुंचे सबकी आँखे हुई नम,राजकीय सम्मान के साथ भावपूर्ण विदाई

**दैनिक समाज जहगरण**

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र भुमिहारा गांव में शहीद का शव पहुंचते ही गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। शहीद का पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन करने के लिए भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। तथा शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी चितरंजन सिंह का 45 वर्षीय पुत्र अमित कुमार उर्फ राकेश कुमार



सिंह पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सेना में जेसीओ के पद पर तैनात थे। जिनको पिछले दिनों सांस लेने की समस्या आई थी। जिसके बाद विभाग के द्वारा स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। इसी इलाज के दौरान बीती रात हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जिसके सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। तथा गांव के लोगों ने शहीद के शव को नगरा थाना के नजदीक पहुंचकर सम्मान पूर्वक घर लाया।

## सात दिवसीय एस एस बी के मुफ्त चिकित्सा शिविर का समापन आज

कुसाकांटा। शिविर के छठे दिन सीमा चौकी कुआरी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कटफर में लगा कैंप शनिवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2022-




23 के अंतर्गत ब्रजेश सिकरवार , कमांडिंग अधिकारी , 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन मे सात दिवसीय मुफ्त चिकित्सा शिविर के छठे दिन सीमा चौकी कुआरी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कटफर में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर व मानव चिकित्सा शिविर चलाया गया । जिसमें पी एच सी कुआरी के पशु चिकित्सक डॉ संदीप कुमार व 52वीं वाहिनी के डॉ. सानू (चिकित्सा पदाधिकारी) द्वारा सीमावर्ती गॉव के पशुओं और लोगों की निःशुल्क जाँच कर मुफ़्त दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही, चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा स्थानीय लोगों को खानपान और रहन सहन में बदलाव हेतु निर्देशित किया गया । ताकि लोग स्वस्थ्य रह सके और अपने परिवार को स्वस्थ्य रख सके। इसमे विभिन्न इलाके से आए कुल-162 मरीजों व कुल-173 (लगभग) पशु और पक्षियों (गाय, भैस, बकरी, कुत्तों और मुर्गियों) को इलाज के पश्चात दवाईयों के साथ चिकित्सा अधिकारी के द्वारा रोगों से बचाव हेतु दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय लोगों को नशा मुक्ति, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ और युवतियों को केंद्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती हेतु उनके परिजनों को जागरूक किया गया। इस मौके पर कुआरी समवाय प्रभारी उप निरीक्षक जबर सिंह, पशु चिकित्सक सहायक महेंद्र बोरो, मेडिक्स भुवाल कुमार यादव व राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त आरिफ अहसन के प्रताड़नापूर्ण कार्यशैली पर एस एम झा के नेतृत्व में एक धरना प्रदर्शन के साथ-साथ पैदल मार्च

पूर्णियां।

नगर आयुक्त आरिफ अहसन ने शहर में पिक एंड चूज का सहारा लेकर चुनिंदा लोगों को टार्गेट पर रख कर रहे प्रताडित हजारों घरों एवं दुकानों में नोटिस चस्पा पर सिर्फ और सिर्फ 61 लोगों पर चलाया निगरानी वाद स्थानीय थाना चौक पर एस एम झा के नेतृत्व में एक धरना प्रदर्शन के साथ-साथ पैदल मार्च का आयोजन किया गया।

विदित हो कि एस एम झा ने विगत दिनों नगर आयुक्त के प्रताड़नापूर्ण कार्यशैली का खुल्लमखुल्ला विरोध करते हुए कार्यवाई को रोकने हेतु उनके (नगर आयुक्त, आरिफ अहसन) खिलाफ धरना प्रदर्शन किया था जिसे आरिफ अहसन ने अपना निजी अपमान समझ लिया और श्री झा को प्रताडित करना शुरू कर दिया।

धरना पर बैठे श्री एस एम झा के ब्लॉक ए में बने ग्राउंड फ्लोर एवं ब्लॉक बी में बने कच्चा निर्माण को भ्रामक रिपोर्ट को आधार बनाकर आयुक्त आरिफ अहसन ने तीन मंजिला इमारत साबित कर 10 लाख का जुमार्ना करते हुए भवन को सील करवा दिया है।

नगर आयुक्त आरिफ अहसन ने शहर में पिक एंड चूज का सहारा लेकर चुनिंदा लोगों को टार्गेट पर रख प्रताडित करना शुरू कर दिया और शेष मालदार लोगों से अंदर ही अंदर ताबड़तोड़ उगाही का खेल रच दिया है।

हजारों घरों एवं दुकानों में नोटिस चस्पा किया जाता है लेकिन सिर्फ और सिर्फ 61 लोगों पर निगरानी वाद चलाया जाता है अन्य लोगों को कतिपय कारणों (यथाः मोटी घुस का रकम, पक्षपात, राजनैतिक दबाव आदि) का सहारा लेकर कार्यवाई से मुक्त रखा जाता है।

नगर आयुक्त, आरिफ अहसन के पक्षपातपूर्ण, भेदभावपूर्ण, प्रताड़नापूर्ण कारवाई का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए श्री एस एम झा ने मुख्य बिंदुओं को उजागर करते हुए कहा कि मेरे एक मंजिला और कच्चा निर्माण को जी+2 अथात तीन मंजिला मकान कैसे बताया गया और जुमार्ना लगाया गया? भ्रामक रिपोर्ट पर लिखित निवेदन के वाबजूद पुनःनिरीक्षण के बिना ही आदेश पारित क्यों किया गया? सौरा नदी के किनारे 10 मीटर से कम दूरी पर स्थित जी+7 भवन पर कार्यवाई क्यों नहीं की जा रही है? क्या उक्त भवन में नगर आयुक्त का पार्टनरशिप है या उन्होंने मोटा रकम लेकर छोड़ दिया।

2010 से विवादित जमीन पर अतिक्रमण कर बिना नक्शा के वने मिल्लिया इंटरनेशनल स्कूल पर कार्यवाई क्यों नहीं की जा रही है? क्या उनके संरक्षक की भूमिका निभाने हेतु घुस या पक्षपात कारण है?

रामबाग में नाला पर बने मिल्लिया कॉन्वेंट पर कार्यवाई क्यों नहीं की



गई है क्या आयुक्त महोदय का कोई खास दिलचस्पी है मिल्लिया ग्रुप के साथ?

कैथोलिक चर्च में वन रहे सेंट पीटर स्कूल पर कार्यवाई क्यों नहीं की जा रही है क्या नगर आयुक्त को चुप रहने हेतु मोटा घुस मिला है?

सौरा नदी के किनारे मिल्लिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के दर्जनों भवन बिना नक्शा के बनाए गए हैं, उन भवनों पर नगर आयुक्त की खामोशी गंभीर भ्रष्टाचार और घूसखोरी के ओर स्पष्ट इशारा है।

प्रमंडलीय कमिश्नर महोदय के आदेश की अवहेलना क्यों किया गया, प्रमंडलीय कमिश्नर महोदय ने अपने आदेश में भट्ठा के सभी मॉल और होटलों को सील करने का आदेश पारित किया था लेकिन आयुक्त महोदय ने सिर्फ रमेश अग्रवाल जी पर कार्यवाई कर अन्य को किस आधार पर (घुस या पक्षपात या पार्टनरशिप) कारवाई से मुक्त रखा है?

श्री एस एम झा ने पूर्णिया के तमाम जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, आम जनता एवं जिला प्रशासन से मांग की है किः

1.नगर आयुक्त के प्रताड़नापूर्ण कार्यशैली एवं पक्षपात पर अविलम्ब रोक लगाया जाय
2. विद्वेषपूर्ण और झूठा आदेश अविलम्ब निरस्त किया जाय
3. पीक एन चूज पर अविलम्ब विराम लगे
4. निष्पक्ष एवं पक्षपातमुक्त कार्यवाई हो
5. गरीबों, भूमिहीनों को अविलम्ब आवास मुहैया करवाया जाय
6. फुटकर विक्रेताओं को अविलम्ब दुकान दिलवाया जाय
7. मेडिकल कचरा निष्पादन का अविलम्ब व्यवस्था हो
8. 8 मंजिला अवैध निर्माण पर अविलम्ब कार्यवाई किया जाय
9. मिल्लिया ग्रुप पर अविलम्ब जांच हो।

## सड़क दुर्घटना में कटोरिया के पूर्व विधायक पप्पू यादव बाल बाल बचे गार्ड और ड्राइवर जख्मी, कार क्षतिग्रस्त

**दैनिक समाचार ग्राम कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

कटोरिया के पूर्व विधायक राजकिशोर प्रसाद उर्फ पप्पू यादवे सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे। अपने निजी कार से देवघर से दुमका होते हुए साहबगंज जा रहे थे। जामा मोड़ के पास उनकी गाड़ी हाईवा से टकरा गई। जिससे अगली सीट पर बैठे बॉडीगार्ड एवं चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। ईश्वर की कृपा से उन्हें खरोच तक नहीं आई। घटना शनिवारे सुबह 8 बजे की है । देवघर से कज रोटिया साहेबगंज जाने के क्रम दुमका जिला अन्तर्गत जामा मोड़ के निकटे आमने सामने एक ट्रक की चपेट में आ गई ।जिससे विधायक की गाड़ी क्षत विक्षत हो गई। वही चालक व बॉडीगार्ड का इलाज चल रहा है। खतरे से बाहर बताया गया । बॉडीगार्ड के चेहरे पर गहरे जख्म के निशान हैं।



## राधानगर हाट का हुआ बंदोबस्त

**समाज जागरण कटोरिया**

संवाद सूत्र,कटोरिया (बांका) : नगर पंचायत के सभागार में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सौरभ सिंह एवं कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ सिंह के द्वारा में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए राधानगर हाट का बंदोबस्ती किया गया। हालांकि पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा हाट के बंदोबस्ती को लेकर खुली निविदा का सूचना प्रकाशित किया गया था। उस सूचना के आलोक में शनिवार को राधानगर हाट का बंदोबस्त किया गया। घोरमारा गांव के मु.सलमान अंसारी के नाम से 57500 रुपये में बंदोबस्ती किया गया।

## फरार आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक जागरण कटोरिया**

सुईया पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोहटनियां गांव के शुक्कर दास के पुत्र विजय दास, अजय दास, शुक्कर दास की पत्नी बबली देवी के घर पर शनिवार को पुलिस बल के सहयोग से फरार नामजद आरोपित के घर पर इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि कोर्ट के द्वारा फरार चल रहा था। जिसको लेकर कोर्ट के आदेश प्राप्त होने पर नामजद के घर में इश्तेहार चिपकाया हैं।

## जानता दरबार में हो रहा भूमि विवाद का निपटारा

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

कटोरियाथाना परिसर में शनिवार को जानता दरवार किया। सीओ आरती भूषण, थानाध्यक्ष नीरज तिवारी एवं राजस्व कर्मचारी केसर आलम, प्रवीण कुमार द्वारा जमीन संबंधी के मामले में नया दो आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें पिछले जनता दरबार में दिये गये दो आवेदन का निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित जमीन के मामले में नोटिस जारी कर अगले जनता दरबार में हाजिर होने के लिए कहा गया।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन खेल भवन अररिया में किया गया

**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा आज दिनांक 25 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन खेल भवन, अररिया में किया गया। जिसमें माननीय महिला जनप्रतिनिधि, महिला पर्यवेक्षिका, एएनएम, ऑगनबाडी सेविका, सहायिका, आशा एवं आम महिलाओं के द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती चांदनी देवी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी श्रीमती रंजना सिंह, भूमि उप समाहर्ता फारबिसगंज सुश्री अंकिता सिंह, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्रीमती सोनी कुमारी सहित उपस्थित सभी पदाधिकारी गण एवं माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं लैगिंग उत्पीड़न से संबंधित पीपीटी के माध्यम से महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसी क्रम में पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण पखवाड़ा के दौरान एक पोषण सेमिनार/कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें पोषण संबंधी जानकारी पीपीटी के माध्यम से जिला समन्वयक, पोषण अभियान श्री कुणाल श्रीवास्तव के द्वारा दिया गया।मुख्य रूप से इस पोषण पखवाड़ा में मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी के उपयोग एवं महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मंच संचालन एवं स्वागत संबोधन भूमि सुधार उप समाहर्ता, फारबिसगंज सुश्री अंकिता सिंह ने किया। मौके पर सिविल सर्जन, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अररिया जिला, महिला विकास निगम के केन्द्र प्रशासक एवं संबंधित पदाधिकारी गण तथा कर्मी उपस्थित थे।




## जयनगर प्रखंड के वार्ड सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर किया एक दिन का भूख हड़ताल

जयनगर प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्य संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वार्ड सदस्यों ने बताया कि पूर्व की बैठक में ग्यारह सूत्रीं मांगों को लेकर एक मांग पत्र बीडीओ को सौंपा गया था। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया जिस कारण वार्ड सदस्यों को पुनः बैठक कर अगला रणनीति के लिए रुप रेखा तैयार किया गया है। इस दस दिनों के अंदर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो हम लोग 5 अप्रैल को बीडीओ एवं बीपीआरओ का पुतला दहन एवं प्रदर्शन करेगें एवं अगले दिन प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। 7 अप्रैल को एक दिवसीय भूख हड़ताल एवं 17 को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर वार्ड सदस्य बैठ जाएगें। हमारी मांगों में अनुरक्षक अनुरक्षण मानदेय वार्ड सदस्यों को सिघ्र दिया जाय, वार्ड सदस्यों का मानदेय भत्ता एवं प्रशिक्षण शुल्क जल्द ही देने, छुटे हुए वार्ड सदस्यों को प्रभार यथाशीघ्र दिलाया जाय। स्वच्छता कार्यालय कर्मी के द्वारा वार्ड सदस्यों से शौचालय के नाम पर नाजायज राशि उगाही बंद कराया जाय एवं आवेदन सभी वार्ड सदस्यों से लिया जाय।सभी पंचायतों के सभी वार्डो में चल रहे ऑगनवाड़ी केन्द्रों को वार्ड सदस्यों का अधिकार क्षेत्र में है इसी लिए पोषाहार वितरण वार्ड सदस्यों के समक्ष वितरण हो । पंचायत कार्यपालक सहायक को पंचायत भवन में ही बैठने का निर्देश दिया जाय।सात निश्चय- 2 का राशि वार्ड के खातें में दिये जाने एवं नल जल मरम्मति कार्य हेतु प्रकलन बना कर राशि वार्ड के खाते में दिये जाने समेत अन्य मांग शामिल हैं। मौके पर श्याम साह, लक्ष्मण पासवान, जगत यादव, बेचन कामत, गौरी शंकर सिंह, सोनु कुमार, पप्पू मंबेचन कामत, गौरी शंकर सिंह, सोनु कुमार, पप्पू मंडल, मो इलियास, मो मुमताज, मीरी देवी एवं चांदनी देवी समेत अन्य उपस्थित थे ।

## रामनवमी अखाड़ा को लेकर सनातन जागृति मंच चांदन की ओर से निकाली बाइक रैली

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः रामनवमी उत्सव के चौथे दिन शनिवार को बांका जिले के चांदन प्रखंड के सनातन जागृति मंच की अगुवाई में बजरंग दल के संयोग से चांदन बाजार एवं आसपास के दर्जनों गांव के हजारों सनातन भक्तों द्वारा हिंदी नव वर्ष के अवसर पर बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली सुबह 7 बजे के करीब चांदन दुर्गा मंदिर परिसर से निकाली गई। जो चांदन बाजार होते हुए सिलजोरी मोड़ एवं कांवरिया पथ के गुढ़ियारी, हड़खार, सुगा सार मोड़, होते हुए जुगड़ी आजाद नगर के रास्ते चांदन बस स्टैंड होते हुए दुर्गा मंदिर तक भव्य बाइक रैली पहुंच कर समाप्त किया। इस दौरान चांदन प्रखंड के आसपास इलाकों के सैकड़ों में भक्त शामिल होकर बाइक रैली में जय श्री राम जय हनुमान के नारों से पुरे रास्ते भक्ति मय से गुंजायमान हो उठा। इस रैली को सफल बनाने में सनातन जागृति मंच के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश बरनवाल, बबलू बाजपेई, प्रमोद शर्मा, बैजनाथ यादव, अवधेश वर्मा, एवं बजरंग दल के गौरव कुमार, एवं चिरंजीवी शर्मा, के अलावा जागृति मंच के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश बरनवाल के सुपुत्र प्रिंस प्रकाश बरनवाल, टिंकू दूबे, ने सराहनीय भूमिका निभाई। वहीं इस बाइक रैली आयोजन में चांदन पुलिस की कड़ी निगरानी रहने का योगदान रहा। ज्ञात हो कि चांदन दुर्गा मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति राम नवमी के अवसर पर हनुमान अखाड़ा जुलूस निकाला जाता है। जहां इस जुलूस में दर्जनों गांव के लोग शामिल होकर शांतिपूर्वक जुलूस का आनंद उठाते हैं। इस जुलूस आयोजन को सफल बनाने चांदन थाना पुलिस का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है। इस मौके पर जुलूस में शामिल नरेंद्र मिस्त्री आनंद कुमार संजीव कुमार विक्कू, बबलू शर्मा, राजेश बरनवाल, मिथिलेश शर्मा, मुकेश बरनवाल, हिमांशु, नित्यानंद, मिलन, प्रभात कुमार, छोटू कुमार, सोनू कुमार, विक्की पोद्दार, रितेश शर्मा, अभिषेक गौरव, अंकित पांडेय, ज्योतिष कुमार, रामलाल कापरी, चंदन पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, नरोत्तम पांडेय, झुनझुन पांडेय, के अलावा सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल होकर जय श्री राम का उद्घोष किया। वहीं इस भव्य जुलूस से प्रभावित होकर डांडी आश्रम सुगासार की ओर से सभी हनुमान भक्तों को शरबत पिलाकर आगे की ओर प्रस्थान कराया।



## पंचायत सरकार भवन को लेकर ग्रामसभा में हुआ जमकर हंगामा

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

पंजवारा पंचायत भवन में शनिवार को आयोजित ग्राम सभा की बैठक हंगामेदार रही। ग्राम सभा की बैठक मुखिया भोला पासवान एवं पंचायत सचिव राजेश कुमार रोशन की अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन निर्माण के स्थल चयन एवं लोहिया स्वच्छ ग्राम अभियान के तहत स्वच्छता कर्मी के चयन प्रक्रिया के लिए बुलाई गई थी। जिसमें पंचायत समिति सदस्य अनिल पासवान, उप मुखिया प्रेमशंकर मांझी सहित वार्ड सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हो गए थे।बैठक शुरू होते ही पंजवारा में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु स्थल चयन को लेकर हुए चर्चा में ग्रामीण एवं वार्ड सदस्य आपस मे वाद विवाद और हंगामा करने लगे।पंजवारा बाजार वासियों का कहना था कि पंचायत मुख्यालय होने के साथ ही पंचायत के 13 वार्डों में से 8 वार्ड पंजवारा गांव के अंतर्गत आता है इसलिए पंचायत सरकार भवन बनने की उपयुक्त जगह पंजवारा बाजार ही होगा।वहीं माराटीकर के ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में भी सीओ द्वारा एक सरकारी जमीन का निरीक्षण किया गया है।इस बात को लेकर ग्रामीणों के बीच हंगामे एवं शोर-शराबे को बढ़ता देख मुखिया एवं पंचायत सचिव पंचायत सरकार भवन के निर्माण की बैठक को स्थगित कर दिया।

वहीं दूसरी ओर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान हेतु स्वच्छता पर्यवेक्षक के लिए ग्रामसभा में ग्रामीणों से आवेदन लिए गए। जिसमें कुल छह आवेदकों ने इस पद के लिए आवेदन दिए।ग्राम सचिव राजेश कुमार रौशन ने बताया कि जल्द ही योग्य उम्मीदवार का चयन कर लिया जाएगा। बैठक में वार्ड सदस्य नितेश कुमार, प्रवीण भगत, प्रभात रंजन, मृत्युंजय कापरी, कामेश्वर दास, नीरज यादव ग्रामीण रमेश मंडल,मुस्तफा अंसारी, अनिल भगत, मो.आरिफ, प्रमोद पासवान ,जितेंद्र दास, नीरज कुमार ,रंजीत मंडल , दिलीप पासवान पिंटू पंडित सहित अन्य मौजूद रहे।



## राहुल गांधी को मिली सजा का तेली समाज ने किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अदालत के द्वारा 2 साल की सजा सुनाई जाने को लेकर तेली समाज ने प्रेस रिलीज जारी कर इसका स्वागत किया है। बाराहाट प्रखंड भाजपा अध्यक्ष सुभाष साह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेन्द्र साह, पंचायत समिति सदस्य रमेश साह ,नरेश रोशन, बंटी साह, सोनेलाल साह आदि ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अदालत का यह फैसला दिखाता है कि देश का कानून और संविधान सबसे ऊपर है और उसके नजर में सभी नागरिक समान है।

राहुल गाँधी ने हमारे समाज के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें की थी, उसकी हम सब ने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं। लेकिन, अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैं, वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मंशा क्या है और तेली समाज सहित सभी ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है। राहुल गाँधी अभी भी राजशाही सोच से बाहर नहीं निकले हैं? क्या हमारे समाज के खिलाफ देश के एक बड़े नेता का ऐसा निंदनीय बोलना उन्हें शोभा देता है? क्या यह देश के संविधान का अपमान नहीं है? क्या यह आत्मसम्मान के साथ जीने वाले हम सभी लोगों का अपमान नहीं है? क्या राहुल गाँधी देश से और देश के संविधान से इतने बड़े हो गए हैं कि हमें गाली देने का उन्हें अधिकार मिल गया है? माफी मांगना तो दूर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के तमाम नेता जिस तरह से इसे सही ठहराने में जुटे हुए हैं, इससे यह सिद्ध होता है कि वे हमारा अपमान ही अपना नैतिक धर्म समझते हैं। राहुल गाँधी ये मानना छोड़ दें कि वह और उनका परिवार देश से ऊपर है। यदि राहुल गाँधी और देश की जनता को लगता है कि वे देश के संविधान और देश के कानून से ऊपर हैं तो ये उनकी भूल है। राहुल गाँधी जी और कांग्रेस के नेता यदि मानते हैं कि वे अपने ही देश के नागरिक को अपशब्द कह सकते हैं तो हमें भी देश के संविधान ने आपके खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का अधिकार दिया है। हमारे समाज को गाली देना, देश के ओबीसी समाज को गाली देना आपका अधिकार नहीं हो सकता राहुल गाँधी जी। और, जब कोर्ट इसको लेकर आपको सजा सुनाती है तो आप विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते।



## गैर संचारी रोग से बचाव के लिए आशा कार्यकताओं की पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट**

बांकाःजिले में चल रहे वृत्ति वर्ष 2022- 23 में आशा कार्यकताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम गैर संचारी रोग राजकीय फामेर्सी कॉलेज बांका में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन दिनांक 25 मार्च 2023 को हो गया। समापन सत्र में उपस्थित गैर संचारी रोग के जिला पदाधिकारी राजेश कुमार, द्वितीय संचार सलाहकार, स्टेट मास्टर ट्रेनर प्रणव कुमार सिंह , सह पर्यवेक्षक गण, सामिल थे। इस वर्ष के आखरी बेच के सभी आशा कार्यकताओं को कार्यशाला के समापन के दौरान सभी लोगों ने आशाओं को बताएं कि इन गैर संचारी रोगों से बचाव हेतु अपने अपने पोषक क्षेत्र के सभी वयस्कों को इन लोगों से बचाने में आपकी जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका है। आप अपने समुदाय के स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे निचली कड़ी हैं। और जब भी स्वास्थ्य के क्षेत्र किसी भी कार्यक्रम की कल्पना की जाती है तो आप लोगों का कर्तव्य और उत्तरदायित्व की याद आती है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य ही धन की नसीहत देते हुए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशिक्षण को समापन कर दिया। विदित हो की पांच दिवसीय गैर संचारी प्रशिक्षण में स्टेट मास्टर ट्रेनर प्रणव कुमार सिंह एवं पवन कुमार सिंह एवं पंकज कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जो 21 मार्च से 25 मार्च तक चली जिसमें चांदन प्रखंड की 20 आशा कार्यकताओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को धन्यवाद ज्ञापन देकर अपने-अपने घर लौट गई। प्रशिक्षण में डायबिटीज हाई ब्लड प्रेशर ओरल कैंसर ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर आदि से जुड़े बचाव का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि गैर संचारी रोग लंबे समय तक रहने वाली बीमारी होती है ऐसी बीमारी को गैर संचारी कहते हैं, उन्होंने तंबाकू बीड़ी सिगरेट शराब आदि का प्रयोग ना करने की सलाह देते हुए क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने को कहा।



## विधायक ने किया पीसीसी सड़क का उद्घाटन

खजौली विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने शनिवार को मुख्यमंत्री ग्राम विकास योजना के तहत बनने वाली सड़क का उद्घाटन किया. भाजपा विधायक ने रजौली पंचायत के परसा गाँव में ब्रह्मस्थान से नया प्राथमिक विद्यालय दुर्गा स्थान तक बनने वाली सड़क के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सभी प्रकार के विकास के लिए सर्वप्रमुख और सबसे अधिक महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना है. उन्होंने कहा कि रजौली पंचायत के परसा गाँव में उक्त सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी. मौके पर अमरेश झा, प्रमिला पूर्वे, हरिश्चंद्र शर्मा, उधव कुँवर, नागेश्वर सिंह, नरेन्द्र राय, दुर्गा नन्द झा, तिरफुल पण्डित, श्याम पण्डित, सत्येन्द्र पण्डित समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

## चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी को लेकर थाना परिसर पर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण धोरैया संजीव कुमार पाण्डेय**

रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को धोरैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता धोरैया बीडीओ अमर कुमार मिश्रा सीओ भाई बीरेंद्र एवं थाना अध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में की गई ,

बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व शांति समिति सदस्यों से बीडीओ अमर कुमार मिश्रा ने आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ रामनवमी एवं दुर्गा पूजा पर्व मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी रामनवमी में जुलूस नहीं निकाला जाएगा एवं दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। थानेदार अशोक कुमार ने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने के लिए सभी पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य है,किसी भी हाल में रामनवमीं व दुर्गा पूजा के मौके पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। डीजे और अश्लील गाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने एवं अफवाह फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.. इस मौके पर बैठक में एस आई सुभाष कुमार,एस आई सुमन कुमार,भूषण प्रसाद, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अलोक तुषार, धोरैया मध्य क्षेत्र से जिप सदस्य बलजीत सिंह बिट्टू ,बटसार पचांयत के मुखिया रजनीश कुमार, घसिया पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव, गचिया बसबिट्टा पंचायत के मुखिया अमरेंद्र कुमार सिंह, करहरिया पंचायत समिति चंदन कुमार यादव,, कुर्मा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी गिरीश पासवान, विकास कुमार, अतेंद्र कुमार, सरपंच राकेश कुमार ऊर्फ टिंकू सिंह के अलावा दर्जनों शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।



## रामनवमी और रमजान को लेकर आंनदपुर ओपी में शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः आंनदपुर ओपी भैरोगंज थाना परिसर में शनिवार 25 मार्च को रामनवमी और रमजान को लेकर ओ पी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओ पी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पर्व लोग शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। कहीं कोई गड़बड़ी हो तो उसकी सूचना तुरंत थाने को दें। रामनवमी पर्व में डीजे साउंड का प्रयोग नहीं करें। लोग अफवाह से बचें। उन्होंने कहा कि असामाजिक किस्म के लोग सोशल मीडिया में पुरानी अफवाह वाली खबर डालकर अफवाह फैलाने का काम करते हैं। लोग ऐसे पोस्ट से बचें। अगर किसी के मोबाइल में अफवाह की खबर आए तो उसे तुरंत डिलीट कर दें। साथ ही कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि जिस गांव में रामनवमी के जुलूस निकाली जाएगी वहां के लोग आवेदन थाना को दें। और शांति और सौहार्द्र पुर्ण तरीके दोनों पर मनाए। बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों गणमान्य नागरिक के साथ जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जिसमें मुख्य रूप से दक्षिणी बारने पंचायत के भुत पुर्व मुखिया अशर्फी यादव, बालकृष्ण बरनवाल, अशोक शाह, अमित कुमार यादव, विष्णु देवदास, कली यादव, अजय कुमार, मोहन यादव, मुखिया प्रतिनिधि नरेश यादव, चंदन कुमार राय, आदित्य सिंह,मोहम्मद जाहिर अंसारी, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद थे।



## छुरा घोंप कर फर्नीचर मिस्त्री का किया निर्मम हत्या जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक जागरण संवाददाता ब्यूरो रिपोर्ट**

बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र से हत्या से जुड़े बड़ी खबर सामने आई है । जानकारी के अनुसार फुलीडुमर थाना क्षेत्र अंतर्गत जतकुटिया गांव के करीब सुनसान जंगल के बीच सड़क किनारे शनिवार को समय लगभग 3 बजे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गईं। इस हृदय विदारक घटना की सूचना मिलते ही शव को देखने आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ गई। और इस घटना की सूचना लोगों ने फुल्लीडुमर थाने को दे दिया। सूचना पाते ही फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, ए एस आई बलबीर विलक्षण, दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बांका भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक युवक को चाकू से गले में एवं शरीर के कई जगह पर गोद कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। जबकि घटनास्थल से पुलिस ने गमछा में लपेटे एक चाकू एवं मृतक के जेब से एक मोबाइल फोन तथा 1मीटर टेप बरामद किया गया है। मोबाइल बरामद होने पर पुलिस ने उसी मोबाइल से संपर्क करने पर पता चला कि मृतक तारापुर थाना क्षेत्र के कमरगामा गांव के सुबोध शर्मा का पुत्र दीपक शर्मा है। बताया जा रहा है की मृतक दीपक शर्मा फर्नीचर मिस्त्री का काम करता था। मोबाइल फोन से सम्पर्क करने से पता चला कि मृतक युवक की शादी 2 वर्ष पूर्व ही हुई थी। मृतक ब्लू टीशर्ट, लूजर पेंट एवं काले रंग का जूता पहना हुआ था। जो घर से मृतक युवक अपनी पल्सर गाड़ी लेकर निकला था। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है। फुलीडुमर थाना पुलिस मृतक युवक के हत्या के कारण हर बिंदुओं पर पता लगाने में जुट गईं हैं।



## रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर आयोजित की गई शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी**

बौंसी/बांकाः- बौंसी थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने पर बल दिया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने कहा प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा मंदिर में हो रही चैती दुर्गा पूजा को लेकर मंदिर परिसर में पुलिस बल की गश्ती व निगरानी रहेगी। बताया गया कि, शोभायात्रा निकालने से पूर्व पूजा समितियों को स्थानीय थाने से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तथा डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसकी अवहेलना करने वाले की खिलाफ कार्रवाई की जाऐगी। साथ ही कहा गया कि रामनवमी के अवसर पर जुलूस में शामिल लोगों की संख्या अधिकतम 100 होगी। साथ ही चैती दुर्गा पूजा के आयोजन एवं विसर्जन से जुड़ी जानकारी भी लेते हुए शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन संपन्न कराने का निर्देश आयोजन समिति को दिया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल भारती,व्यवसाई संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, लालू यादव, ब्रजकिशोर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विक्की मिश्रा, दिवाकर कुमार पांडे, सीताराम घोष, द्वारिका प्रसाद मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।



## विवादित बंदोबस्ती जमीन पर जल छाजन योजना से बन रहे पोखर को सिओ ने रोका

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः जल छाजन योजना के तहत विवादित भूमि पर पोखर निर्माण कराने को लेकर पिडित ने आंनदपुर ओपी में आयोजित जनता दरबार में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार कुसुम जोरी गांव के लीलो महरा पिता स्वर्गीय गोनू महरा को 5 नवंबर 1969 को सरकार द्वारा बंदोबस्ती भूमि दिया गया है जिसका रकबा 1 एकड़ 20 डिसमिल है जो खाता संख्या 32 खसरा 700 अंकित है। भूमि मालिक लीलो महरा की पत्नी सविया देवी ने बताई कि सरकार द्वारा बंदोबस्ती जमीन मिला है जो लगभग 50 वर्षों से रवि फसल उगा कर परिवार का भरण पोषण करते आ रहा हूं। उस भूमि का राजस्व रसीद भी मेरे पति के नाम से कट रही है। बावजूद सोंतारी गांव के मनबढ़ू किस्म लोगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया है। उस बन्दोबस्ती जमीन पर जाने से सोंतारी गांव लोग जान मार देने की धमकी देते हैं। इतना ही नहीं उन लोगों ने इस जमीन से बेदखल करने की मंसूबा से जल छाजन योजना के तहत जबरन पोखर खुदाई का कार्य कर रहा है।मना करने पर जान से मार देने की धमकी देते हैं। इधर इस मामले को लेकर आंनदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने विवादित भूमि का मामला दर्ज कर लिया। जिसकी सूचना पर चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य ने संज्ञान में लेकर राजस्व कर्मचारी मनीष कुमार को जांच हेतु भेज कर पोखर निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों का कागजात जांच करने के बाद पोखर निर्माण किया जाएगा। बताया जा रहा उक्त बंदोबस्ती जमीन का राजस्व रसीद दोनों पक्षों को प्राप्त है। जो जांच करने का विषय है।



## सिलीगुड़ी में दो बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण:सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

गुप्त सूचना के आधार पर भक्तिनगर थाना की पुलिस ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम रतन मंडल (33) और मानिक मंडल (31) है। सूत्रों के अनुसार रतन और मानिक दोनों करीब छह महीने पहले बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। उसके बाद दोनों भक्ति नगर थाना अंतर्गत हैदरपाड़ा इलाके में किराए के मकान में रहने लगे। दोनों विधान मार्केट में प्रिंटर का काम करते थे। दोनों पिछले छह माह से पहचान छिपाकर सिलीगुड़ी में रह रहे थे। लेकिन इसकी सूचना किसी को नहीं थी। इधर, भक्ति नगर थाना के सादे पोशाक की पुलिस को गुप्त सूत्रों से इसकी सूचना मिल गई। जिसके बाद शुक्रवार की देर रात को पुलिस ने रतन और मानिक को पायल सिनेमा ट्रैफिक प्वाइंट के पास से हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों से पुलिस ने भारत में आने के लिए वैध कागजात दिखाने को कहा, जो दोनों नहीं दिखा पाया। जिसके बाद भक्ति नगर थाना की पुलिस ने दोनों को गैर कानूनी रूप में से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को



## झिंगाकांटा को मिला पंचायत सरकार भवन, डीएम ने किया उद्घाटन

**राहुल: दैनिक समाज जागरण**

बहादुरगंज के झिंगाकांटा इस्तमरार पंचायत में नव निर्मित पंचायत सरकार भवन का डीएम श्रीकांत शास्त्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया है. मौके पर पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे. डीएम ने उद्घाटन के उपरांत बताया कि झींगाकांटा पंचायत में पंचायत सरकार बन जाने से स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत पंचायत स्तरीय कर्मियों को अपना कार्यालय मिल गया. पंचायत के लोगो को सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में अब और अधिक सहूलियत होगी. नव निर्मित पंचायत सरकार भवन में आरटीपीएस कार्यालय समेत मीटिंग हॉल की भी सुविधा है।सुसज्जित कार्यालय ,प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध है.



## सामुदायिक पुस्तकालय- सह-कैरियर विकास केंद्र की नव स्थापना

**राहुल: दैनिक समाज जागरण**

+2 रसल उच्च विद्यालय बहादुरगंज में जीविका के माध्यम से सामुदायिक पुस्तकालय- सह-कैरियर विकास केंद्र की नव स्थापना की गई है. विद्यालय में नवस्थापित पुस्तकालय का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर किया गया. पुस्तकालय को काफी आकर्षक और भव्य तरीके से सुसज्जित किया गया है. मौके पर डीएम ने पुस्तकालय की महत्ता एवम उपयोगिता पर प्रकाश डाला. उन्होंने इसे विद्यार्थियों के हित में प्रभावशाली बनाए रखने हेतु निर्देश दिया।बच्चो के करियर में पुस्तकालय का योगदान निश्चित रूप से प्राप्त होता रहे. जीविका को इसी समर्पण से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है. नव स्थापित पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए प्रतियोगी मैगजीन, पुस्तके,समसामयिकी पर भी सामग्री उपलब्ध कराया गया है. डीएम ने पुस्तकालय के अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों से अपील किया है ताकि उनके करियर को नई उड़ान प्राप्त हो सके. अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुभाष कुमार गुप्ता, अनुमंडलाधिकारी अमिताभ कुमार गुप्ता, डीपीएम जीविका, एरिया कॉर्डिनेटर, विद्या दीदी, जीविका दीदी, प्राचार्य, शिक्षक व अन्य मौजूद थे.



## राहुल गांधी को सांसद पद वापस देने की मांग पर सिलीगुड़ी में कांग्रेस ने उठाई आवाज

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

राहुल गांधी के सांसद पद को जल्द से जल्द वापस करने की मांग में दार्जिलिंग जिला कांग्रेस विरोध प्रदर्शन किया है। आज संगठन के महासचिव जीबन मजुमदार के नेतृत्व यह विरोध प्रदर्शन किया गया।
इस दौरान हाशमी चौक स्थित पार्टी कार्यालय से एक रैली निकाली गई ।यह रैली शहर के मुख्य सड़कों की परिक्रमा की। बाद में हाशमी चौक पर विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी फूंका गया। संगठन के महासचिव जीबन मजुमदार ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। देश के सत्ताधारी भाजपा विपक्षी सांसदों के पदों को खारिज कर रही है। अगर जल्द से जल्द राहुल गांधी का सांसद पद वापस नहीं किया गया तो वह आने वाले दिनों में धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।



## 71वाँ अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैम्पियनशिप में रानीडांगा एसएसबी की महिला टीम दूसरे स्थान पर।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : 71वाँ अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैम्पियनशिप में रानीडांगा एसएसबी की महिला टीम दूसरे स्थान पर रहा। रानीडांगा पहुंचने पर कोच व महिला टीम का जोरदार स्वागत करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दिया। उल्लेखनीय है की 71वाँ अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैम्पियनशिप श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में आयोजित किया गया। जिसमें समूह ए में सीआरपीएफ, एसएसबी, झारखंड पुलिस, मणिपुर पुलिस तथा बी समूह में असम राइफल्स, तमिलनाडु पुलिस, उड़ीसा पुलिस, जम्मू कश्मीर पुलिस की महिला टीम हिस्सा लिए। बताया गया की फुटबॉल कोच सहायक सेनानायक ओकराम कुल्ला सिंह और एएसआई जीडी अनिंदा शासमल के नेतृत्व में रानीडांगा एसएसबी की महिला फुटबॉल टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। एसएसबी की महिला टीम ने लीग मैच में बेहतर खेलते हुए सीआरपीएफ को 3 - 2 से हराया। इसके बाद झारखंड को 2 - 0 से तथा मणिपुर को 3 - 0 से मात देते हुए ग्रुप चैंपियन के रूप में सेमी - फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तत्पश्चात एसएसबी की महिला टीम ने उड़ीसा पुलिस को सेमीफाइनल में 4 - 0 से हराकर फाइनल में पहुंचे। फाईनल मैच काफी संघर्षपूर्ण व रोमांचक रहा। संघर्षपूर्ण व रोमांचक फाईनल मैच में एसएसबी की महिला टीम असम राइफल्स की महिला टीम से 3-1 से हार गई। एसएसबी के महिला टीम दूसरे स्थान पर रही। रानीडांगा पहुंचने पर महिला टीम को सभी सदस्यों व कोच को बधाई व शुभकामनाएं दिया गया।

## वीर कुंवर सिंह बस पड़ाव का सौंदर्यीकरण होगा

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। नगर परिषद क्षेत्र स्थित वीर कुंवर सिंह बस पड़ाव में सौंदर्यीकरण एवं स्वरोजगार योजना के निमित्त मुख्य पार्षद के नेतृत्व में तकनीकी कर्मचारियों के साथ वार्ड पार्षद स्थल निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया गया। जिसमें वार्ड पार्षद सुशांत गोप, कलीमुद्दीन, देवेन यादव एवं नगर परिषद कनीय अभियंता अबू बकर अभिषेक तथा अमीन कमलेश मौजूद रहे। वही मुख्य पार्षद इंद्रदेव पासवान कहें जल्द सौंदर्यीकरण कार्य शुरू होगा।

## जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम हुआ आयोजन

**राहुल: दैनिक समाज जागरण**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत बहादुरगंज प्रखंड के भाटाबाड़ी पंचायत स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है. स्थानीय ग्रामीणों की अप्रत्याशित भीड़ के बीच पूरा समाहरणालय किशनगंज भाटाबाड़ी पंचायत के उच्च विद्यालय में कार्यरत है. सभी योजनाओं का लाभ ऑन स्पॉट प्राप्त किया जा सकता है. कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ डीएम श्रीकांत शास्त्री के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर डीडीसी मनन राम समेत जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी उपस्थित हैं. शिविर में 35 प्रकार की विभिन्न विभागीय योजनाओं यथा आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, राजस्व, श्रम,मनरेगा,आईसीडीएस,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (नल जल योजना), पंचायत राज, अल्पसंख्यक कल्याण(अल्पसंख्यक रोजगार ऋण, मुस्लिम परित्यकता योजना)कृषि, पशुपालन, बैंक, मत्स्य, कबीर अंत्येष्ठि योजना,आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त, शिक्षा, उद्योग, सहकारिता, आरटीपीएस (जाति ,आवासीय, आय), मेडिकल कैंप, बाल संरक्षण,अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग का स्टॉल लगाया गया है. संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित हैं. जिला प्रशासन आपके द्वार शिविर में स्थानीय जन प्रतिनिधि ने भी उपस्थित होकर लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया. इस विशेष शिविर में जिला सेवा प्रदान करने के अतिरिक्त जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को डीएम शास्त्री द्वारा सुना जा रहा है. डीएम के द्वारा ऑन स्पॉट समस्या की समाधान भी किया जा रहा है. भाटाबाड़ी पंचायत एवं आसपास के ग्रामीण शिविर में अवश्य पहुंचे. यहां स्वास्थ्य जांच भी किया जा रहा है,आईसीडीएस पोषण योजनाएं की प्रदर्शनी लगाई गई है और विभिन्न प्रकार के कार्ड भी निर्गत किए जा रहे है.




## सिलीगुड़ी सहर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए नगर निगम ने चलाए अभियान।

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

1 जुलाई 2022 से पूरे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिलीगुड़ी नगर निगम ने सिलीगुड़ी को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए कई कार्यक्रम और अभियान चलाए हैं।
हालांकि, निगरानी में ढील के कारण प्लास्टिक का उपयोग बढ़ गया है। इस बार नगर निगम ने शहर में प्लास्टिक के मुख्य स्रोत को बंद करने का विचार किया है। शहर में प्लास्टिक के प्रवेश करने के रास्ते पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। आज जागरूकता अभियान के दौरान मेयर गौतम देव ने ऐसे ही जानकारी दी है। बताया गया है आज मेयर गौतम देव ने नगर निगम के डिप्टी मेयर रंजन सरकार, नगर निगम के सफाई और कचरा विभाग के मेयर परिषद माणिक दे, मेयर परिषद शिक्ता दे बसु राय, चार नंबर बोरो चेयरमैन जयंत साहा और 27 नंबर वार्ड के पार्षद प्रशांत चक्रवर्ती को लेकर डीआई फंड मार्केट और महाबीरस्थान के विभिन्न बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों पर प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील के साथ ही जागरूकता के स्टीकर भी लगाए गए। इस संबंध में मेयर गौतम देव ने कहा कि इस तरह की पहल पहले की गई थी। हालांकि, इस बार व्यवसायियों को पहले आवेदन दिया जा रहा है। इसके बाद भी अगर वे लोग प्लास्टिक कैरीबैग का इस्तेमाल करते हैं तो उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक के मेन सोर्स और शहर में प्लास्टिक के प्रवेश को रोकने पर भी ध्यान दिया जाएगा।
वहीं, व्यवसायी मेयर की इस तरह की पहल की सराहना करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बाजार या दुकानों में जागरूकता अभियान से ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने प्लास्टिक के मुख्य स्रोत को बंद करने की बात कही।



## असुविधा : गलगलिया इंडो-नेपाल सीमा पर सड़क का अतिक्रमण कर लगती हैं दुकानें।

### प्रशासन है मौन, आवागमन में हो रही परेशानी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । गलगलिया के इंडो-नेपाल सीमा पर अवस्थित बाजार में फुटपाथ विक्रेता द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाने व पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । लेकिन समस्या समाधान के मद्देनजर प्रशासन का मौन रहना समझ के परे है ।
भातगाँव ग्रामपंचायत वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो0 जाबिर ने बताया कि गलगलिया के इंडो-नेपाल सीमा पर अवस्थित बाजार वार्ड नंबर एक के अंतर्गत आता है । उन्होंने बताया कि कई लोगों ने आग्रह किया कि इस बाजार में फुटपाथ विक्रेता द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाया जाता है । साथ ही साइकल व बाइक पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है । मद्देनजर सीमावर्ती सड़क होने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । साथ ही सड़क दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है । समस्या को देखते हुए वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो0 जाबिर द्वारा फुटपाथ विक्रेता को दुकान लगाने हेतु जगह उपलब्ध करवाई गई । लेकिन उपलब्ध करवाई गई जगह में दुकान लगाने के वजाय कई फुटपाथ विक्रेता मुख्य सड़क का ही अतिक्रमण कर दुकान लगाते हैं, जिससे कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होती है और आम लोगो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस दौरान किसी भी तरह की सड़क दुर्घटना जैसी किसी अनहोनी से इन्कार नहीं किया जा सकता । लेकिन शायद संबंधित प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है ।
गलगलिया के इंडो-नेपाल सीमा पर अवस्थित बाजार के स्थायी विक्रेता नूर आलम, मो0 महफूज, डॉ समादार, मदन पासवान आदि ने बताया कि प्रशासन के ध्यान नहीं देने के कारण फुटपाथ विक्रेता द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाया जाता है । साथ ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राहक सड़क पर ही अपनी बाइक व साईकल पार्किंग करते हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है । उन्होंने बताया कि विशेषकर शनिवार को काफी संख्या में नेपाल के ग्राहक इस बाजार में खरीददारी हेतु आते है । नूर आलम ने बताया कि नेपाली ग्राहकों के कारण ही इस बाजार का अस्तित्व टिका हुआ है । लेकिन सबंधित प्रशासन के मौन रहने के कारण फुटपाथ विक्रेता द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाया जाता है । साथ ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सड़क पर ही बाइक व साईकल पार्क करते है । समस्या समाधान हेतु सबंधित प्रशासन को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है ।
बताते चले कि शनिवार के दिन इस मार्केट में नेपाल से लगभग एक हजार लोग बाइक से व पांच हजार से अधिक लोग साईकल तथा पैदल मार्केटिंग हेतु आते हैं।



डॉ समादार






वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो0 जाबिर



महफूज आलम



नूर आलम

## टेढ़ागाछ में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ

**वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

श्रवण कुमार की भूमिका में परम पूज्य गुरुदेव द्वारा लिखित सद ग्रंथ का वितरण एवं वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु पौधे का वितरण अत्यंत ही मानव जीवन के लिए कल्याणकारी कदम है। इससे प्रेरणा लेकर जन-जन को यह कार्य करने में उत्साह होना चाहिए। श्री श्यामानंद झा राष्ट्रीय पुरूस्कार विजेता।बताते चलें कि आमबाड़ी सुहिया टेरागाछ में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ के शुभ अवसर पर यज्ञ सफल कराने हेतु शान्ति कुंज हरिद्वार तीर्थ से पधारे टोली नायक एवम उनके सहयोगी के साथ यज्ञ कमिटी के सदस्यो को ट्रस्टी श्री तेजनारायण जी के साथ जिला परिषद् सदस्य श्री मति खुशो देवी को प्रशाखा गायत्री परिवार एस के मेंशन शिवगंज धाम शिवमन्दिर बहादुरगंज किशनगंज के व्यस्थापक कमलेश कुमार अधिवक्ता के द्वारा मां गायत्री मंत्र चादर एवम मंत्र पट्टा से सम्मानित करते हुए परम् पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित सैकड़ो साहित्य यज्ञ स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु को निःशुक्ल समर्पित करते हुए परम् पूज्य के सन्देश को जन- जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। साथ ही वृक्ष भाई श्री राकेश जी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु यज्ञ स्थल के निकट विद्यालय परिसर में नीम, बेल आंवला आदि पौधा रोपण स्थानीय यज्ञ कमिटी के सदस्यो के सहयोग से किया गया।
श्री कमलेश कुमार अधिवक्ता ने कहा यह सब कार्य मेरे गुरूदेव श्री श्यामानंद झा जी के प्रेरणा से ही संभव हो पाता है। इस अवसर पर श्री मति खुशो देवी जिला परिषद् सदस्य, देव दास, श्री संजय पासवान, लखन लाल पण्डित पुरण मांझी के साथ स्थानीय गायत्री परिवार परिजन उपस्थित रहे।



## 500 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार।

**उत्तम सिंह : संवाददाता: दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

500 रुपए के लालच में दोस्त के कहने पर अपनी जीवन दांव पर लगा कर मादक तस्करी करने जाकर युवक पुलिस के चंगुल में खुद फंस गया। सिलीगुड़ी के जंक्शन के पास मादक तस्करी करने से पहले ही एसओजी और प्रधान नगर थाना की पुलिस की संयुक्त अभियान चलाकर दो युवकों को मादक तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम अहमद मसूरी (24) और आदित्य सिंह (19) है। ये दोनों सिलीगुड़ी के एक नंबर वार्ड के रहने वाले हैं।
जानकारी मिली है कि अहमद मसूरी नशा का आदी है। उसके पास मालदा से कोई ब्राउन शुगर तस्करी के लिए सिलीगुड़ी में भेजा था। इसके बाद अहमद मसूरी ने ब्राउन शुगर की तस्करी के लिए अपने पड़ोस में रहने वाले आदित्य सिंह नामक एक युवक को मोहरा बनाया और उसे जंक्शन में ब्राउन शुगर की डिलीवरी करने के बदले 500 रुपए देने की बात कही। जिसके बाद रुपए के लालच में आकर 12वीं कक्षा का छात्र आदित्य सिंह स्कूटी से ब्राउन शुगर देने के लिए जंक्शन पहुंचा। लेकिन इसकी खबर मिलते ही एसओजी और प्रधान नगर थाना की पुलिस संयुक्त रूप से जंक्शन में अभियान चलाकर पहले आदित्य सिंह को रोककर उसकी तलाशी ली।
इस दौरान स्कूटी के डिक्की से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके बाद उससे पूछताछ करके अहमद मसूरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी की डिक्की से 500 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। जिसकी बाजार कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई है। प्रधान नगर थाना ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आज दोनों आरोपियों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।




## बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**राहुल: दैनिक समाज जागरण**

बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण का कार्य दिनांक 15 अप्रैल से 15 मई 2023 तक निर्धारित है. बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का समापन जिला परिषद सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया. इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता-सह - अपर जिला गणना पदाधिकारी अनुज कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता रंजीत कुमार जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं संबंधित चार्ज पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस चरण में प्रत्येक परिवार/व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक आंकड़े प्रपत्र और मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से एकत्रित किये जायेंगे. गणना प्रपत्र में परिवार से आंकड़े लेकर उस परिवार के प्रधान का हस्ताक्षर प्राप्त करने के उपरांत सभी आंकड़े मोबाईल एप में प्रविष्ट किये जायेंगे. मोबाईल ऐप से यह आंकड़ा स्टेट डाटा सेंटर के सर्वर पर एकत्रित होगा जो बिहार जाति आधारित गणना पोर्टल पर देखा जा सकेगा. जिलास्तर पर प्रशिक्षण के उपरांत फील्ड मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रखंडों में प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे. पूर्व में प्रविष्ट किए गए डाटा को पुनः सत्यापन कर त्रुटि रहित डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों का प्रसंस्करण और प्रतिवेदन, ग्राफ, विवरणी आदि का निर्माण भी इसी पोर्टल से होगा. गणना प्रपत्र और मोबाईल ऐप पर प्रत्येक परिवार के लिए एक ही क्रमांक होंगे. गणना के बाद सभी प्रपत्र को स्कैन कर मोबाईल के आंकड़े से टैग कर सॉफ्ट कॉपी में रख लिया जायेगा.

जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि भली भांति प्रशिक्षण लेकर अपने अधीनस्थ को प्रशिक्षित करेंगे ,यदि कोई शंका या सवाल है तो निराकरण अवश्य करवा लेंगे. प्राथमिकता के आधार पर त्रुटि रहित जाति आधारित गणना सुनिश्चित कराएंगे.

उन्होंने कहा कि स्टेट लेवल तथा डिस्ट्रीक्ट लेवल से प्राप्त अद्यतन दिशा-निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करें. फिल्ड में कार्य करने वाले प्रगणकों, पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेते रहें.

अपर प्रधान गणना पदाधिकारी अनुज कुमार ने प्रशिक्षण सत्र में बताया कि ये प्रशिक्षण 23 मार्च से 25 मार्च तक जिला स्तर पर प्रदान किया गया है. इसमें 25 मार्च को बहादुरगंज और ठाकुरगंज प्रखंड तथा बहादुरगंज,ठाकुरगंज,पौवाखली नगर निकाय के जिला स्तरीय पदाधिकारी के अतिरिक्त चार्ज पदाधिकारी समेत फील्ड ट्रेनर, आईटी सहायक आदि को भी प्रशिक्षण दिया गया.

जाति आधारित गणना 2022 के द्वितीय चरण (जो 15 अप्रैल से 15 मई तक की जानी है) का प्रशिक्षण बैचवार दिया गया है. प्रशिक्षण सत्र में 25 मार्च तक सभी प्रखंड और नगर निकाय के चार्ज पदाधिकारी, फील्ड ट्रेनर तथा आई०टी० सहायक द्वारा भाग लिया गया है. प्रशिक्षण में बिहार जाति आधारित गणना प्रपत्र की जानकारी दी गई. इस प्रपत्र में चार भाग है. लोकेशन कोड विवरणी गणना संकलन, कोड एवं विकल्प तथा परिवार के किसी सदस्य द्वारा घोषणा की जानकारी दी गई. प्रपत्र के भाग दो में कुल 17 प्रकार के प्रश्न है, इसकी जानकारी प्रशिक्षण के समय दी गई. द्वितीय चरण में मोबाईल ऐप का भी उपयोग किया जाना है इससे संबंधित जानकारी भी आई०टी० प्रबंधक द्वारा दी गई. बता दें कि परिवार के मुखिया और अन्य सदस्य के जाति निर्धारण,उनके कार्यों, लोकेशन की एंट्री पर विस्तृत जानकारी दी गई है. समापन सत्र में डीएम ने कई पदाधिकारियों के तकनीकी कारणों से अनुपस्थिति पर एक अतिरिक्त प्रशिक्षण तिथि 28 मार्च निर्धारित करने का निर्देश दिया है. प्रशिक्षण सत्र में लिखित सामग्री के साथ प्रशिक्षण पावर प्वाइंट प्रस्तुति के द्वारा 23 मार्च से 25 मार्च तक प्रदान किया गया है.



## महानंदा नदी से दिन दहाड़े हो रही है बालू खनन! रोक के बावजूद ।पुलिस को देखकर भागे तस्कर।

उत्तम सिंह: संवाददाता:दैनिक समाज जागरण:सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग): महानंदा नदी से बालू खनन पर रोक के बावजूद धड़ल्ले से बालू का खनन हो रहा है। पहले यह काम रात के अंधेरे में होता था, लेकिन अब तो दिनदहाड़े हो रहा है।
ज्ञात हो कि पिछले माह माटीगाड़ा के बलासन नदी में बालू का टीला ढ़हने से तीन किशोरों की मौत हो गई थी। साथ ही गुरूवार को रात के अंधेरे में बालू तस्करी रोकने की कोशिश कर रही पुलिस की गाड़ी में आग लगाने की घटना घटी थी।
इसी बीच आज फांसीदेवा ब्लॉक के भुरियाखाली इलाके में महानंदा नदी से दिन के उजाले में बालू चोरी होने की घटना से सनसनी फैल गई। नदी से बालू चोरी होने की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने क्षोभ प्रकट किया है।
आरोप है कि उत्तर दिनाजपुर जिले के बालू माफिया दार्जिलिंग जिले में प्रवेश कर रहे है। दोनों जिलों के बीच बहने वाली महानंदा नदी से दिन में ही बालू की चोरी हो रही है। जिससे नदी संलग्न इलाकों की जमीन उजड़ रही है। साथ ही जमीन की पानी भी सूख रही है। घटना का विरोध करने दौरान बालू माफियाओं ने स्थानीय लोगों पर हमला किया था। निवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि दार्जिलिंग जिला पुलिस घाट इलाके में निगरानी रखती है, लेकिन उत्तर दिनाजपुर के पुलिस घाट पर निगरानी नहीं रखती है।
शनिवार को भी दिन के उजाले में बालू की तस्करी की जा रही थी,लेकिन इसकी खबर मिलते ही जब दार्जिलिंग जिले के विधाननगर जांच केंद्र की पुलिस मौके पर पहुंची तो तस्कर मौके से फरार हो गये।



## पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले करने के आरोप में दो खनन माफिया गिरफ्तार

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : खनन माफिया द्वारा पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले करने के मामले में पुलिस ने दो खनन माफिया को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम आशीष बाकला (25) व संजय तिर्की (32) है। आशीष बाकला पथर हरहरिया व संजय तिर्की भरियाडांगी का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। यहां से कोर्ट ने दोनों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर इसमें शामिल गिरोह को पकड़ने की कोशिश कर रही है। यहां उल्लेखनीय है कि गुरुवार की रात को अंधेरे में चेंगा नदी में बालू व पत्थरों की तस्करी की जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची। आरोप है कि बालू तस्करों को रोकने की कोशिश में खनन माफिया ने पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद शुक्रवार की देर रात पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले करने के आरोप में पुलिस ने उक्त दोनों खनन माफिया को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इसमें शामिल गिरोह की पकड़ने की कोशिश कर रही है।




## कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बर्खास्तगी के विरोध में धरना व विरोध प्रदर्शन।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : फांसीदेवा घोषपुकुर यूथ कांग्रेस ने लोकसभा सांसद व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बर्खास्तगी के विरोध में धरना व विरोध प्रदर्शन किया। इस दिन यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने फांसीदेवा के घोषपुकुर स्थित पार्टी कार्यालय से विरोध मार्च निकाला। नेशनल हाईवे पर धरना-प्रदर्शन के दौरान पुलिस और यूथ कांग्रेस के बीच तनाव हो गया। मोदी के पुतले को लेकर पहले पुलिस और यूथ कांग्रेस के बीच हाथापाई हुई और फिर नेशनल हाईवे पर बसें रोके जाने पर तनाव हो गया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित तिवारी ने कहा कि मोदी के खिलाफ गुस्सा जारी रहेगा। वे लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं। और टीम बी पुलिस दीदी और मोदी की सहमति से काम कर रही है। इस दौरान पूर्व विधायक सुनील चंद्र तिर्की सहित अन्य मौजूद रहे।



# हिमाचल सरकार ने सभी सुझाव सुने, अब एक्शन से लाएगी परिणामः बोले बागवानी मंत्री

**शिमला-टीना ठाकुर-**

दैनिक समाज जागरण हिमाचल डेस्क*प्रदेश सरकार सेब उत्पादन एवं इससे जुड़े उद्योग के विकास के लिए सेब उत्पादकों, आढ़तियों, शीत भंडारण मालिकों तथा अन्य हितधारकों के सभी सुझावों पर चर्चा कर आवश्यक कदम उठाएगी। आगामी सेब सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए जाएंगे। राज्य सरकार ने सभी सुझाव सुनने की पहल की और अब एक्शन से परिणाम लाएगी। यह जानकारी बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज यहां प्रदेश के सेब उत्पादकों, आढ़तियों, शीत भंडारण मालिकों तथा अन्य हितधारकों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसनीत सरकार सदैव प्रदेश के किसानों व बागवानों के हितों के लिए कार्य करती आ रही है तथा भविष्य में भी बागवानों के हितों की रक्षा करना हमारा दायित्व रहेगा। हमने सेब उद्योग के सभी हितधारकों के मुद्दों, समस्याओं व सुझावों को धैर्यपूर्वक




सुना है। सरकार ने सभी को अपना पक्ष रखने का उचित मौका दिया है। अब हम आवश्यक निर्णय लेकर सभी लोगों को लाभ प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

बैठक के दौरान पैकिंग मानकों के कार्यान्वयन, सेब व्यापार, परिवहन, सेब उत्पाद के किराए, सब्जी मंडियों के बाहर व्यापार, यूनिवर्सल कार्टन, किलो के हिसाब से सेब खरीद, विधिक मापविज्ञान अधिनियम, ब्रांडेड कीटनाशकों की उपलब्धता और विशेष जांच दल पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पैकिंग मानकों से पूर्व किए जाने वाले कार्य, सेब व्यापार के लिए लाइसेंस प्राधिकरण तथा पैकेजिंग मानकों के कार्यान्वयन में कृषि उत्पाद एवं विपणन सीमित अधिनियम की भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर विधायक रवि टीडी ठाकुर, पूर्व विधायक राकेश सिंघा, सचिव बागवानी अमिताभ अवस्थी, सचिव कृषि राकेश कंवर, विभिन्न किसान व बागवान, आढ़ती तथा सेब उद्योग से जुड़े अन्य हितधारक संगठनों के प्रतिनिधि और बागवानी विभाग, हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद एवं विपणन सीमित, कृषि उत्पाद एवं विपणन सीमित के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

## बेबाक राजनीति के सिकंदर हैं सुक्खू सीएम हिमाचल -

# जहां से शुरू हुआ ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का राजनीतिक सफर, वहीं बने मुख्यअतिथि आज हैं सीएम हिमाचल

**दैनिक समाज जागरण सीपी एच एडिटर चंडीगढ़ एवम शिमला ब्यूरो टीना ठाकुर**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने जीवन के 17 वर्ष की आयु में छात्र राजनीति में कदम रखते हुए पहली बार राजकीय महाविद्यालय संजौली में कक्षा प्रतिनिधि (सीआर) का चुनाव लड़ा और जीता। इसके उपरांत वह पुनः कक्षा प्रतिनिधि चुने गए। वह संजौली और कोटशेरा कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर भी निर्वाचित हुए। उस समय दोनों कॉलेज का एक ही अध्यक्ष हुआ करता था।

छात्र राजनीति में एन एस यू आई के पदार्पण के बाद ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक राजनीति की सीढ़ियां चढ़ते गए। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के ऐसे प्रिय बने कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खास किरदार बन कर हिमाचल राजनीति में प्रतिस्पर्धा में राजनीति के कई उतार चड़ाव से भी वे उभरे।उन्हे प्रियंका गांधी का भी खासा स्पोट मिलता रहा है वे सोनिया गांधी के भी प्रिय कांग्रेस सैनिक रहे हैं।

साधारण परिवार में पले बढ़े घर परिवार में सबसे अलग किरदा में वे रहे। जनसेवा भावना उनमें काफी उत्साह से भरपूर रही जिससे वे लोगों में लोकप्रिय होते गए।

वे नगर निगम शिमला के दो बार पार्षद रहने के बाद उन्होंने नादौन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और अच्छी टक्कर से विजय होकर विधायक बने।

हिमाचल में राजकीय महाविद्यालय संजौली के सभी छात्रों के लिए यह गर्व का विषय है कि उनके ही बीच




से निकलकर एक विद्यार्थी आज राज्य के मुख्यमंत्री पद पर सुशोभित है। 59वर्ष के होने पर उन्हें श्रेष्ठ उपलब्धियों की शुभकामनाएं देते हैं।

उत्साह से भरपूर सीएम सुक्खू ने अपनी पहली मुख्यमंत्रित्काल का बजट सत्र विधान सभा में छाए रहे है। हिमाचल में वे चुनौतियों से घिरे सुक्खू ने सरकार के खजाने को भरने में कोई कोर कसर नही छोड़ी है जबकि प्रतिपक्ष के निशाने में वे अपने घोषणापत्र में किए वायदों में खरा उतरने के दावे करते हैं। पुरानी पेंशन को सिरे चढ़ाते वे शराब से भी राज्य का खजाना भरने में काफी मजबूत हुए हैं।

चुनौतियों से घिरे सुक्खू अपनी सरकार की उपलब्धि के लिए हर कदम फूंक फूंक कर आगे बढ़ते सुक्खू के लिए सरकार चलाना कांटो भरी राह आसान नहीं है मगर उनका होंसला कहता है वे अच्छे किरदार में सफल मुख्यमंत्री तमाम कांटो भरी मंजिल से स्फलता की सीढ़ी लिए निकलेंगे ।

# हरिद्वार का बड़ा बाजार ग्राहकों के लिए है स्वर्ग, मिलता है जरूरत का हर समान, जानिए खासियत

हरिद्वार. हिंदू धर्म से जुड़े लोगो के लिए हरिद्वार एक तीर्थ स्थल है जहां हर साल हरिद्वार में पूरी दुनिया से लोग गंगा स्नान करने और घूमने के लिए आते हैं. हरिद्वार आने वाले लोग यहां बाजारों से अपनी जरूरतों का सामान खरीद कर लेकर जाते हैं. हरिद्वार हर की पौड़ी के पास बहुत से बाजार है जिनमें जरूरतों का सभी सामान आसानी से मिल जाता है. वहीं हर की पौड़ी से सटा बड़ा बाजार भी खास है जहां सभी समान मिल जाता हैं. हरिद्वार के बड़ा बाजार में घर के सजावट के सामान, खाने पीने, पहनने, धार्मिक ग्रंथ, धार्मिक किताबे, पूजा के बर्तन आदि जरूरतों के समान की दुकानें है.

हरिद्वार घूमने आने वाले लोग हर की पैड़ी से सटे बड़े बाजार से अपनी जरूरतों का सामान खरीद कर लेकर जाते हैं. इस बाजार में सामान काफी अच्छी गुणवत्ता और सस्ता मिलता है. हरिद्वार गंगा स्नान करने आने वाले श्रद्धालु निशानी के तौर पर हरिद्वार के बाजारों से खरीदारी कर जरूर लेकर जाते है. हरिद्वार के बड़ा बाजार में घर की सजावट के लिए तस्वीरें, फोटो-फ्रेम, अलग-अलग तरह के शीशे, झूमर, लड़ियां, लकड़ी से बना सामान, पूजा का सामान, बर्तन, धार्मिक ग्रंथ और अन्य जरूरत का सभी सामान मिलता है. दुकानदारों का कहना है कि हरिद्वार में मिलने वाला सामान काफी सस्ता और टिकाऊ है इसीलिए लोग यहां से सामान लेकर जाते हैं.




### मिलता है जरूरत का हर समान

दुकानदार गौतम सिंह बताते है कि हरिद्वार के बड़ा बाजार में जरूरतों का सभी सामान मिलता है. हरिद्वार में देश के अलग-अलग राज्यों और विदेशों से लोग गंगा स्नान और घूमने आते हैं. देश के अलग-अलग राज्यों और विदेशों से आने वाले लोग यहां बाजारों में आते हैं और यहां के बाजार से सामान खरीद कर लेकर जाते हैं. बड़ा बाजार में धातु की मूर्तियां, शंख, कौड़िया, रुद्राक्ष की मालाए, खाने पीने का सामान, पूरियां, कचौड़ी, कपड़े, हाथ के लिए चूड़ियां, कंगन, सिंदूर आदि समान उचित दामों पर मिल जाता है. दुकानदार गौतम सिंह बताते हैं कि हरिद्वार के बड़ा बाजार में मिलने वाले सामान की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है. बड़े बाजार में रोजाना इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं से लेकर आधुनिक चीजें बाजार में मिल जाती हैं. इस बाजार में आने वाले ग्राहक यहां से संतुष्ट होकर जाते हैं. इस बाजार की खासियत है कि यहां पर ग्राहक अपनी जरूरतों का सभी सामान खरीद कर संतुष्ट हो जाता है.

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने पर भड़के कांग्रेस के मंत्री

शिमला. राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होने से कांग्रेस पूरे देश में आक्रोशित है. हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के सरकार के मंत्री और कांग्रेस के विधायक भड़क गए हैं और भाजपा के खिलाफ तीखे हमले कर रहे हैं. कांग्रेस विधायक ने इस घटना को अघोषित आपातकाल और लोकतंत्र की हत्या करार दिया है. कांग्रेस के मंत्री और विधायकों ने जहां एक और इसे राहुल गांधी के खिलाफ षड़यंत्र बताया तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने अदालत में लड़ाई लड़ने की नसीहत दी है.

इस मुद्दे पर शुक्रवार को हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल ने प्रदर्शन भी किया था, जिसमें मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी शामिल हुए और नारेबाजी करते हुए नजर आए. भाजपा ने इस पर भी सवाल उठाए. इस प्रदर्शन पर सदन के भीतर और बाहर जमकर हंगामा भी हुआ. इस मुद्दे पर कांग्रेस बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी में जुट गई है.

राहुल गांधी की सांसदी समाप्त होने पर कैबिनेट मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि ये देश में काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा. उन्होंने कहा कि हिमाचल में हुए चुनावों के बाद भाजपा ने हिंदूस्तान की हवा भांप ली है, राहुल गांधी की लोकप्रियता और भारत जोड़ो यात्रा की सफलता पर भाजपा ने डर के मारे ये कदम उठाया.

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ साजिश की गई और लोकसभा की सदस्यता रद्द करना इसकी पुष्टि करता है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जनता के मुद्दे उठाए और इसपर सदस्यता रद्द करना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कई मंत्रियों ने गलत बयानी की है लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है. कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार उद्योगपतियों की सरकार



है और उन्हीं के लिए काम कर रही है. ये कदम लोकतंत्र की समाप्ति की आहट है.

### लोकतंत्र की हत्या-रवि ठाकुर

लाहौल-स्पीति से कांग्रेस विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है, राहुल गांधी को जनता ने चुना है और ये मामला अदालत में भी विराचाराधीन है. उन्होंने कहा कि इस फैसले ये साबित हो रहा कि देश में सामाज्यवादी और अराजक ताकतें हावी हो रही हैं. शिमला शहर से कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने इसे अघोषित आपातकाल,करार दिया. उन्होंने कहा कि सभी को अभिव्यक्ति की आजादी है, इससे पहले कई लोगों ने गलत बयानबाजी की है लेकिन राहुल गांधी को ही निशाने पर लिया गया. उन्होंने कहा कि संसद को सदस्यता समाप्त करने के फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए,राहुल गांधी ने सच बोला. जनारथा ने कहा कि देश का पैसा बाहर ले जाने वालों को केंद्र सरकार पकड़ नहीं पाई, राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर बोला था, किसी के बोलने पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती है.

### भाजपा बोली-कोर्ट ने किया दोषी करार

इस पर भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि राहुल गांधी को अदालत ने दोषी करार दिया है, कांग्रेस को सड़क पर नहीं बल्कि अदालत में लड़ाई लड़नी चाहिए. सीएम के प्रदर्शन में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि ये ठीक नहीं है कि किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री सड़क पर उतर कर धड़ना करे और नारेबाजी करे. इसके जबाव में पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भी कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, कांग्रेस पार्टी के सिपाही हैं, धरना प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है.

इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस विधायक यादवेंद्र गोमा ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा बौखला गई है. अब ये स्थिती हो गई है कि कोई उंगली उठाएगा तो उसकी उंगली तोड़ दी जाएगी. गोमा ने कहा कि गुजरात के सीएम रहते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कई बार गलत बयानी की है लेकिन कांग्रेस ने बदले की भावना कार्रवाई नहीं की है. कांग्रेस विधायक ने कहा कि राहुल गांधी के पास अभी एक महीने का समय है और अदालत में लड़ाई लड़ेंगे लेकिन उन्हें समय दिए बिना ही उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई. उन्होंने आड्डोप लगाया कि ईडी, सीबीआई समेत तमाम ऐजेंसिया और संस्थान भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं.

# मिनी क्यूबा की बॉक्सर कल गोल्ड पर लगाएगी पंच, धनाना में खुशी का माहौल

भिवानी . मिनी क्यूबा भिवानी की बॉक्सर बेटी नीतू घनघस ने दिल्ली में आयोजित हो रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मेडल पक्का कर लिया है. नीतू कल गोल्ड मेडल के लिए रिंग में उतरेगी. लाड़ली बॉक्सर नीतू की इस उपलब्धि पर उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है. हर किसी को पूरा भरोसा है कि नीतू कल देश की झोली



में गोल्ड मेडल डालेगी. बता दें कि दिल्ली में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप हो रहा है. जिसमें मिनी क्यूबा भिवानी के धनाना गांव की बॉक्सर बेटी नीतू अपने दमदार मुक्के की बदौलत एक के बाद एक फाइट जीतते हुए अपना मेडल पक्का कर चुकी है.

नीतू की इस जीत पर लड्डू बांटा जा रहा है . अब कल नीतू गोल्ड के लिए रिंग में उतरेगी. नीतू के परिजनों सहित पूरे गांव को उम्मीद है कि उनकी लाड़ली बेटी कल देश की झोली में गोल्ड मेडल डालेगी. न्यूज-18 से खास बातचीत में नीतू के पिता जय भगवान, उनके ताऊ रणबीर प्रधान व अन्य ग्रामीण बता रहे है कि नीतू की लगातार जीत व मेहनत से पूरा भरोसा है कि कल नीतू गोल्ड जीतेगी. हर कोई कह रहा है कि खेल के दौरान एक बार धड़कनें बढ़ जाती हैं, पर नीतू कभी निराश नहीं करती.

### गोल्ड मेडल का सबको इंतजार

नीतू की पिता ने कहा कि वो वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी मुकाबले दिल्ली जाकर देखते है.नीतू अब तक दो बार यूथ वर्ल्ड चैंपियन रही है, एक बार यूथ एशियन चैंपियन, एक बार कॉमनवेल्थ की चैंपियन व दो बार स्ट्रैंजा की चैंपियन रह चुकी है. वहीं नीतू के ताऊ रणबीर प्रधान कहते है कि ऐसी बेटी भगवान सबको दे. बीते साल कॉमनवेल्थ की गोल्डन गर्ल नीतू घनघस से पूरा देश गोल्ड की उम्मीद जता रहा है. अब सबको इंतजार है तो बस कल अपनी लाड़ली के रिंग में उतरने और गोल्डन पंच लगाने का.

# ओले और बारिश से फसलें बर्बाद, मंत्री रंजीत चौटाला ने कहा, मुआवजा देगी सरकार

सिरसाः जिले में शुक्रवार को हुई बरसात और ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है. रानियां क्षेत्र में किसानों की फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. रानियां के विधायक और हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रंजीत चौटाला आज अपने हलके के गांव में खराब हुई फसल का निरीक्षण करने पहुंचे.

रंजीत चौटाला ने किसानों का दर्द भी बांटा. साथ ही किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर जल्द मुआवजा जारी करेगी. आपको बता दें कि सिरसा में कल बरसात और ओलावृष्टि हुई थी. लगभग 2 घंटे हुई बरसात और ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं, सरसों, चना और सब्जियों की फसल खराब हो गई.

### इन गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान

रानियां क्षेत्र के गांव संत नगर, जीवन नगर, नकोड़ा, हिम्मतपुरा सहित कई गांवों में किसानों की फसलें खराब हुई हैं. कुछ किसानों की सब्जी की फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं.

### जल्द दिया जाएगा मुआवजा

शनिवार सुबह 8:00 बजे इलाके के विधायक रणजीत चौटाला अधिकारियों के साथ इन गांव का दौरा करने पहुंचे. रणजीत चौटाला ने किसानों की खराब हुई फसलों का निरीक्षण किया. अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. मंत्री ने किसानों से मुलाकात की और उनका दर्द भी सुना. साथ आश्वासन दिया कि जल्द ही सरकार की ओर से उन्हें मुआवजा दिया जाएगा.

# लगातार भेष बदल रहे अमृतपाल का नया CCTV, पारंपरिक कपड़े छोड़ जैकेट और सनग्लासेस में दिखा



चंडीगढ़. जब से पंजाब पुलिस ने खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह की तलाश शुरू की है, तब से उसके कई वीडियो वायरल हो चुके हैं. सोशल मीडिया पर वायरल हुए लेटेस्ट वीडियो में अमृतपाल अपने पारंपरिक परिधान को छोड़कर जैकेट और ट्राउजर पहने नजर आ रहा है. एक्सेस किए गए सीसीटीवी फुटेज में, अमृतपाल को एक सड़क पर चलते हुए, फोन पर बात करते हुए कैमरे में कैद किया गया है. उसे ब्राउन जैकेट और मैचिंग ट्राउजर पहने देखा गया. भगोड़ा अमृतपाल ने सनग्लासेस की मदद से अपने लुक को बदलने का प्रयास करता हुआ दिखाई दे रहा है.

फुटेज कथित तौर पर 20 मार्च का है और इसे पंजाब के पटियाला में कैद किया गया था. रिपोर्टों से पता चलता है कि पांच दिन पहले पटियाला में देखे जाने से पहले अमृतपाल जालंधर से भाग गया और लुधियाना में शरण ली. बताया जाता है कि अमृतपाल वहां से लुधियाना भाग गया था.

वहीं पंजाब पुलिस के सूत्रों ने सीएनएन-न्यूज18 को बताया कि अमृतपाल सिंह के दिल्ली पहुंचने की सूचना मिलने के बाद शनिवार को दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया था. उन्होंने यह भी कहा कि एक वीडियो भी था जिसमें वह दिल्ली के आईएसबीटी स्टेशन पर दिखा था.

बता दें कि पिछले हफ्ते, पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई शुरू की, जो तब से फरार है. पंजाब पुलिस ने कहा कि भगोड़े को पकड़ने के प्रयास जारी हैं. उस पर हत्या के प्रयास, कानून प्रवर्तन में बाधा डालने और वैमनस्य पैदा करने का आरोप लगाया गया है. अमृतपाल सिंह की तलाश में कई राज्य पंजाब पुलिस की मदद कर रही है. पूरे उत्तर भारत के पुलिस अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया है. पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि खालिस्तान समर्थक प्रचारकों पर कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिए गए 44 लोगों को उन्होंने रिहा कर दिया और उन्हें उनके परिवारों को सौंप दिया है.

# पिता और बच्चे को टक्कर मार फरार हुए कार सवार, सड़क हादसे में घायलों के लिए फरिश्ता बने कमल मिड्ढा

सड़क हादसों में घायल लोगों को तुरंत हस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने का काम करने वाले कमल मिड्ढा की इन दिनों हर तरफ तारीफ हो रही है. बीती रात भी एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमे कई लोग घायल हो गए. घटना उस समय की है, जब एक कार, रेहड़ी सवार एक गरीब परिवार को बुरी तरह से टक्कर मार देती है. कार में 4 युवक सवार थे, जो हादसे के बाद मौके से तुरंत फरार हो गए. हादसे वाली जगह से ही कमल मिड्ढा गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर घायलों पर पड़ी. कमल अपनी फैमिली के साथ शादी में जा रहे थे, लेकिन वो घायलों की मदद के लिए रुके और उन्हें अस्पताल पहुंचाया.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायलों में एक बच्चा और उसके पिता हैं, जिन्हें हस्पताल पहुंचाया गया, दोनों बुरी तरह से चोटिल थे. अगर समय रहते दोनो को हस्पताल न पहुंचाया जाता तो किसी की जान भी जा सकती थी. ऐसा पहली बार नहीं है जब कमल मिड्ढा ने लोगों की जान बचाई हो. वो कई मौकों पर जरूरतमंद लोगों के लिए खड़े रहते हैं. इससे पहले भी उन्होंने इंसानियत व दरियादिली का परिचय कई बार दिया है.

पेशे से पत्रकार कमल मिड्ढा हरियाणा के इकलौते ऐसे पत्रकार होंगे जो 24 घंटे में से 16 घंटे तो फील्ड में काम करते ही है, साथ के साथ लोगों की मदद करने का काम भी हमेशा से करते आए है. कोई हादसा कर्मचारियों व अधिकारियों की लापरवाही से न हो समय-समय पर उनको भी समझाने का काम करते रहते है. कमल अब लोगों के बीच मसीहा बनकर उभर रहे हैं, उन्होंने हजारों लापता लोगों को उनके परिवार से मिलाने का भी काम किया है.

## हादसाः सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ - कालागढ़ मार्ग पर अनियंत्रित होकर बाइक फिसल जाने के कारण बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया नगर के समाजसेवी ने 108 एंबुलेंस द्वारा घायल को सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया जहां गंभीर अवस्था देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला निवासी मुनेंद्र सिंह 32 वर्ष पुत्र ईश्वर सिंह किसी कार्य वंश कालागढ़ से वापस अपने गांव वापस आ रहा था कि कालागढ़ मार्ग स्थित मुरलीवाला पेट्रोल पंप के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल जाने के कारण गिर कर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया कालागढ़ जा रहे नगर निवासी समाजसेवी व शायर वली अन्जुम ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना देकर घायल को सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया जहां बहोश मुनेंद्र की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेन्टर रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना से घायल के परिजनों में हड़कंप मच गया।



## अन्त्योदय सर्वेक्षण के पहले सर्वे कताओं का हुआ प्रशिक्षण

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जनपद के भेंटुआ विकास खंड में वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं,सुविधाओं की जमीनी हकीकत भांपने तथा आवश्यक



व्यवस्थाओं की पूर्ति हेतु मोदी सरकार गांवों का सर्वेक्षण कराने जा रही है सरकार बीस बिन्दुओं पर कुल 216 प्रश्नों के साथ अब राजस्व गांवों में सरकारी सुविधाओं का जमीनी सर्वे करेगी जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं

बात अगर विकास खंड भेटुआ के राजस्व गांवों में मिशन अन्त्योदय सर्वेक्षण को सुचारू रूप से पूरा करने की करें तो शनिवार को ब्लॉक सभागार में सर्वेक्षण के लिए चयनित पंचायत सहायकों, तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत की समूह कैडरों का एक दिवसीय अन्त्योदय सर्वेक्षण प्रशिक्षण संपन्न हो गया है

प्रशिक्षण के दौरान सर्वेक्षण कताओं को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) फिरदौस आलम, सहायक विकास अधिकारी आइएसबी दिग्विजय प्रताप सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक दुर्गेश नन्दन शुक्ल द्वारा सर्वे हेतु प्रशिक्षित किया गया

## पिता का पता बताने से मना करने पर अपराधियों ने 8 साल की मासूम बच्ची को मारी गोली, मौत

**दैनिक समाज जागरण शुभम सिन्हा, ब्यूरो चीफ आरा**

आरा (बिहार) 25 मार्च 2023 : भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव में शुक्रवार की देर रात पूर्व विवाद को लेकर हथियारबंद अपराधियों द्वारा घर में घुसकर एक मासूम बच्ची की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद हथियारबंद अपराधी आसानी से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। मृत बच्ची उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव निवासी कृष्णा कुमार सिंह की 8 वर्षीया पुत्री आराध्या सिंह थी व वह पहली कक्षा में पढ़ती थी। मृत बच्ची के पिता कृष्णा कुमार सिंह ने बताया कि रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र के दिनारा गांव में स्थित 6 बीघा खानदानी जमीन को लेकर कैमूर जिला के गोड़सरा थाना क्षेत्र के नुआवं निवासी ममेरे भाइयों से 2013 से विवाद चला रहा है। वह रोहतास के दिनारा में पोल्ट्री फॉर्म भी चलाते हैं। वर्ष 2019 में इसी विवाद को लेकर जब मैं अपने भाई सत्यम सिंह दिनारा के उनके पोल्ट्री फॉर्म पर था। तभी नामजद द्वारा सत्यम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और गोली लगने से मैं भी जख्मी हो गए था। जिसके बाद मैंने प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी और पुलिस द्वारा सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। हालांकि उस मामले में सभी लोग बेल पर बाहर आ गए थे। उसी समय से यह विवाद चल रहा है। इसी बीच शुक्रवार की रात जब मेरी बेटी आराध्या सिंह घर में अपने बुआ और दादी के साथ बैठी हुई थी। तभी चार हथियारबंद अपराधी आए और दरवाजा खटखटाया। जब मेरे परिवार वालों ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पूछा कि कृष्णा सिंह घर पर है तो परिवार वालों ने कहा कि वह नहीं है। इसके बाद सभी अपराधी जबरन घर में प्रवेश करने लगे। जब परिवार वालों ने रोका तो उन अपराधियों में से एक ने हथियार निकाल कर फायरिंग कर दी। जिसमें फायरिंग के दौरान मेरी बेटी को गोली लग गई और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी ओर मृत बच्ची के पिता कृष्णा कुमार सिंह ने कैमूर जिला के गोड़सरा थाना क्षेत्र के नुआवं गांव निवासी बजरंगी सिंह व उसके दो पुत्र सोनू सिंह एवं विकास सिंह पर उनके द्वारा अपराधियों को भेज अपनी बच्ची की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं इस घटना को लेकर भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में नामजद पर एफआईआर कर लिया गया है। घर में सीसीटीवी भी है लेकिन घटना के दौरान बंद था। ऐसे में पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है।



## बाइक रुकवाकर हथियारबंद अपराधियों ने लड़की को मारी गोली

**दैनिक समाज जागरण शुभम सिन्हा, ब्यूरो चीफ- आरा**

आरा (बिहार) 25 मार्च 2023 : आरा शहर के नगर थाना क्षेत्र के शिवगंज इलाके में शनिवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने की युवती को गोली मार दी। युवती को गोली पेट में लगी है। गोली लगने के बाद युवती के साथ रहे उसके दोस्तों द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवती गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी तपेश्वर सिंह की 20 वर्षीया पुत्री कुम्पा कुमारी है। जख्मी युवती के दोस्त ने बताया कि मेरा कुछ दिन पहले धोबहा निवासी कुछ लड़कों से झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर विवाद चला आ रहा था। जिसके बाद शनिवार की सुबह जब शिवगंज इलाके से अपनी दोस्त कुम्पा कुमारी के साथ बाइक से मठिया की ओर आ रहा था। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने हमलोग को शिवगंज इलाके में रोक लिया। जैसे ही मैं बाइक से उतरा तभी उन्होंने फायरिंग कर दी। जिसमें मेरी दोस्त कुम्पा कुमारी को गोली लग गई। हालांकि हथियारबंद बदमाशों ने युवती को गोली क्यों मारी इसका कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं सूत्रों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग को लेकर युक्ति को गोली मारने की बात सामने आ रही है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## दबंगों द्वारा मकान की बुनियाद से मिट्टी उठाने के कारण एक किसान के मकान क्षतिग्रस्त के मामले पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ - क्षेत्र एक व्यक्ति के मकान के पीछे से जेसीबी मशीन द्वारा बुनियाद की जड़ से मिट्टी उठाने के कारण मकान गिरकर क्षतिग्रस्त होने के पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया । जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मुनीर नगर उर्फ पर्वतपुर पंचायत नाबका निवासी धर्मवीर सिंह पुत्र शीशराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मकान के पीछे दबंग किसानों सुमन कुमार, राकेश सिंह, राजेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, के खेत हैं जिसमें उन्होंने पीड़ित के मकान के पिछले भाग से लगभग 6 फीट मिट्टी जेसीबी द्वारा उठवाकर खनन माफियाओं को बेच दी मना करने पर



दबंगई दिखाते हुए मारपीट पर आमादा हो गए उसने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। दबंगों द्वारा मिट्टी उठाना जारी रखा जिसके कारण धर्मवीर सिंह के मकान का पिछला हिस्सा गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें उसको भारी नुक्सान हुआ है । पीड़ित ने नाम दर्ज तहरीर पुलिस को दी गई है जिसपर पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुमन कुमार, रामकेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, तेजपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आईपीसी की धारा 427,वखनन अधिनियम की धारा 4 व 21 के अन्तर्गत जांच शुरू कर दी

## आरआरएसआईएमटी में वर्चुअल माध्यम से हुआ पुरा छात्र सम्मेलन ह्यसमागमह्न का आयोजन

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अल्युमनी मीट मे आई पुराने दिनो कि याद छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव समागम के माध्यम से संस्थान और पुरा छात्रों के मध्य स्थापित हुआ संवाद- निदेशक

अमेठी. शनिवार को मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालजी (आरआरएसआईएमटी) मे अपने पुरातन छात्रों हेतु वर्चुअल माध्यम से समागम समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे संस्थान द्वारा अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके पुराने छात्र जो आज देश-विदेश मे बड़ी-बड़ी कंपनियों मे कार्यरत हैं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक शशांक श्रीवास्तव ० अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

पुरातन छात्रों ने बारी-बारी से अपने अनुभव बताते हुये औद्योगिक जगत की जरूरतों पर भी फोकस किया। छात्रों ने बताया की कॉलेज के दौरान पढ़ाई और सिखाई गई हर एक स्किल कंपनी मे काम आती है। अतः हमे अपनी कॉलेज की पढ़ाई के समय बहुत ईमानदारी के साथ सभी कॉलेज असाइनमेंट्स पूरे करने चाहिए।

एक छात्रा प्रिया सिंह ने संस्थान के अनुशाशन और चरित्र निर्माण के प्रति सजगता हेतु संस्थान को धन्यवाद दिया। एक अन्य पुरा छात्र संजीव सिंह ने कहा की अगर ये कॉलेज न होता तो हम शायद अपनी डिग्री पूरी न कर पाते। आनंद ने कहा कि आज मै इतनी अच्छी जॉब सिर्फ कालेज कि अच्छी पढ़ाई के कारण पा सका। पुरा छात्र राघवेन्द्र ने अपनी सफलता



का श्रेय अपने अध्यापको को दिया। छात्रा दीक्षा सिंह ने पुरानी यादों का जिक्र करते हुए बड़े भावुक अंदाज में संस्थान में छात्रा के रूप में बिताए पल याद किया और अपने कार्य अनुभव को भी साझा किया. इस अवसर पर छात्रों ने गीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

एक पुरा छात्र किशन श्रीवास्तव ने संस्थान के अध्यक्ष ० पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह और संस्थान की उपाध्यक्ष ० पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह का ग्रामीण क्षेत्र में कालेज शुरू करने के लिए आभार देते हुए कहा की यदि ये कालेज यहाँ ना होता तो हमारे जैसे बहुत से गाँव में रहने वाले छात्र पढ़ ना पाते.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित पुरा छात्रों का अभिनंदन करते हुए कहा की संस्थान सतत अपने छात्रों के पेशेवर विकास के दिशा में प्रयास कर रहा है. आज संस्थान के पढ़े हुए छात्र देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं और संस्थान, परिवार और देश का नाम रोशन कर रहे हैं. निदेशक ने कहा कि 'समागम' के माध्यम से संस्थान और पुरा छात्रों के मध्य आज संवाद करने का अवसर मिलने पर प्रशन्नता हो रही है।

निदेशक ने सभी पुरा छात्रों को उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएँ दिया. समागम को कार्यक्रम संयोजक कीर्ति जैन, डॉ चंदारानी ,आशीष त्रिपाठी, बबिता सिंह, भूपेश, आदि ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर पुरा छात्र, सभी विभागाध्यक्ष ० शिक्षक उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का छह दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर में उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत छह दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता प्रशिक्षण का आयोजन मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में स्थान रामकृष्ण परमहंस मिशन स्कूल भगवती गंज बलरामपुर में शुरूआत की गई कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री बिजेंदर तिवारी ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि श्री गोविंद सोनकर एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय के द्वारा किया गया इस योजना में पांच ट्रेड सिलाई हलवाई बढ़ाई लोहार एवं राजमिस्त्री के 400 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाना है प्रशिक्षण के उपरांत ड्ड400 प्रतिदिन एवं टूल किट दिया जाएगा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत मंडलीय खादी ग्राम उद्योग के प्राचार्य श्री छतर सिंह ने किया एवं योजना को विस्तार से बताया कार्यक्रम का संचालन कर रहे उधमिता विकास



प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सलाह दी कि प्रशिक्षण में अच्छी जानकारी के साथ-साथ अपने हुनर का उपयोग करके स्वयं का रोजगार स्थापित करके खुद को आत्मनिर्भर बनाएं जिससे देश का विकास हो सके जिला प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपाय श्री राजेश कुमार पांडे ने सभी प्रतिभागियों को मन लगाकर प्रशिक्षण लेने एवं विभाग की योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी इस अवसर पर सहायक प्रबंधक श्री भूप सिंह अखिलेश सिंह ओमकार अनिल गुप्ता अंजली मिश्रा रवी शंकर विश्वजीत तिवारी प्रयाग दत्त जय जय राम पवन कुमार तिवारी प्रमोद कुमार पांडे आदि लोग उपस्थित रहे

## जैन सरस्वती शिशु मंदिर परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। शिखर चंद राजेंद्र कुमार जैन सरस्वती शिशु मंदिर अफजलगढ़ (बिजनौर) में आज परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा अष्टम में भैया अखिलेश कुमार ने प्रथम स्थान, गरिमा ने द्वितीय स्थान और रीत अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सप्तम से नियति सैनी ने प्रथम , अनुष्का गहलोत ने द्वितीय स्थान अल्फेज सेफी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा षष्ठ रुद्र प्रताप चौहान ने प्रथम स्थान ,अंशिका तुलसियान ने द्वितीय और गौरव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम से परिधि ,अयान और आयशा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। चतुर्थ अ से लोकमणी ,कार्तिक कुमार और सिमरा प्रवीन ने प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ ब निमित्त रूहेला ने प्रथम हरिओम ने द्वितीय और अंश चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से अनुराग शर्मा ने प्रथम अक्षिता विश्नोई ने



द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय से संजोग ने प्रथम ,रमन पाल ने द्वितीय और अब्दुल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम से परिधि ने प्रथम, प्रगति ने द्वितीय और तनिष्क ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी में परिधि ने प्रथम, आईसी बर्मा द्वितीय और नित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी में कृष्णा चंद्रा ने प्रथम, जुबीन सैफी ने द्वितीय और राहित्य सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी से खुशी ने प्रथम ,सरस गोयल ने द्वितीय और प्रांजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के व्यवस्थापक महोदय श्री विपिन कुमार जैन ने सभी भैया -बहिनों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार शर्मा जी ने सभी भैया -बहिनों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जय कुमार जी ,रमेश सिंह ,योगेंद्र पाल, त्रिलोक सिंह ,मनोज शर्मा पूजा रानी ,ज्योति ,हिमांशी ,हिमानी और मीनू जी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में फिर हुआ सड़क हादसा, युवा गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा अमेठी**

विकास खंड भेटुआ से होकर सुलतानपुर जाने वाले अमेठी-सुलतानपुर राजमार्ग पर लोनियापुर तिराहे से नौगिरवा के बीच प्रतिवर्ष सड़क हादसे में कोई न कोई जान गंवा देता है लेकिन आज तक महज थोड़ी दूरी में हो रही इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के कोई भी सार्थक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं शनिवार को एकबार फिर इसी मनहूस बन चुके सड़क के हिस्से पर जानलेवा सड़क दुर्घटना घटी जिसमें 27 वर्षीय दिनेश कश्यप सुत रामनाथ कश्यप निवासी लोनियापुर टिकरी गंभीर रूप से घायल हो गए

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार लगभग 11 बजे अमेठी सुलतानपुर राजमार्ग पर नौगिरवा के करीब टिकरी रजबहा पार पथ पर सोमनाभार के गुलशन ईंट भट्ठे से नहर की पटरियों के रास्ते ईंट ला रहे एक ट्रैक्टर ने सिंह फ्यूल टैक्टर बाइक को रौंदता हुआ बाइक के साथ टिकरी रजबहे में जा गिरा बिना नंबर का ट्रैक्टर छोड़ ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया



पंप(नौगिरवा) से पेट्रोल भरवा कर घर आ रहे बाइक सवार लोनियापुर निवासी 22 वर्षीय अरुण तथा दिनेश को जोरदार टक्कर मार दी

हड़बड़ाहट में टैक्टर चालक ने टैक्टर ने से नियंत्रण खो दिया और नौगिरवा बाजार के लोगों ने हादसे में घायल अरुण तथा दिनेश को नजदीकी भेटुआ सीएचसी पहुंचाया जहाँ डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल दिनेश को अमेठी जिला अस्पताल असैदापुर रेफर कर दिया

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 597 जोड़ों का एक साथ होगा सामूहिक विवाह-मुख्य विकास अधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया है कि जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर एवं शासन के मंशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में 27 मार्च, 2023 को 597 जोड़ों हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद आयोजन/मेगा इवेंट के रूप में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया है कि कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड गिलौला, इकौना एवं नगर पंचायत इकौना हेतु आयोजन सीताद्वार इकौना में, विकास खण्ड हरिहरपुररानी एवं नगर पालिका परिषद भिनगा हेतु खण्ड विकास अधिकारी हरिहरपुररानी परिसर में, विकास खण्ड जमुनहा हेतु खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा परिसर में एवं विकास खण्ड सिरसिया हेतु खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया परिसर में किया जायेगा।उन्होने बताया कि इस योजना अन्तर्गत गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह हेतु आवेदन किये जाते हैं। इस योजना में वह परिवार आवेदन कर सकता है कि जिसकी वार्षिक आय रू0 2,00,000/- तक हो। आवेदन करने के लिए आवेदक की पुत्री की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। इस योजना के तहत कन्या के खाते में रू0 35,000/-की धनराशि तथा विवाह संस्कार के रू0 6000/- की धनराशि जलपान एवं टैण्ट, पण्डाल आदि के लिए व्यय तथा कन्या को उपहार स्वरूप सामग्री हेतु रू0 10,000/- की धनराशि दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में नगर पंचायत/नगर पालिका/जिला पंचायत स्तर पर आयोजित होगा। जिसमें आवेदन करने के लिए आवश्यक प्रपत्रों के साथ अपना आवेदन सम्बन्धित कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी/नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला पंचायत स्तर पर उपलब्ध करा सकते हैं।

## जन प्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारियों तक ने की औरंगाबाद शहर की उपेक्षा । मांस बिक्री पर नहीं लग पाया अंकुश।

**अर्जुन कुमार सिंह, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता औरंगाबाद सदर**

औरंगाबाद( बिहार) 25 मार्च 2023 : औरंगाबाद नगर में मांस बिक्री पर अब तक जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सांसद से लेकर विधायक तक अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं । जिसकी त्रासदी नगरवासी झेलने को विवश है लोगों का मानना है कि क्षेत्रिय प्रशासन, सांसद,विधायक एंव नगरपालिका अध्यक्ष नगरवासियों को हमेशा नजर अंदाज किए हैं !हमारा शहर के रमेश चौक से गुप्ता टाकिज मोड़ तक मुर्गा और बकरी का मांस बिक रहा है जिससे हमेशा हिन्दूओं को महान् पर्व के समय व्रतियों को काफी शुद्धता का सामना करना पड़ता है। फिर भी वे अशुध्द हो जाते हैं। जिसका मुख्य भागी उपरोक्त महाशय गण हैं, जबकि मांसाहरी व्यवसायियों को स्थान अदरी नदी के पास दिया गया है। फिरभी उन व्यवसायियों को नहीं हटाया जा रहा है ,कयोंकि जनता के प्रतिनिधित्व करने वाले अपना बोट बैंक समझते हैं ! नही तो आज तक इसपर हमारे नेता सांसद, बिधायक, नगर अध्यक्ष क्यो नहीं हमारे जनता के कठिनाईयों को समझें, उपरोक्त तथ्यों पर ध्यान दें क्योंकि जनता कि अब आबाज किसी भी समय बिस्फोट हो सकता है।

## वर्तमान सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर मा. प्रभारी मंत्री जी ने गिनाई उपलब्धियां

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

सुशासन, विकास, रोजगार, डबल इंजन की सरकार" नामक विकास पुस्तिका का किया विमोचन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार के क्षेत्र में सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य, प्रदेश के साथ जनपद का हो रहा चहुंमुखी विकास.........मा. प्रभारी मंत्री, लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण।

अमेठी वर्तमान सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन श्री गिरीश चंद्र यादव जी ने आज मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता किया। इससे पूर्व लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी की प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण किया गया जिसे मा. जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित जन सामान्य ने देखा एवं सुना। प्रेस वार्ता के दौरान मा. राज्यमंत्री जी ने "सुशासन, विकास, रोजगार, डबल इंजन की सरकार" नामक विकास पुस्तिका का विमोचन किया तथा सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाई। मा0 राज्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास के साथ कार्य कर रही है। गांव, गरीब, झोपड़े में रहने वाले परिवारों, शोषित, वंचित व्यक्ति/परिवारों के जीवन में परिवर्तन का दृढ़ संकल्प लेकर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा सरकार हर परिवार को छत, शौचालय, हर पात्र किसान को किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आत्म निर्भरता तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के दृष्टिगत विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिस पर सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां एक ओर नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं वही जनपद का चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में 24.02 करोड़ की लागत से 67.58 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण, 05.25 करोड़ की लागत से 766.5 किलोमीटर सड़क गड्ढा मुक्त, 4.42 करोड़ की लागत से 27.85 किलोमीटर नई सड़क का निर्माण, 2.02 करोड़ से एक लघु सेतु का निर्माण कराया गया है। 5.98 लाख से 50 बेडेड आश्रय गृह शहरी बेघरों हेतु, इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज से 56579 लाभार्थी लाभान्वित, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 6590 लाभार्थी लाभान्वित, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत



389 करोड़ से 21579 महिलाएं लाभान्वित, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 109336 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड, 99.5 लाख से 06 शैयायुक्त वार्ड के 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण, 290.43 लाख से 20 शैया युक्त वार्ड का 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्माण कार्य, 113.88 लाख से 42 शैयायुक्त वार्ड का मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में निर्माण कार्य कराए जाने के साथ ही 919.65 दक्षिण गांव में ड्रग हाउस का निर्माण, 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम की स्थापना, 90 बेटर जनित रोगियों का उपचार, चार भू माफियाओं पर कार्यवाही, 265 मजरों में एलटी वेयर कंडक्टर को एबी केबल में प्रतिस्थापित करने के साथ ही 59 वितरण परिवर्तको की क्षमता में वृद्धि, 15 जर्जर लाइनों का सुदृढ़ीकरण/विभक्तिकरण, 07 वीसीबी स्थापित कराने का कार्य किया गया है। निराश्रित बेसहारा गोवंश के संरक्षण हेतु पशु आश्रय स्थल निर्माण, बेहतर शिक्षा व्यवस्था हेतु 119 लाख से जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय भवन का निर्माण, 58.50 लाख से 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 6 सेट कंप्यूटर की स्थापना, 4.90 करोड़ जनपद के तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में हॉस्टल एवं एकेडमी भवन का निर्माण, 16.40 लाख से जनपद के 118 उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों में इलेक्ट्रिक इंसीनरेटर का कार्य, 1116 विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित 19 पैरामीटर पर कायाकल्प, परिषदीय विद्यालयों में 5 प्राथमिक, 02 उच्च प्राथमिक, 40 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, 22 दिव्यांग शौचालय, 03 बालक शौचालय, 04 बालिका शौचालय के साथ 05 मल्टीपल हैंड वास यूनिट का निर्माण छात्राओं हेतु, 176307 छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग इत्यादि के हेतु धनराशि प्रेषित, 1 से 8 तक के 186877 छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तक, 1570 परिषदीय विद्यालयों में गणित एवं विज्ञान किट का वितरण, 36 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरुक करने के दृष्टिगत प्रति विद्यालय 25000 खेल किट आवंटित किए गए हैं। 493.20 लाख की लागत से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम का जीर्णोद्धार पवेलियन एवं ऑफिस बैडमिंटन हाल काउंटर, बोरिंग एवं समर्सिबल, सीसी रोड, नाली, बाउंड्री, गेट तथा 1085.89 लाख से बालक छात्रावास का मरम्मत कराए जाने के साथ ही 180 युवक, 180 महिला मंगल दलों का गठन, विकासखंड में खेलो इंडिया योजना अंतर्गत 6 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को आच्छादित करने के साथ ही जन सामान्य की विकास एवं उन्मुखीकरण हेतु विभिन्न क्षेत्रों यथा शिक्षा के क्षेत्र में, खेल, कृषि, पेंशन योजना, आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, रोजगार, उन्नत तकनीकी के क्षेत्र में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने के साथ ही उन्हें धरातल पर संचालित भी किया जा रहा है। इस दौरान मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश अग्रहरी, मा. विधायक जगदीशपुर श्री सुरेश पासी, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, माननीय राज्य मंत्री प्रतिनिधि श्री कृष्ण कुमार सिंह, भवानी दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मीडिया बंधु मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न गांवो में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बाद खाट सभा का आयोजन किया।

(आर एन चौरसिया) धनबाद, टुंडी प्रखंड अंतर्गत कमारडीह पंचायत के कमारडीह गांव सहित विभिन्न गांवों में हाथ से हाथ जोडो, कार्यक्रम के उपरांत पदयात्रा कार्यक्रम के बाद खाट सभा कार्यक्रम के क्रम में जिलाध्यक्ष के प्रयास से कमारडीह गांव में लगाए गए नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष , संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में आजसू नेता ग्यासुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में आजसू पार्टी के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष ने सभी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।



मौके पर जिलाध्यक्ष , संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अन्याय और तानाशाह के खिलाफ आवाज उठाने का काम कर रहे हैं तो उन्हें सीबीआई,ईडी,इन्कम टैक्स यहाँ तक की एफआईआर करके मोदी सरकार सरकार उनको डराने का काम कर रही है।राहुल गांधी को सच बोलने की तानाशाह के खिलाफ आवाज बुलंद करने की सजा मिल रही है ।राहुल गांधी का आंदोलन धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है । उन्होंने आगे कहा की राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी फासिस्ट ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ते रहेगी। भाजपा की राहुल पर यह कार्रवाई प्रतिशोधनात्मक व तानाशाही पूर्ण करवाई है ।मोदी सरकार को उन पर ईमानदारी पूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए। जिन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष , श्रीमती सोनिया गांधी के प्रति असंसदीय व असंवैधानिक टिप्पणी करने का काम किया है , इन पर गलत टिप्पणी करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम में नवनीत, नीरज, जावेद रजा, वकील बाउरी, रमन मिश्रा, क्रिटीभूषण रूज,असद आनंद, आनंद मोदक, इतिहास अंसारी, अरविंद सैनी, अजित जायसवाल ,सिद्दीक अंसारी ,सलमान अंसारी, इमाम अंसारी, सुल्तान अंसारी ,ताहिर अंसारी ,इजहार आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सत्य साईं अस्पताल ने लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), 25 मार्च 2023 : जमशेदपुर के गोविंदपुर स्थित डोमजुडी.पंचायत मुखिया अनीता मुर्मू की अध्यक्षता में शनिवार को सत्य साईं अस्पताल के सौजन्य से फ्री मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया.पंचायत भवन में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था. उक्त शिविर में लाभुक महिलाओं का निबंधन करते हुए सत्य साईं संस्थान द्वारा ब्लड प्रेशर,वजन,मधुमेह,खून की कमी और नाडी.परीक्षण आदि के परीक्षण के पश्चात स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम ने परामर्श कर निःशुल्क औषधियाँ भी दी. बताते चलें कि श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल की पूरी टीम जमशेदपुर के विशेषकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का फ्री मैडिकल कैंप लगाकर महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रहा है.अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि हमारे अस्पताल में जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं को विशेष रुप से ग्रामीण इलाकों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ही पिछले 3 महिने से ऐसे आयोजन किए जा रहें हैं.अस्पताल प्रबंधन की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए डोमजुडी. पंचायत के मुखिया,उप मुखिया एवं समस्त सहिया दीदियों का आभार भी प्रकट किया गया.



## तमाड़ प्रखंड परिसर में विकलांगता प्रमाण पत्र हेतु लगाया जाएगा कैंप।

**राहुल कुमार साहू दैनिक समाज जागरण संवाददाताः तमाड़ रांची ।**

तमाड़ प्रखंड परिसर में दिनांक 27 को विकलांगता प्रमाण पत्र दिया जाएगा । जिससे उन्हें आने वाले वक्त में सरकारी कार्यों में लाभ मिले इसके लिए रांची जिला उपयुक्त राहुल कुमार सिन्हा के अनुसार प्रखंड में सभी विकलांगों को विकलांगता प्रमाण पत्र दिया जाएगा और विकलांगों की मांग है कि उनके पास प्रमाण पत्र ना होने के कारण उन्हें कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिल रहा है जिससे वह आहत है ।उन्होंने बार-बार तमाड़ प्रखंड में धरना देने के बाद उनकी मांगे स्वीकृत की गई है। विकलांगों को प्रमाण पत्र मिलने से उनकी चेहरे में खुशी आ गई है। उन्हें सरकार के कार्य पर पूरा विश्वास है। और उनका कहना है कि आने वाले वक्त में विकलांगों के लिए सरकार उन्हें सहायता प्रदान करें।

## भाकपा पलामू जिला सचिव ने कहा राहुल गांधी के लोकसभा सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र व संविधान की हत्या है

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023:-भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, जितेंद्र सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक तिवारी, श्रद्धानंद तिवारी,अजेश चौहान, सुरेश ठाकुर, योगेंद्र सिंह एवं प्रभु कुमार शर्मा ने प्रेस बयान जारी कर मानहानि केस में सांसद राहुल गांधी का जल्दी बाजी में सजा दिलवाकर लोकसभा से उनकी सदस्यता को रद्द करने की कार्रवाई को लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या बताया है। माननीय हाईकोर्ट ने एक महीना का समय भी निर्धारित किया था और आपत्ति भी दर्ज किया था इसके बावजूद आनन-फानन में देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के इशारे पर लोकसभा अध्यक्ष ने वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किया जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदुस्तान एक बड़े लोकतांत्रिक देश में लोकतंत्र के जगह पर तानाशाही मोदी जी का राज चल रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद इस कार्रवाई की निंदा करती है। विरोध खोज के सभी पार्टियों से निवेदन है कि वे भाजपा के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए 2024 में भाजपा को हराने का संकल्प लें।



## शराब के साथ गिरफ्तार

जयनगर नित्यानंद झा राजू देवधा थाना पुलिस ने दिवा गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के इनर्वा गोठ से नेपाल की ओर से ला रहे 600 बोतल नेपाली देसी और 30 लीटर नेपाली विदेशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि शराब तस्कर एक साइकिल और दो बाइक पर लादकर शराब नेपाल की ओर से भारत ला रहे थे. पुलिस गश्ती दल को देख बाइक सवार शराब तस्कर शराब समेत बाइक छोड़ नेपाल की ओर भागने में कामयाब रहे. जबकि साइकिल सवार शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार शराब तस्कर जयनगर थाना क्षेत्र के उछाल टोल निवासी रामशरण यादव बताया जाता है. थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेजा जा रहा है.



## देवघर व जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस ने सारठ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में की संयुक्त छापेमारी, कई साइबर आरोपी गिरफ्तार करने का भी किया दावा, मास्टर माइंड की तलाश जारी

**शिव कुमार यादव, दैनिक समाज जागरण संवाददाता, सारठ, देवघर**

देवघर (झारखंड) 25 मार्च 2023 :- शनिवार को देवघर व जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस ने सारठ थाना पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के कई गांव में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर कई साइबर आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। छापेमारी में जामताड़ा के साइबर डीएसपी मंजरूल हौदा व देवघर साइबर थाने की एसआइ सुमन कुमारी के अलावे दोनों साइबर थाने के डेढ़ दर्जन पुलिसकर्मी स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी अभियान में जुटी हुई है और अभियान में 3 चार पहिया वाहन के साथ-साथ कई बाइक में भी पुलिसकर्मी सादे लिबास में छापेमारी में लगी हुई है। वहीं छापेमारी के दौरान जामताड़ा साइबर एसडीपीओ के साथ कई पुलिस अधिकारी सारठ एसडीपीओ धीरेंद्र नारायण बंका से उनके कार्यालय में आकर मिले और आगे की छापेमारी की योजना को लेकर चर्चा भी करते दिखे। महज इतना ही बताया गया की संयुक्त छापेमारी के दौरान तीन-चार साइबर आरोपी को पुलिस पकड़ने में सफल रही, लेकिन कई के मौके से भाग निकलने का अफसोस भी जता रहे थे। संक्षेप में बताया गया कि पुलिस साइबर अपराधियों के किसी सरगना की तलाश में जुटी हुई है और गिरफ्तार साइबर आरोपी की निशानदेही पर मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है। बताया गया कि कई आरोपियों के खिलाफ लाखों की साइबर ठगी करने के कई मामले देवघर व जामताड़ा साइबर थाने में दर्ज है और मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों साइबर थाने की पुलिस दर्ज मामले के मास्टर माइंड की तलाश में जुटी है। छापेमारी में जुटी पुलिस थाना क्षेत्र के गांवों के नाम का भी खुलासा करने से परहेज कर रही थी। वहीं आरोपियों से बरामदगी को लेकर को भी कुछ बताने से इंकार किया।



## 40 महिलाओ को 12 लाख रुपए का लघु ऋण वितरित किया गया

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), 25 मार्च 2023 : भारतीय विपणन विकास केन्द्र (सी.बी.एम.डी.) से संबद्ध ह्यह्यस्वावलंबी झारखण्ड माइक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एस.जे.एम.डी.सी.)ह्लह्ल के द्वारा शनिवार को लघु ऋण वितरण कार्यक्रम सेंटर के स्थानीय कार्यालय, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित कर 40 महिलाओं के बीच 12 लाख रुपए का लघु ऋण वितरित किया गया। यह जानकारी सेंटर के निदेशक अशोक गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों के दौरान लगभग तीन हजार से अधिक महिलाओं के बीच लघुऋण वितरित किया जा चुका है, जिसका महिला सदस्यों ने लाभ उठाकर छोटे-छोटे कार्य करने शुरू किये और स्वावलंबी बनकर अपने परिवार में आर्थिक सहयोग कर रही है। कार्यक्रम में सेंटर के चेयरमैन मुरलीधर केडिया ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुये कहा कि इस लघुऋण का उपयोग वे अपनी घरेलू कार्यों में न कर छोटे व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनकर समाज के अन्य महिलाओं को इसके लिये प्रेरित करें। कार्यक्रम में सेंटर के निदेशक एवं स्वदेशी जागरण मंच अखिल भारतीय सहसंयोजक बंदेशंकर सिंह ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत चल रहे इस प्रकल्प से मंच द्वारा चलाये जा रहे अभियान स्वावलंबी भारत अभियान को बल मिल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इस अभियान को समूचे भारत में विभिन्न सहायक संगठनों के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। लघुऋण वितरण कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के सहसंयोजक अमित मिश्रा ने मंच संचालन करते हुये कार्यक्रम की शुरूआत की और कार्यक्रम के अंत में स्वजाम के विभाग संयोजक राजकुमार साह ने किया। इस दौरान कौशल शर्मा, बिजय सिंह, राकेश पांडेय, मुकेश कुमार, रविशंकर मिश्रा, देवी प्रसाद के अलावा काफी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थी।



## जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संधारण पर हुई चर्चा, जनसमस्याओं को भी सुना गया

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ),25 मार्च 2023 : जमशेदपुर में रामवनवमी पर्व एवं माह-ए-रमजान के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में शहर के पेश-ए-इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष तथा महासचिव के साथ बैठक की। उपायुक्त ने उपस्थित सदस्यों से विधि व्यवस्था बनाए रखने में अपने स्तर से भी सहयोग करने की अपील की । उन्होंने कहा कि आप सभी की बातों का व्यापक असर होता है, ऐसे में मस्जिदों में नमाज के समय भी जिला प्रशासन की भावनाओं से सभी आयु वर्ग के लोगों को अवगत कराएं ताकि सौहार्द्रपूर्ण एवं शांति के वातावरण में त्यौहार मनाया जाए । उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं, रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान सड़क पर या धार्मिक स्थलों के पास अड्डाबाजी न हो इसे सभी प्रबुद्ध लोग अपने स्तर से सुनिश्चित करें।

**स्टंट करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन**

अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा ने कहा कि सभी धर्मों के लोग हर्षोल्लास से त्यौहार मनायें, शांति एवं विधि व्यवस्था को बनाये रखें, ऐसी कोई उद्दंडता नहीं करें कि कानूनी प्रक्रिया अपनानी पड़े । बाइक से स्टंट करने वाले तथा हुल्लड़बाज किस्म के युवाओं को चिन्हित कर काउंसिलिंग का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों पर प्रशासन द्वारा नजर रखी जाएगी एवं सख्ती से निपटा जाएगा। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार ने कहा कि असामान्य परिस्थितियों में कानून को हाथ में नहीं लेते हुए नजदीकी थाना या प्रशासन के उच्चाधिकारी को सूचना दें। अवांछित तत्व किसी भी धर्म या समुदाय के हों उन्हें चिन्हित करने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की । मौके पर मौजूद पेश-ए-इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष एवं महासचिव ने प्रशासन को अपनी ओर से आश्वस्त किया कि विधि व्यवस्था संधारण में हर संभव सहयोग मिलेगा। कुछ समस्याओं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि से उपायुक्त को अवगत कराया, साथ ही कुछ जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं बैरिकेडिंग कराने की मांग की। उपायुक्त ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा ।



## भाजपा कार्यालय के सामने युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), 25 मार्च 2023 : प्रदेश युवा कांग्रेस ने साकची में भाजपा जिला कार्यालय के सामने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. युवा कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने का विरोध कर रहे थे. पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के महासचिव सत्यम सिंह कर रहे थे. पुतला दहन के दौरान सत्यम सिंह ने कहा कि अघोषित आपातकाल ने अब अपना रंग दिखाना प्रारंभ कर दिया है. जब सूरत की निचली अदालत ने राहुल गांधी को जमानत के साथ 30 दिनों के अंदर अपील करने की मोहलत देकर सजा को निलंबित रखा है तो फिर किस आधार पर मोदी सरकार ने राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त करने की घोषणा की है. मोदी सरकार नियम, कायदे कानून को ताक पर रखकर कानून अपने हाथ में ले रही है. देश के सर्वोच्च न्यायालय को भारत में लोकतंत्र बचाने के लिए अविलंब हस्तक्षेप करना चाहिए. केंद्र की भाजपा सरकार ने देश में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल बना दिया है. युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने मोदी सरकार के विरोध मे जमकर नारेबाजी की. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव प्रिंस सिंह ने कहा कि सदन का यह फैसला लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है. आज मोदी सरकार के इशारे पर ईडी, सीबीआई, इलेक्शन कमीशन, कार्य कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, जिला के महासचिव आशीष चंदेल, नवीन मिश्रा, नीरज साहू, बिष्टुपुर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनमोहन तिवारी, कुलदीप सिंह, गोलमुरी युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पंकज उपाध्याय, टेल्को बिरसनगर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, धीरज सिंह, अभिषेक अंजान, अनीश सिंह, अवतार सिंह, अमित पासवान, कुश सिंह, शुभम कुमार, साहिल, करण, अभिजीत विकास कुमार, विक्की साहू, रिशु तिवारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.



## त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को ले शांति समिति की बैठक

जयनगर नित्यानंद झा राजू आगामी त्योहारों रामनवमी और चैत्री नवरात्रे को लेकर जयनगर थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई. अध्यक्षता एसडीएम जयनगर बेबी कुमारी ने की. एसडीपीओ विप्लव कुमार औरे थानाध्यक्ष अमित कुमारे रामनवमी एवं चैत्री नवरात्र समितियों से शांतिपूर्ण रैली निकालने की अपील की. प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों से पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की. लोगों से आग्रह किया गया कि वे किसी प्रकार का कोई ऐसा कार्य न करें जिससे लोगों को परेशानी हो या किसी की धार्मिक भावना आहत होती हो. लोगों को डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध की बात बताते हुए डीजे साउंड नहीं बजाने की हिदायत दी गई. रामनवमी जुलुस के दौरान भड़काऊ नारे एवं अश्लील गीत नहीं बजाने की सख्त हिदायत दी गई. उपस्थित लोगों ने जयनगर की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए सभी त्योहारों को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी. मौके पर नपं मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, सचिन सिंह, अनिरुद्ध ठाकुर, अरविंद तिवारी, भूषण सिंह, प्रदीप प्रभाकर, मो इदरिश मंसूरी, मो जिलानी आजाद, पवन यादव, उधव कुंवर, रंजीत गुप्ता, धीरेन्द्र झा समेत अन्य उपस्थित थे.



## 15 दीन अखंड नाम हरि संकीर्तन मैं हरिजन कल्याण समिति कांड्रा बस्ती डोकाकुली के शामिल होने पहुंचे आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सरायकेला**

कांड्रा/ पंचायत अंतर्गत हरिजन कल्याण समिति कांड्रा बस्ती डोकाकुल्ही में शनिवार को हरी मंदिर के 15 दिन अखंड नाम हरि नाम संकीर्तन प्रांगण में हरिनाम संकीर्तन में आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन शामिल हुए. वहीं मंत्री एवं अतिथियों का स्वागत माला पहना कर किया गया.

मंत्री ने हरि मंदिर में मत्था टेक कांड्रा के लिए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. वहीं विधायक फंड से मंदिर के जीणोंधार का वादा किया. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री राधा गोविंद अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया. वहीं इस मौके पर हरि संकीर्तन समिति के अध्यक्ष स्व. घांसीराम कालिंदी के पुत्र बीरेंद्र कालिंदी ने बताया कि 11मार्च से 26 मार्च तक चलने वाले संकीर्तन में झारखंड और पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध 10 संकीर्तन मंडली शिरकत कर रहे हैं तथा आज रात्रि जागरण और कल धूलट के साथ कीर्तन का समापन होगा.

आपको बता दें कि हरि संकीर्तन में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है. हरि संकीर्तन से कांड्रा डोकाकुल्ही के साथ आस पास पूरा वातावरण भक्तिमय हो चुका है. उन्होंने बताया कि कीर्तन के समापन के बाद भक्तों के बीच भंडारे का आयोजन किया जाएगा

मौके पर मंत्री के साथ केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष राम हांसदा, राजेश भगत, लालबाबु महतो, दिलीप दे, , सुशेन कालिंदी, धीरेन कालिंदी, गौर प्रसाद कालिंदी बाबूलाल कालिंदी रामापोदो कालिंदी संग समिति के सदस्य मौजूद रहे. वही इस साल बच्चों के लिए मनोरंजन का झूला एवं मिकी माउस का प्रबंध किया गया जिसे अखंड नाम हरि संकीर्तन को देखने के लिए दूरदराज से आए श्रद्धालु भक्त वृंद का तांता लगा रहा एवं कांड्रा ग्रामवासी शांति एवं स्वार्थ के लिए मनोकामना की



## पीआरडी की चुप्पी से पत्रकार साथियों में आक्रोश-प्रीतम भाटिया

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । एआईएसएम जर्नालिस्ट वेलफेयर ऐसोसिएशन की लगातार विभिन्न जिलों में ज्ञापन सौंपने का असर 7 फरवरी 2023 को आईपीआरडी की उप-निदेशक शालिनी वर्मा के पत्र में देखने को मिला.जहाँ पत्र में सभी जिलों के जनसंपर्क पदाधिकारी को ऐसोसिएशन के पत्र का हवाला देते हुए विभिन्न जिलों में पत्रकार साथियों पर दर्ज फर्जी मामलों की लिखित शिकायत लेने और आँकड़े जुटाने का निर्देश दिया गया था.आज डेढ़ महिने बीत जाने के बाद भी ज्यादातर जिलों में न इस विषय पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पत्रकारहित में कोई सकारात्मक पहल कर पाएं हैं और न ही फर्जी मामलों पर आँकड़े जुटाने को लेकर कोई बैठक हुई है. उक्त बातें ऐसोसिएशन के बिहार,झारखंड और बंगाल प्रभारी प्रीतम सिंह भाटिया ने एक बयान जारी करते हुए कहीं हैं.श्री भाटिया ने राज्य में पत्रकार साथियों पर लगातार बढ़ रहे फर्जी मामलों की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसा कहा हैं.उन्होने कहा है कि सरकार अपने स्तर से पत्रकार साथियों की बेहतरी के प्रयास में नजर आ रही है लेकिन अधीनस्थ अधिकारियों में सरकार के निर्देशों का पालन करने में कोई रूचि नजर नहीं आ रही है.वे बोले जब मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पूरे राज्य का ज्यादातर फर्जी मामलों का डाटा तैयार कर ऐसोसिएशन द्वारा दिया गया था तो इस पर सीधे सीआईडी जाँच के आदेश दिये जाने चाहिए. श्री भाटिया ने कहा कि पीआरडी द्वारा पत्रकार साथियों के हितों की रक्षा और सम्मान में टाल-मटोल,नजर अंदाज और देर कर करना कोई नयी बात नहीं है यह तो मानों परंपरा में शामिल हो चुका एक हिस्सा हो गया है.श्री भाटिया ने कहा कि राज्य में बीते सत्र में सत्ता और विपक्ष के दो विधायक इस मामले पर खुलकर बोल चुके हैं फिर अधिकारी कुंभकर्णी निद्रा में लीन हैं.वहीं एसोसिएशन के प्रदेश सह प्रभारी शंकर गुप्ता ने कहा कि आज भी फर्जी मामलों की मार झेल रहे ज्यादातर जिलों के पत्रकार कोर्ट कचहरी और थानों का चक्कर काट रहे हैं.वे बोले ऐसे मामलों को सुपरविजन शब्द का इस्तेमाल कर लंबे समय से लंबित ही रखा गया है.वे बोले एक तरफ राज्य में मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना लागू करने की पहल कर रहें हैं तो दूसरी तरफ कुछ अधिकारी उनकी कल्याणकारी योजनाओं की अनदेखी भी करने में लगे हुए हैं.

ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रवेश सिहं ने कहा कि राज्य में पत्रकार साथियों को लंबे समय से एक्रिडेशन (अधिमान्यता) के लाभ से वंचित रखने के लिए आईपीआरडी को ऑनलाईन भेजे गये आवेदनों को लंबित रखा गया है.वे बोले जिला जनसम्पर्क पदाधिकारियों को सभी जिलों में प्रत्येक 3 महिने में बैठक कर पत्रकारहित की योजनाओं की जानकारी देनी चाहिए जबकि ऐसा किसी जिले में आज तक नहीं हुआ है. ऐसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सियारामशरण सिहं ने कहा कि सरकार की पिछली बीमा योजना को लेकर कुछ जिलों में बीते माह जनसंपर्क विभाग में डीपीआरओ द्वारा पत्रकार साथियों की बैठक हुई थी लेकिन इस दौरान फर्जी मामलों पर कोई चर्चा या जानकारी देने की जरूरत महसूस नहीं की गई.वे बोले राज्य का दुर्भाग्य है कि सरकार हमारे ऐसोसिएशन की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करने को तैयार है किंतु संबंधित विभाग के अधिकारी सो रहें हैं. ऐसोसिएशन के प्रदेश महासचिव शैलेंद्र जयसवाल बंटी ने कहा कि राज्य में पत्रकारों का सम्मान और सुरक्षा तभी संभव है जब ऐसे गंभीर मामलों पर पत्रकार आयोग का गठन होगा क्योंकि पत्रकारहित के विषयों पर सरकार को निगरानी करने की जरूरत है.वे बोले ढफ्ढ केवल जनहित और सरकारहित की योजना की जानकारी देने तक ही सिमट कर रह गया है.वे बोले झारखंड सरकार को राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकार से भी कुछ सीखने की जरुरत है.

ए.आई.एस.एम जर्नलिस्ट वैलफेयर ऐसोसिएशन

## प्रकृति पूजा सरहुल पर हुरलूंग में भव्य कार्यक्रम आयोजित, आदिवासी पारम्परिक नृत्य का लोगों ने उठाया आनंद

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), 25 मार्च 2023 : आदिवासी मुलवासी सांस्कृतिक एकता मंच की ओर से 25 मार्च को गरुड़बासा, हुरलूंग में सरहुल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया . उक्त कार्यक्रम में प्रसिद्ध झूमर गायिका कुकूमुनि महतो ने झूमर गीत प्रस्तूत कर लोगों को झूमने पर मजबूर किया . मौके पर जानकारी देते हुए मंच के चेयरमैन कृष्णा लोहार ने बताया कि हुरलूँग गरुड़वासा में सरहुल कार्यक्रम विगत 2016 से ही किया जा रहा है. बीच में कोरोना काल के समय में साधारण रूप से पूजा किया गया था। परन्तु इस वर्ष सरहुल महोत्सव काफी धूमधाम के साथ आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि 25 मार्च की सुबह 10 बजे देशावली पूजा किया गया . उसके बाद शाम 6 बजे से हो, मुंडा, संथाली, लोहार-कमार, उरांव, भूमिज समाज के सांस्कृतिक दल द्वारा विभिन्न तरह के आदिवासी नृत्य व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा , जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया . वहीं संध्या 7:00 बजे से बंगाल की सुप्रसिद्ध झूमर गायिका कुकूमुनी महतो द्वारा झूमर गीत प्रस्तुत कर समाँ बाँध दी और कार्यक्रम में चार चाँद लगाने का काम किया .

**सरहुल महोत्सव में निम्न लोग बतौर अतिथि उपस्थित रहे**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार की मंत्री जोबा मांझी, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, संजीव सरदार, राजेश कच्छप, कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झामुमो के वरिष्ठ नेता गुरुचरण किस्कू अजीत तिर्की, दीपक रंजीत, मानाम बिंधनी, रायमुल बंडरा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे. इस मौके पर हजारों लोगों ने सरहुल महोत्सव में सिरकत कर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।



## धनौरा पंचायत एंव कुर्मा पंचायत में बीडीओ रवि सिंहा,बी सी प्रणव कुमार के द्वारा डब्लु पी यू का निरीक्षण किया गया।

**दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम**

धनौरा पंचायत एंव कुर्मा पंचायत में बीडीओ रवि सिंहा,बी सी प्रणव कुमार के द्वारा डब्लु पी यू का निरीक्षण किया गया। पंचायत में डब्लु पी यू निर्माण को जल्द पुरा करने लिए का निरीक्षण किया गया। ताकि गांव से निकलने वाले में कचरा प्रबंधन कार्य की शुरूआत की जाए । प्रत्येक घरों से निकलने वाले कचरे को पंचायत में बनाई जा रही डब्लु पी यू में संग्रहण किया जाएगा।

गीला व ठोस कचरा डब्लू पी यु मे जमा किया जाएगा बीडीओ रवि सिंहा ने पंचायत के मुखिया को डब्लु पी यु को जल्द पुरा करने का दिशा-निर्देश दिया

बीडीओ रविसिंहा, बी सी प्रणव कुमार धनौरा पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार मंडल,कुर्मा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रणव कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी, चैत नवरात्र, रमजान और चैती छठ पर्व को लेकर एसडीओ कुमार निशांत विवेक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवानंद सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार की बैठक

**दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम**

कहलगांव अनुमंडल के ट्रेसम भवन में आगामी पर्व रामनवमी, चैत नवरात्र, रमजान और चैती छठ पर्व को लेकर एसडीओ कुमार निशांत विवेक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवानंद सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे रसलपूर ओ पी थानाध्यक्ष कन्हैया कूमार,सनोखर थानाध्यक्ष रणतेज भारती,अमडंडा थानाध्यक्ष रवि कूमार, एंव अनुमंडल क्षेत्र के थाना के थानाध्यक्ष एंव बीडीओ रवि सिंहा, सी ओ राम अवतार यादव, बैठक मे मौजूद थे बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में पर्व त्योहार मनाने की अपील लोगों से की गई। रामनवमी पर निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर एसडीओ ने कहा कि जुलूस में डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील पूजा समिति से की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवानंद सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूजा समितियों से आग्रह किया कि समिति के सदस्यों की एक टीम बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस निकाले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



## मेला क्षेत्र में साफ सफाई का रखें विशेष ध्यान : एसडीओ

*रामनवमी व उर्स मेला को लेकर एसडीओ ने सारठ थाने में की दूसरी शांति समिति की बैठक*

**शिव कुमार यादव, दैनिक समाज जागरण संवाददाता,सारठ, देवघर**

देवघर (झारखंड) 25 मार्च 2023 :- वार्षिक उर्स मेला व रामनवमी को लेकर शनिवार को सारठ थाना परिसर में एसडीओ आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को दूसरी बैठक की गई। वही बैठक में मौजूद सीओ ममता मरांडी, बीडीओ पल्लवी सिन्हा, एसडीपीओ धीरेन्द्र नारायण बंका, पालोजोरी बीडीओ शिवाजी भगत आदि ने उर्स मेला कमिटी व रामनवमी अखाड़ा कमिटी के सदस्यों से मेले व जुलूस की तैयारी की पूरी जानकारी ली। बैठक में मजार के प्रवेश व निकासी द्वार, मेला क्षेत्र व अन्य उपयुक्त जगहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही साथ मेला के दौरान सारठ-पालोजोरी मुख्य पथ बाधित नहीं हो, सड़क के दोनों तरफ वनवे बैरियर लगाने, वाहनों के रख-रखाव के लिये पार्किंग की समुचित व्यवस्था, मेला परिसर में बिजली, पानी, साफ-सफाई के अलावे भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारी आदि को लेकर कई उपसमिति का भी गठन किया गया। प्रस्ताव लिया गया कि सभी गठित उपसमिति में पुलिस के जवान के साथ स्थानीय युवाओं को भी शामिल किया जाएगा। वहीं मेला क्षेत्र से सटे मध्य विद्यालय बालक के प्रांगण को भी चारो तरफ से बांस की बेरिकेटिंग करके चौकीदार को प्रतिनियुक्त किया जाएगा, ताकि विद्यालय परिसर में



कोई गंदगी नहीं हो और पठन-पाठन भी बाधित नहीं हो। वहीं एसडीओ ने कहा कि मेले में झूला लगाने के पहले प्रशासनिक स्वीकृति और तकनीकी स्वीकृति अनिवार्य है। मेले में होने वाले गंदगी को पुराना अस्पताल के बगल में जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें डालने पर भी सहमति बनी। वहीं सीओ ममता मरांडी ने कहा कि 29 मार्च से उर्स मेला है और 30 को रामनवमी है। जिसमें रामनवमी का जुलूस मेला क्षेत्र से होते हुए गुजरने का रूट है। ऐसे में जुलूस को निकलने के दौरान स्थानीय प्रशासन के अलावे ड्रोन कैमरे की भी व्यवस्था रहेगी। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों से अपील किया गया कि भाईचारे के साथ सौहार्द माहौल बना रहे ऐसा काम करना है। वहीं जुलूस व अखाड़ा को लेकर भी समय निर्धारित किया गया और एसडीपीओ ने कहा कि हर जगह पुलिस की तैनाती रहेगी। अफवाह पर कोई ध्यान नहीं दे और कोई भी सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को जानकारी दे। वहीं बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का भी जायजा लिया और उर्स मेला कमिटी को कई दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में थाना प्रभारी शैलेश पांडेय, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इश्तियाक मिर्जा, मुखिया प्रमोद राय, रंधीर राय, मुखिया पति अब्दुल मियां, समाजसेवी संजय मंडल, सीआई अक्षय सिन्हा, मजार का खादिम मुजफ्फर साह, सदर गुलाम हुसैन, शमीम शेख, समसुद्दीन अंसारी, मुख्तार शेख, बालकिशोर राय, कंचन मिश्रा, राजस्व कर्मचारी आनंद विश्वकर्मा समेत कई अन्य मौजूद थे।

## खूंटी : पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा मातृ महोत्सव का भव्य आयोजन

**सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड) :- आज दिनांक 25 मार्च 2023 दिन शनिवार को चौका थाना अंतर्गत खूँटी ग्राम मे पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सह वनाँचल समिति झारखण्ड द्वारा मातृ सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में चाँडिल पश्चिम के जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी,एवं आगंतुक सज्जनों ने मातृ वंदना, मां भारती, मां सरस्वती एवं ॐ के क्षेत्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया ' आयोजन मे आये खूँटी, कुर्ली, चौका, चावलीबासा, टुइटूंगरी, और आस -पास के ग्रामीण माता बहनों ने एवं अभिभावकों ने जम कर आयोजन का हिस्सा बने ' कुछ भाइयों और बहनों ने रंगमंच कार्यक्रम प्रस्तुति भी की, जिसमें मुख्य रूप से दुर्गा एलो ( बंगाली गाना) के नृत्य, सुन्दर झारखंडी नृत्य कला के साथ आमी आदिवासी एवं नृत्य नाटिका मां अंगुली पकड़ के चला गीतों में अद्भुत प्रदर्शन किया , जिसे



देखकर ग्रामीणों का मन मोह लिया ' वहीं विद्या भारती झारखंड के प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर ने पंच पदीय शिक्षण पद्धति द्वितीय 2020 इत्यादि के चर्चा करते हुए भाइयों एवं बहनों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिये ' कार्यक्रम को मुख्य रूप से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के अशोक कुमार पांडा जी संचालन किये ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य श्रीमती सविता मार्डी, विद्या भारती झारखंड एवं जमशेदपुर विभाग के प्रमुख श्री तुलसी प्रसाद ठाकुर, काशी साहू विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य श्री प्रहलाद चंद्र महतो, ग्राम प्रधान श्री सुकराम बेसरा, ग्राम पंचायत सदस्य परीक्षित महतो, अभिभावक वकील श्री लक्ष्मीकांत महतो, विद्यालय के अध्यक्ष श्री जग बंधु महतो , प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार पांडा, आचार्य श्री संजय कुमार साहू, रामचंद्र महतो, विश्व हिंदू परिषद के मंत्री मिथिलेश महतो , दीदी जी किरण प्रामाणिक, मातंगिनी कल्पना प्रमाणिक, मेनका, एस्तेर कुमारी के अलावे सैकड़ों माताएं बहने एवं अभिभावक गण उपस्थित थे ' कार्यक्रम को शांति मंत्र के साथ समापन किया गया '

## डेंटन इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा बच्चों को जूलॉजिकल पार्क जू का भ्रमण कराया गया

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 25 मार्च 2023 को तेतला, टाटा - हाता मेन रोड स्थित डेटन इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा बच्चों को जूलॉजिकल पार्क जू का भ्रमण कराया गया ' इस दौरान बच्चों ने खूब मस्ती की और प्रत्येक जानवरों के बारे में विस्तृत जानकारी अपने शिक्षकों के माध्यम से लिया ' विदित हो कि डेटन



इंटरनेशनल स्कूल, टिमकन फाउंडेशन व टिमकन इंडिया लिमिटेड द्वारा वित्त प्रदत है जो आवासीय के साथ प्लस टू तक की शिक्षा उपलब्ध करा रहा है वर्तमान में नामांकन प्रक्रिया नर्सरी से र३ा. श तक के लिए जारी है ' आज के टूर प्रोग्राम में स्कूल की कोऑर्डिनेटर मुनमुन तिर्की, शिक्षिका झूमा सरकार, मनीषा करवा, सहायक कर्मचारी सोमवारी मुर्मू एवं असीम पूर्ति समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे '

## सत्य साई अस्पताल ने लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), गोविंदपुर के डोमजुडी.पंचायत के मुखिया अनीता मुर्मू की अध्यक्षता में आज सुबह 11.30 बजे सत्य साई अस्पताल के सौजन्य से फ्री मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया.पंचायत भवन में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था.



उक्त शिविर में लाभुक महिलाओं का निबंधन करते हुए सत्य साई संस्थान द्वारा ब्लड प्रेशर,वजन,मधुमेह,खून की कमी और नाडी.परीक्षण आदि के परीक्षण के पश्चात स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम ने परामर्श कर निःशुल्क औषधियाँ भी दी. बताते चलें कि श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल जमशेदपुर की पूरी टीम जमशेदपुर के विशेषकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे फ्री मैडिकल कैंप लगाकर महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रहा है.अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि हमारे अस्पताल में जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं को विशेष रुप से ग्रामीण इलाकों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ही पिछले 3 महिने से ऐसे आयोजन किए जा रहें हैं.अस्पताल प्रबंधन की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए डोमजुडी. पंचायत के मुखिया,उप मुखिया एवं समस्त सहिया दीदियों का आभार भी प्रकट किया गया.

## कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के लोकप्रिय राजनेता राहुल गांधी जी की सदस्यता को रद्द किए जाने पर आदित्यपुर टाटा कांड्रा मुख्य सड़क लगभग 1 घंटे तक किया गया जाम

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 मार्च 2023 : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के लोकप्रिय राजनेता राहुल गांधी जी की सदस्यता को रद्द किए जाने को लेकर के आज कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में आदित्यपुर टाटा कांड्रा मुख्य सड़क को आकाशवाणी चौक के पास लगभग 1 घंटे तक जाम किया गया।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेसी जनों ने रोड जाम के पश्चात नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करके मोदी विरोधी एवं राहुल गांधी के समर्थन में पुरजोर नारे लगाए ।

इस अवसर पर अंबुज कुमार ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने तानाशाही शासन लागू कर दिया है देश की न्यायपालिका, मीडिया ,समेत अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास मोदी सरकार के द्वारा किया जा रहा है जो निंदा जनक है।

मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने कहा कि मोदी सरकार भारत में लोकतंत्र को समाप्त करके



तानाशाही शासन कायम करना चाहती है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी! राहुल गांधी की सदस्यता अगर बहाल नहीं की गई तो पूरे देश भर में जोरदार आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सुरेश धारी, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रमोद सिंह, गोपाल प्रसाद,समरेंद्र नाथ तिवारी, फूल कांत झा, राणा सिंह, सुनील सिंह, मीरा तिवारी, रिजवान खान, रानी , होपना हेमराम, श्री राम ठाकुर, कुणाल राय, सिद्धेश्वर उपाध्याय, रामा शंकर पांडे, मुकेश श्रीवास्तव ,प्रकाश मंडल, सुशील सिंह, संदीप पॉप, वैजयंती बारी, रमेश बालमुचू, झरना मन्ना ,सविता साहू, मिसरवनसरिया, संगीता प्रधान, अजय ओझा ,मुबारक मोमिन, रेहान खान ,विनय झा, सीएस मिश्रा ,राहुल यादव ,राजकुमार सिंह, रवि कुमार, दीपू ठाकुर ,दारा सिंह ,संतोष चौधरी, पंकज कुमार ,रोहित कुमार ,विनोद सिंह ,मुन्ना सिंह ,यीशु झा, डी एन सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता ,पदाधिकारी एवं आमजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 21 मामलों में राशि भुगतान की मिली स्वीकृति

**जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में लिया गया राशि भुगतान सम्बन्धित निर्णय**

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023:- पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के द्वारा जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई।बैठक में अधिनियम के तहत मामलों की चर्चा हुई।इसमें 21 मामलों के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी।

जिले के विभिन्न थानों में दर्ज कांड एवं पुलिस प्रशासन की अनुशंसा प्राप्त मामलों को बैठक में रखा गया था,जिसमें राशि भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान करते हुए पीड़ितों के बीच भुगतान करने का निर्णय लिया



गयाजिन 21 मामलों में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई,उसमें जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने,मारपीट करने एवं गाली-गलौज करने आदि से संबंधित था।इससे संबंधित जिले के विभिन्न थानों में कांड दर्ज कर अनुसंधान की गयी थी।जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने बताया कि 21 पीड़ित/पीड़िताओं के बीच 6 लाख रुपए की राशि भुगतान की स्वीकृति मिली है।निदेशानुसार स्वीकृत राशि लाभुकों के बीच शीघ्र भुगतान की जायेगी।बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह,पांकी,हुसैनाबाद व छतरपुर विधायक के प्रतिनिधि,चतरा सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधि एवं 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्यों और प्रखंड के पदाधिकारियों के बीच विशेष बैठक

**दैनिक समाज जागरण राजेश कुमार प्रखंड संवाददाता अड़की**

रांची झारखण्ड 25 मार्च 2023:- अड़की प्रखंड सभागार मे शनिवार को जनप्रतिनिधि की ओर से पंचायत समिति सदस्यों और प्रखंड स्तरीय बीस सुत्री किर्यान्वयन समिति के बीच प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ दो चरणों में एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई । बैठक में प्रमुख कृष्ण सिह मुंडा और बीस सुत्री अध्यक्ष भोलानाथ लाल के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में पेयजल , संड़क , बिजली , सहकारिता , शिक्षा , कल्याण आपूर्ति , मनरेगा ,बालविकास , स्वास्थ , पशुपालन विभाग , सहित जन कल्याणकारी योजनाओं पर बैठक मे मौजुद सभी विभागों की समिक्षा किया गया । वहीं क्षेत्र में चल रहे योजनाओं के काम मे तेजी लाने का दिशा निर्देश दिये गये । एवं बैठक मे उपस्थित पंचायत समिति सदस्य और बीस सुत्री कार्यान्वयन सदस्य के द्वारा उठाये गए ज्वलंत जन मुद्दो का सुची तैयार किया गया । जिसमें मुख्यतः वाड़िनीजकेल पंचायत के तुबिद के उपर टोला में बिजली की व्यवस्था एवं हड़ामसेरेंग के बेड़ाडीह में शेड एवं पानी की



व्यवस्था हेतु मांग रखी गई । आपूर्ति विभाग से सिंजुरी ,कोचांग ,साके साली में सोमवार को धोती साड़ी वितरण का कार्यक्रम है । सहकारिता कल्याण विभाग द्वारा चिकित्सा सहायता हेतु 47 आवेदन तथा रोजगार सृजन के 12 आवेदन दिए गए हैं ,मनरेगा के आम बागवानी में 500 एकड़ की लक्ष्य है जिसमें से 114 एकड़ क्षेत्र में लगाई गई है । तलाब ,मेड़बंधीकरण , मिटटी कार्य ,दीदी वाड़ी आदि पर चर्चा की गई जिसमें पाया गया कि लोधी पुराण पूर्णानगर निवासी मेड़बंदी योजना में बिना कार्य का भुगतान संबंधित शिकायत दी गई । झारखंड कृषि ऋण माफी के तहत 1184 व्यक्तियों का ऋण माफी हो गया है एवं 268 ऐसे व्यक्तियों की सूची दी गई जिनकी ऋण माफ नहीं हो पाएगा । सभी चचाओं के बाद प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दिलीप कुमार ,सी०डी०पी०ओ मैबिस मुंडू ,सहकारीता पदाधिकरी श्याममोहन खालखो , पंचायत राज्य पदाधिकरी कार्तिक सिंह मुंडा , उप प्रमुख योसेफ कंडीर , बीस सुत्री उपाध्यक्ष सोनाराम यादव ,पंचायत समिति सदस्य कालीदास सोय , चन्दशाय शोले प्रकाश मुंडा ,बेरोनिका टुटी ,अजय साहु तथा सभी विभाग के विभागिय पदाधिकरी शामिल थे ।

## अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 24 आवेदकों को मिली स्वीकृति

(आर एन चौरसिया, ब्यूरो चीफ) धनबाद, धनबाद उपायुक्त , सह जिला दंडाधिकारी , संदीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक में, अधिनियम के तहत आए 46 आवेदनों की समीक्षा की गई। प्राप्त 46 आवेदनों में से कुल 24 आवेदनों को राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी। बाकी बचे 22 आवेदनों को अपर्याप्त दस्तावेज के कारणों से लंबित रखा गया। जिसे दस्तावेज प्राप्त हो जाने पर स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

इस दौरान उपायुक्त ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत पीड़ित परिवारों को मुआवजा भुगतान के साथ-साथ ने लंबित मामलों की जानकारी भी ली। इस दौरान बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के लिए कल्याण विभाग की ओर से संचालित चिकित्सा सहायता योजना



के लिए जिला से आये कुल 18 आवेदनों को स्वीकृति दी गयी।

उपायुक्त ने योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर पंचायत सचिवालयों और प्रखंड कार्यालयों में योजनाओं से संबंधित वॉल पेंटिंग, बैनर आदि लगाने को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी नही होती। इसके अभाव में लोग योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह जाते है। ऐसे में योजनाओं का प्रचार प्रसार काफी महत्वपूर्ण है।

बैठक में उपायुक्त, संदीप सिंह, टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो,निदेशक एन.ई.पी श्रीमती इंदु रानी, जिला परिषद अध्यक्ष ,श्रीमती शारदा सिंह ,सांसद प्रतिनिधि धनबाद , अजय तिवारी, विधायक प्रतिनिधि झरिया , के डी पांडेय, सिंदरी विधायक प्रतिनिधि, कुमार महतो, धनबाद विधायक प्रतिनिधि, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ, सुनील कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार बंधु कच्छप समेत कई अन्य लोग मौजूद थें।

## बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए एनजीओ को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए , मथुरा प्रसाद महतो,

*लोग बाल विवाह को स्वतः रोके, यही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है , धनबाद उपायुक्त*

(आर एन चौरसिया, ब्यूरो चीफ) धनबाद, आज समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए विभिन्न एनजीओ को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए । साथ ही समाज सुधार लाने के लिए आगे आना चाहिए। बाल विवाह जैसी कुप्रथा तभी रुकेगी जब जनप्रतिनिधि, आम लोग, एनजीओ मिलकर साझा प्रयास करेंगे। इससे समाज को नई दिशा मिलेगी और बाल विवाह जैसी कुप्रथा शून्य हो जाएगी।

टुंडी के विधायक, मथुरा प्रसाद महतो ने शनिवार को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रति जागरूकता लाने के लिए न्यू टाउन हॉल में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में कही।

माथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि जिले में सैंकड़ों एनजीओ सक्रिय है। उन्हें सामूहिक विवाह जैसे आयोजन में आगे आना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया की राज्य सरकार द्वारा सामूहिक विवाह, अज्ञात शव का दाह संस्कार जैसे विभिन्न कार्यों के लिए सहायता प्रदान की जाती है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को रोकने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार ने पठन-पाठन की दिशा में व्यापक प्रगति की है।

मौके पर उपायुक्त , संदीप सिंह ने कहा की लोग स्वतः बाल विवाह को रोके। यही इस कार्यशाला का उद्देश्य है। इसमे जनप्रतिनिधि, विभिन्न एनजीओ समाज के साथ नजदीकी से जुड़े हैं। उन्हें लोगों को जागरूक कर बताना चाहिए की बाल विवाह से बच्ची का जीवन खतरे में पड़ जाता है। वह उचित शिक्षा से वंचित रह जाती है। मानसिक और बौद्धिक विकास रूक जाता है। घरेलू हिंसा व शोषण की शिकार हो जाती है। कम उम्र में विवाह होने से कुपोषित एवं कम वजन के बच्चे जन्म लेते हैं।

कुप्रथा, अशिक्षा, सामाजिक दायित्व से जल्द मुक्त होने की इच्छा,




लड़कियों को आर्थिक बोझ समझना, गरीबी, घटता लिंगानुपात बाल विवाह का कारण है।

उन्होंने कहा बाल विवाह करना, बाल विवाह के लिए सहयोग करना या मध्यस्था करना कानूनी अपराध है। इसमें दो साल की कैद और एक लाख रुपए का जुमार्ना है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि ऐसे मामले संज्ञान में आने पर बाल विवाह में सहयोग या मध्यस्था प्रदान करने वालों पर अनिवार्य रूप से कार्रवाई करें।

कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानून एवं दंड का प्रावधान सहित अन्य विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

आगे उन्होंने कहा की बाल विवाह की सूचना बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, जो हर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हैं, को दे सकते हैं। इसके अलावा 100 नंबर पर डायल कर या चाइल्ड लाइन के 1098 पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी या कर्मचारी को भी सूचना दे सकते हैं।

कार्यशाला का शुभारंभ टुंडी के विधायक, मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्ष, श्रीमती शारदा सिंह, उपायुक्त, संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त, शशि प्रकाश सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

साथ ही पोषण अभियान 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बाघमारा एवं निरसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में टुंडी के विधायक , मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष, श्रीमती शारदा सिंह, उपायुक्त, संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त , शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप, धनबाद सांसद के प्रतिनिधि , अजय कुमार तिवारी, विधायक झरिया के प्रतिनिधि, केडी पांडेय, विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि, कुमार महतो, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर , अरविंद कुमार बिन्हा, डीएसपी मुख्यालय एक के अमर कुमार पांडेय, एसडीपीओ बाघमारा, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष , उत्तम मुखर्जी सहित विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## तमाड़ रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर महंत सीताराम बाबा ने बाबूरामडीह ग्राम में की बैठक।

**दिलीप कुमार साहू दैनिक समाज जागरण संवाददाताप्तबुंडू अनुमंडल रांची।**

तमाड़ थाना अंतर्गत मल्हॉन भुईयाडीह के बाबुरामडीह ग्राम में रामनवमी महापर्व जुलूस यात्रा को लेकर महंत सीताराम बाबा की अध्यक्षता में अहम बैठक की गई । महंत ने जानकारी देते हुए कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाए। और जुलूस में सभी को शामिल होने के लिए कहा महंत ने दिशा निर्देश देते हुए कहां की रामनवमी जुलूस पर कोई भी संप्रदायिकता गाना नहीं बजेगी और ना ही कोई नारा वैसी लगेगी जिसमें समाज में भाईचारा खत्म हो जुलूस को बहुत ही शांति और सौंदर्य ढंग से निकालना है। महंत ने कहा कि सभी राम दूत के सेना जुलूस का नेतृत्व करें और जुलूस में कोई भी देवीय घटना ना घटे इस की देखरेख करने की जिम्मेवारी राम दूत के कार्यकर्ता को दिया गया इस बैठक में शामिल हुए बजरंग दल के संयोजक दिलीप कुमार सहसंयोजक संजय महतो अमित महतो शैलेंद्र कुमार प्रदीप कुमार संजय अहिर गोलू गुप्ता जगजीवन लोहरा राहुल पुराण शरद महतो दिनेश महतो मोहनलाल महतो राजेश कुमार दीपक कुमार प्रकाश पुराण राहुल पुराण एवं बहुत ही गणमान्य व्यक्ति बैठक में उपस्थित हुए।

## फोरेस्ट फायर के रोकथाम व सुरक्षा के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक संपन्न।

(आर एन चौरसिया, ब्यूरो चीफ) धनबाद, उपायुक्त , संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में फोरेस्ट फायर के रोकथाम व सुरक्षा के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक संपन्न हुई। जिसमें फोरेस्ट फायर के रोकथाम व सुरक्षा के लिए विचार-विर्मश किया गया। उक्त बैठक में धनबाद उपायुक्त ने कहा की जब जंगल में आग लगने के सूचना मिलती है तो उसे तत्काल बुझाने का कार्य करें। ताकि ससमय आग को बुझाया जा सके। जंगल में आग लगने से रोकथाम के लिए लोगों को जागरुक करे।



उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि जंगल की सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इसलिए महुआ फूल व अन्य उपज इकठ्ठा करने के लिए पेड़ के नीचे या आसपास आग न लगाएं। इसके साथ ही जंगल के रास्ते से गुजर रहे हैं तो बीड़ी, सिगरेट जलते हुए कभी ना फेंके। वनों के निकट के खेतों में भी आग लगाने से बचें। लोगों की छोटी सी कोशिश जंगल को नुकसान को बचा सकती है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी , विकास पालिवाल ने जंगल में आग लगने के कारण और आग लग जाने से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तृत रूप से बतलाया। उन्होंने जंगल में आग लगने से रोकने के लिए सभी वनपाल के बीच उपायों को भी साझा किया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया की भारतीय वन सर्वेक्षण के द्वारा पोर्टल का निर्माण किया गया है। आंगनवाड़ी कर्मी, वन समिति के सदस्य, शिक्षक, एएनएम, प्रखंड व पंचायत स्तर के कर्मियों को पोर्टल पर निबंधन कराना है। पोर्टल के माध्यम से जंगल में आग लगने की सूचना सेटेलाइट के माध्यम से मिल जाती है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि ँ३३स्र://ा२.ल्लू.ल्ल/ लिंक के माध्यम से प्रखंड व पंचायत स्तर के कर्मी, सेविका/सहायिका, एएनएम, रोजगार सेवक, कृषि मित्र समेत सभी लोगों का ज्यादा से ज्यादा निबंधन करायें।

उक्त बैठक में, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार धनबाद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता ने बताया की मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 52082 लोगों को भुगतान किया है। साथ ही 765 प्रभावितों को शीघ्र ही भुगतान किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा की कोविड-19 से मृतक व्यक्ति के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान के भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

बैठक में उपायुक्त , संदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी , विकास पालीवाल, नगर आयुक्त , सत्येंद्र कुमार, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता, अध्यक्ष जिला परिषद श्रीमती शारदा सिंह, सिविल सर्जन डॉ, आलोक विश्वकर्मा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार पदाधिकारी संजय कुमार झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कांड्राः तीन माह बाद पुलिस के गिरफ्त में आया चोरी का आरोपी चेपा

**दैनिक समाज जागरण, दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला( झारखंड)**

आदित्यपुर पुलिस ने तीन माह पूर्व राशन दुकान का शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवक कार्तिक लोहार उर्फ चेपा को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने सीसीटी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान की थी. बता दें आदित्यपुर थाना से महज 100 मीटर दूर एक राशन दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था. जिसमें दुकान से चोरों ने करीब 30 हजार रुपए नगद के साथ करीब 10 हजार रुपए की समानों की चोरी की थी.



**चोरी व छिनतई के आरोप में पहले भी जेल जा चुका है आरोपी**

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए राशन दुकान मालिक उलाशी मंडल ने बताया कि सुबह जब उनका बेटा दुकान खोलने गया तो पाया कि गल्ला टूटा पड़ा है और उसमें नगद रुपए गायब हैं. तब पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की जिसमें चेपा की पहचान हुई थी. आज आदित्यपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी कार्तिक लोहार उर्फ चेपा को गिरफ्तार कर लिया है. आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया की आरोपी पूर्व में भी कई चोरी व छिनतई के आरोप में जेल जा चुका है.

# कांड्राः नहाय खाय के साथ सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ शुरू

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सरायकेला झारखंड**

लोक आस्था का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ. व्रतियों ने तालाब व घरों में स्नान कर अरवा चावल का भात, चने की दाल व कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया. इसे प्रसाद स्वरूप परिवार के सदस्यों, संबंधियों व पड़ोसियों में भी बांटा. चैती छठ को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में छठ के गीत गूंज रहे हैं. व्रतियों द्वारा गाए जा रहे छठ गीतों से इस समय पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है. वहीं 26 मार्च रविवार को व्रती खरना करेंगे और 27 मार्च सोमवार के दिन अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा. 28 मार्च मंगलवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही महापर्व का समापन हो जाएगा

**36 घंटे का होता है निर्जला उपवास**

इधर, वार्ड 17 की पार्षद नीतू शर्मा अपने वार्ड की सुख शांति के लिए शनिवार को नहाय खाय का व्रत रखकर चार दिवसीय चैती छठ का संकल्प लिया. उन्होंने बताया कि आज से इस पर्व की शुरूआत हो गई है. नहाय खाय के दिन बने प्रसाद में लहसुन-प्याज पर प्रतिबंध होता है. छठ व्रती प्रसाद बनाने के बाद सबसे पहले भगवान सूर्य की आराधना करते हैं उसके बाद नहाय खाय का प्रसाद ग्रहण करते हैं. उन्होंने कहा कि खरना की तैयारी में वे अभी से ही लग गई हैं जबकि अर्घ्य के लिए गेहूं आदि चुनने का कार्य भी वह कर रही हैं.

## संत फ्रांसिस स्कूल जसीडीह मैं पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम के बारे में बच्चों को जागरूक किया

**दैनिक समाज जागरण देवघर**

पुलिस उपाध्यक्ष सीसीआर आलोक रंजन एवं यातायात थाना देवघर के पदाधिकारियों के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा के बारे में जागरूक हेतु दिनांक 25 मार्च 2023 को पुलिस ने जागरूकता अभियान



के तहत संत फ्रांसिस स्कूल जसीडीह देवघर के बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। तथा उन्हें इस बात के बारे में भी जानकारी दी गई कि बिना लाइसेंस के गाड़ी ना चलाएं, अपने अभिभावक को कहे कि बिना सीट बेल्ट के या नशे की अवस्था में गाड़ी ना चलाएं तथा उन्हें मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगाए जाने वाले जुमार्ना के बारे में भी जानकारियां दी गई। इस दौरान पुलिस उपाध्यक्ष सीसीआर आलोक रंजन के द्वारा जानकारियां की गई कि नाबालिक बच्चे वाहन ना चलाएं जिन्हें पकड़े जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुमार्ना किया जा सकता है तथा बिना हेलमेट एवं शराब के नशे में गाड़ी नहीं चलाएं सभी बच्चे अपने अभिभावक एवं माता पिता को जागरूक करें।

संत फ्रांसिस स्कूल जसीडीह देवघर के लगभग 2000 बच्चों को इस संबंध में जागरूक किया गया। वहीं बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को भी इस संबंध में जागरूक किया गया तथा उन्हें इस बात की जानकारी दी गई कि वे अपने स्तर से भी बच्चों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु सजग करें।

## विधायक संजीव सरदार का प्रयास रंग लाया"

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता ,जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 25 मार्च 2023-पोटका प्रखंड के हेंसलबील के गरीब परिवार की गीता कैवर्त बच्चादानी की बीमारी से ग्रसित थी।चिकित्सकों ने उन्हें महंगा आपरेशन का सलाह दिया। पैसे के अभाव में गीता का आपरेशन नहीं हो पा रहा था। हल्दीपोखर पूर्वी के उप मुखिया ओमप्रकाश



गुप्ता ने इसकी जानकारी विधायक को दिया। विधायक ने गंगा मेमोरियल हास्पिटल डिमना जमशेदपुर के निदेशक डा.नागेंद्र सिंह को गरीब गीता का दुखड़ा बताया और इलाज करने का अनुरोध किया। डा.सिंह ने गीता कैवर्त को भर्ती लेकर उसके बच्चेदानी का आपरेशन कर निःशुल्क समुचित इलाज कर दिया।अब गीता के चेहरे पर मुस्कान है। गीता डाक्टर सिंह और विधायक संजीव सरदार को इस पहल के लिए मुक्त कंठ से सराहना किया है।

## पोटका संसाधन केंद्र में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफ एल एन) से संबंधित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, कार्यक्रम को लोगो ने सराहा

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), प्रखंड संसाधन केंद्र पोटका में बीते 10 फरवरी से 25 मार्च ) तक चलने वाली से गैर आवासीय एफ एल एन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शनिवार को समापन हो गया। इस बाबत प्रशिक्षण श्यामल कुमार मंडल ने कहा कि प्रत्येक प्राथमिक व मध्य विद्यालयों से दो-दो शिक्षकों शिक्षिकाओं को





वर्ग 1से 3 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान वर्ग अनुसार दक्ष बनाने हेतु दिया गया ।पोटका प्रखंड के कुल 560 शिक्षक शिक्षिकाएं 14 बैचों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। ज्ञात हो कि विगत वर्ष भी यह प्रशिक्षण दिया गया था ।जानकारी हित कि एफ एल एन प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य है वर्ष 26-27 तक वर्ग 1 से 3 तक के सभी बच्चे अपने वर्ग के अनुसार दक्षता प्राप्त कर ले। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में श्री प्रदीप कुमार मंडल ,मोंटू पातर श्यामल कुमार मंडल एवं खोगेन सरदार ने हिस्सा लिया।

## गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति का बैठक संपन्न हे थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने मुद्दों पर मंथन किया गया

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सरायकेला झारखंड**

आज गम्हरिया थाना में शांति समिति का बैठक संपन्न हुई जिसमें रामनवमी में को देखते हुए एवं शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया वही थाना प्रभारी श्रीमती सुषमा कुमारी ने बताइ हुड़दंग करने वालों की एवं



डीजे को बजाने का पूर्णता बंद रखने की आदेश दिया गया एवं विभिन्न ने समस्याओं का जैसे बिजली एवं नाला साफ सफाई सड़क में किसी प्रकार की दुकाने नहीं लगाने की चेतावनी दी वहीं उपस्थित अखाड़ा कमेटियों का अध्यक्ष श्री अमृत महतो छोटा गम्हरिया पूंजी डूंगरी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष महोदय ने अपनी समस्याओं का थाना प्रभारी महोदया को अवगत कराएं एवं गम्हरिया के दूसरे अखाड़ा समिति ने भी अपनी समस्याओं का सामने रखा गया थाना प्रभारी महोदय ने यथासंभव अपने स्तर से सहयोग करूंगी वहीं उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष छाया कांत गोराई ,वार्ड पार्षद सिद्धनाथ सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा नेता बबलू प्रधान ,अमृत महतो, सोनू सरदार ,प्रभादेवी, अमरेश सिंह एवं और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए

# वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन राशि 2 हजार रुपए प्रति माह करें सरकार- पुरेंद्र

### *पेंशन राशि में वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन 7 अप्रैल को अंचलाधिकारी गम्हरिया को सौपगी आदित्यपुर विकास समिति*

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 मार्च 2023 : राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्ध, विधवा एवं स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन पेंशन को 2 हजार रुपए प्रति माह किए जाने की मांग को लेकर आंदोलनात्मक रणनीति बनाने हेतु आदित्यपुर विकास समिति की एक बैठक जयप्रकाश उद्यान टीओपी के पीछे आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई।

ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सरकार द्वारा विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांग जनों को 1 हजार रुपए प्रति माह पेंशन दिया जाता है।

ज्ञातव्य है कि वर्तमान में आदित्यपुर नगर निगम में करीब 7780, सरायकेला- खरसावां जिले में 1,20,720 एवं झारखंड राज्य के 24 जिलों में कुल 34,07,955 लोग पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं'

बैठक में पुरेंद्र नारायण सिंह ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 1 लाख रुपए के स्थान पर 4 लाख रुपए मृतक के आश्रित को सहायता राशि दिए जाने की मांग सरकार से की '

ज्ञातव्य है कि राज्य आपदा मोदन निधि (एसडीआरएफ) के तहत नदी



में डूबने, वज्रपात, सर्पदंश के कारण मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को 4 लाख रुपए एवं सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को सिर्फ 1 लाख रुपए सहायता प्रदान की जाती है।

साथ ही उन्होंने सरकार से यह भी मांग किया कि नदी में डूबने, सर्पदंश, वज्रपात या सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता राशि अंचलाधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया जाए ताकि परिवार मृतक का अंतिम संस्कार और श्राद्ध कर्म संपन्न करा सके' शेष राशि पूर्व की भांति सरकार मृत के आश्रित को उपलब्ध करावे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पेंशन राशि प्रतिमाह 2 हजार रुपए एवं सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को 4 लाख रुपए दिए जाने की मांग को 7 अप्रैल को दोपहर 12:00 मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अंचलाधिकारी गम्हरिया को सौंपा जाएगा '

बैठक में पुरेंद्र नारायण सिंह, एस एन यादव, उमाशंकर राम, रामजी शर्मा, सत्य प्रकाश, रामचंद्र पासवान, कैलाश शाह, शैलेंद्र कुमार, अशोक सिंह, अनुज कुमार मिश्रा, शंभू प्रसाद शशांक, प्रदीप प्रसाद, आशीष कुमार, सुबोध सिंह, देव प्रकाश, रघुनाथ प्रसाद सिंह, सुनील सिंह, कौशल सिंह, अयोध्या गिरी, विमल दास, एमएन सिंह, अधिवक्ता संजय कुमार, मिथिलेश कुमार झा, सूरज देव कुमार, संतोष महतो, सिमरन मेहरा उपस्थित थे।

## चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवक कार्तिक लोहार उर्फ (चेपा) को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 मार्च 2023: पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवक कार्तिक लोहार उर्फ (चेपा) को गिरफ्तार कर लिया है.मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीसीटी की मदद से आरोपी को दबोचा.

पूर्व में आदित्यपुर थाना से महज चंद कदमों पर एक राशन दुकान का शेड तोड़कर चोरों ने हजारों मूल्य के चोरी की घटना को अंजाम दिया था. जिसमे चोर ने तकरीबन 30 से 40 हजार तक चोरी के घटना को अंजाम दिया था. चोरी के संबंध में जानकारी देते हुए दुकान मालिक उलाशी मंडल ने बताया कि सुबह जब उनका बेटा राशन दुकान खोलने आया तो पाया कि गल्ला टूटा हुआ है और उसमें नगद रुपए गायब हैं जांच करने पर पाया गया कि छत के सीट को तोड़ चोरों ने दुकान में प्रवेश किया है बाद में पुरी घटना की वारदात सीसीटीवी में देखने के बाद आदित्यपुर पुलिस को सूचित किया गया जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन प्रारंभ की.

वही आदित्यपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर. सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी कार्तिक लोहार उर्फ (चेपा)को गिरफ्तार कर लिया है. आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया की आरोपी पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में जेल जा चुका है.

## यूसील की रक्तदान शिविर में 220 यूनिट रक्त संग्रह, महिलाए व यूवाओ में दिखा उत्साह

### *लोगों की जान बचाने से बड़ा कोई सेवा नही/ डॉक्टर कंचन भट्टा मिश्रा*

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), यूसील की ओर से शनिवार को कार्यक्रम नरवा पहाड़ क्लब भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इधर इस रक्तदान शिविर में पिछले साल के रिकॉर्ड 183 यूनिट को तोड़ते हुए 220 रक्त दाताओं ने रक्तदान में हिस्सा लिया। कुल 220 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।जिसमें 5 की संख्या में महिला व 115 पुरुष रक्तदाताओ नेहिस्सा लिया। यह पहला मौका है जहा यूसील की इस रक्तदान शिविर में महिलाए व यूवाओ में भी रक्त दान के प्रति ज्यादा उत्साह देखा गया।इसके पूर्व समारोह की मुख्य अतिथि डॉक्टर कंचन भट्टा मिश्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है।उसे जनता के प्रति सबसे बड़ी सेवा बताया ।अंत में उन्होंने कहा की इसके जरिए प्रति वर्ष कई लोगो की जान यूसीलकर्मियों व गैर कम्पनी कर्मियों के रक्तदान के जरिए बचाई जाती है।

रक्त दान शिविर सफल बनाने में उपस्थित लोग

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी टी भट्टाचार्या ,डॉक्टर पी के अधिकारी,



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के असिस्टेंट कमांडेंट एस के तिवारी,हेमलता पी शिरोडकर, डी एन सिंह, पी सी दास, आनंद महतो, प्रशांत महतो, धनंजय सिंह, महेश्वर दास, बाला कृष्णा मिश्रा, महेश्वर दास, नरेन्द्र सिन्हा, बुध राय टुडू,डॉक्टर एल बी सिंह ने अहम योगदान दिया।

## गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति का बैठक संपन्न हे थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने मुद्दों पर मंथन किया गया

**समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सरायकेला झारखंड**

आज गम्हरिया थाना में शांति समिति का बैठक संपन्न हुई जिसमें रामनवमी में को देखते हुए एवं शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया वही थाना प्रभारी श्रीमती सुषमा कुमारी ने बताइ हुड़दंग करने वालों की एवं डीजे को बजाने का पूर्णता बंद रखने की आदेश दिया गया एवं विभिन्न ने समस्याओं का जैसे बिजली एवं नाला साफ सफाई सड़क में किसी प्रकार की दुकाने नहीं लगाने की चेतावनी दी वहीं उपस्थित अखाड़ा कमेटियों का अध्यक्ष श्री अमृत महतो छोटा गम्हरिया पूंजी डूंगरी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष महोदय ने अपनी समस्याओं का थाना प्रभारी महोदया को अवगत कराएं एवं गम्हरिया के दूसरे अखाड़ा समिति ने भी अपनी समस्याओं का सामने रखा गया थाना प्रभारी महोदय ने यथासंभव अपने स्तर से सहयोग करूंगी वहीं उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष छाया कांत गोराई ,वार्ड पार्षद सिद्धनाथ सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा नेता बबलू प्रधान ,अमृत महतो, सोनू सरदार ,प्रभादेवी, अमरेश सिंह एवं और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए

## आरआईटी थाना परिसर में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक , कई सारे मुद्दों पर हुए मंथन, थानेदार ने कहा हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त करवाई,जनता से भी मांगा सहयोग

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 मार्च 2023 :झ सरायकेला जिले के आरआईटी थाना परिसर में रामनवमी और पाक महीना रमजान साथ ही चैती छठ को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने बैठक की. मौके पर सदस्यों ने रामनवमी के दौरान निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा आदि पर विशेष निगाह रखने को लेकर चर्चा की. शौर्य प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के साथ पेयजल, सफाई की व्यवस्था रखने का अनुरोध किया. बैठक में शौर्य प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों का मूल्यांकन कर उनका उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत करने की मांग की. साथ ही रामनवमी, चैती छठ, रमजान जैसे पवित्र माह में सुरक्षा व्यवस्था करने का अनुरोध किया.

आदित्यपुर नगर निगम के मेयर विनोद श्रीवास्तव ने सभी मांगों पर गौर कर रामनवमी और चैती छठ के मौके पर शांति पूर्ण तरीके से व्यवस्था करने की बातें कही. दूसरी और बैठक में उपस्थित आदित्यपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर अमित सिंह ने कहा कि रामनवमी, सरहुल, रमजान



माह और चैती छठ पर सभी सदस्य विचार रखे ताकि पर्व त्योहार ठीक ढंग से मनाया जा सके.

बैठक में उपस्थित डिप्टी मेयर अमित सिंह, अधिवक्ता ओम प्रकाश, थाना प्रभारी सागर लाल महथा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह. शांति समिति के बैठक में उपस्थित सदस्यों में पार्षद धीरेन महतो, पार्षद पांडे मुखी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.

## रामनवमी को लेकर महावीरी झंडा से पटा बाजार

दैनिक समाज जागरण,कपिल कुमार मिश्रा,ब्युरो चीफ ,गिरिडीह

गिरिडीह(झारखंड)25मार्च 2023:-गिरिडीह में इन दिनों पुरा बाजार महावीरी झंडा से पटा हुआ है।बाजार मे अनेक जगह दुकानदार लोग महावीरी झंडा,भगवा झंडा ,लाठी वगैरह बेचते हुए दिखे।अनेको दुकानदार लोग झंडो आदि के बिक्री



को लेकर आशान्वित दिखे।इधर बडा चौक के दुकानदार मनीष कुमार लाल,दीपक आदि ने कहा कि शुरूआत में तो बिक्री सामान्य चल रहा है लेकिन जैसे जैसे रामनवमी नजदीक आयेगी,वैसे वैसे बिक्री बढते जायेगी।बाजार मं छठ पर्व का सामानों का भी अनेको दुकान सज ग ई है।कुल मिलाकर रामनवमी और छठ को लेकर बाजार मे रौनक बढ गया है।

# ईट भट्ठा में ट्रैक्टर जलाने के आरोप में टीएसपीसी के पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड):- 25 मार्च 2023पलामू जिले के नावा बाजार थाना अंतर्गत 20 मार्च को ग्राम कंडा स्थित सत्यानंद नेता उर्फ सत्या मेहता के ईट भट्टा में रात्रि करीब 10 बजे प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के सदस्यों द्वारा ईट भट्टे पर खड़ा पांच ट्रैक्टरों में आग लगा दी थी।जिसमे तीन ट्रेक्टर पुरी जल गये थे।सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित गति से करवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की। उक्त घटना के संदर्भ में वादी सत्यानंद मेहता (45 वर्ष) ग्राम बाना के लिखित आवेदन पर नावाबजार थाना में लिखित आवेदन के आधार पर 21 मार्च को धारा 147,148 149,385, 427, 435 भा द वी एवं 17 सी एल एक्ट दर्ज किया गया।कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार ऋषभ गर्ग अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर सह अपर पुलिस अधीक्षक अभियान



, पलामू ,सुरजीत कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिश्रामपुर पलामू के नेतृत्व में टीम गठित किया गया।पुलिस द्वारा अलग अलग टीम बनाकर छापामारी कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा प्रतिबंधित संगठन का कुल 16 नक्सली पर्चे बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 5 लोगों को जो गिरफ्तार किया गया है। वह ट्रैक्टर जला रहे थे बाकी टीएसपीसी संगठन के शशिकांत रंजन और निशांत दस्ता साइड में खड़े थे। सुधीर कुमार मेहता रेकी कर रहा था। पांच गिरफ्तार लोगों के पास टीएसपीसी का 16 नक्सली पर्चा,एक मोटरसाइकिल और 5 मोबाइल भी बरामद किया गया है।

## कई बड़े स्टार के साथ पलामू में हो रही है फिल्म की शूटिंग

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023 : लातेहार और पलामू में पीछले कई दिनों से एक हिंदी फिल्म मेहि की शूटिंग हो रही है. बेतला, छिपादोहर, गारू, पोलपोल, केचकी आदि जगहों में घुमघुम कर फिल्म की यूनिट शूटिंग कर रही है. . इस फिल्म के निर्देशक दीपक शाह ने मीडिया को बताया की यह एक आध्यात्मिक बायोपिक है.. इस फिल्म में मुंबई तथा झारखण्ड के कई बड़े स्टार है जो इन दिनों मेदिनीनगर और बेतला में रह रहे है. फिल्म के निर्देशक दीपक कुमार शाह ने कहा की पलामू की जैसी विविधता वाला लोकेशन बहुत कम जगह ही मिलता है. उन्होंने कहा की आगे भी वे पलामू के लोकेशन में अपनी फिल्मों की शूटिंग करने के लिए आएंगे. श्री शाह ने पलामू के कलाकारों की भी तारीफ की, कहा की यहां के कलाकार भी मंझे हुए और अच्छे है. श्री शाह ने कहा की पलामू और लातेहार के आम जनता, प्रशासन, पुलिस और वन विभाग के लोग काफी सन्मान और सहयोग दिया है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रियांशु चटर्जी अपनी हिंदी फिल्म तुम बिन से चर्चे में आये थे, फिर उन्होंने भूतनाथ, पिंजर, जुली जैसे दर्जनों हिंदी, बांग्ला व पंजाबी फिल्मो में बतौर स्टार काम किया. उन्होंने कहा की पलामू के विषय में उन्हें पहले कुछ पता नहीं था,. पर यहाँ आने के बाद उन्हें यह जगह बहुत अच्छी लगी. , उन्होंने कहा की इस जगह को कुछ सीरियस फिल्म मेकर की जरूरत है जो यहाँ के अनुकूल फिल्म निर्माण कर सके. चंदरशेखर आजाद, ससुराल सिमर का, पवित्र भाग्य, सिर्फ तुम, साबधान इंडिया जैसे सीरियल के टेलीविजन स्टार करण शर्मा भी इनदिनों फिल्म मेहिं के शूटिंग के सिलसिले में पलामू में



है. एक दिन शूटिंग से समय निकाल कर करण शर्मा टेम्पू और पैदल ही मेदनीनगर शहर घूम आये. उन्होंने बताया की पलामू आकर फिल्म मेहिं में काम करने का उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा. दुबारा कभी इधर आने का मौका मिले तो वो जरूर पलामू आयेंगे. फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर राहुल कुमार शुक्ला पलामू के ही रहने वाले है. मुंबई में रहकर वे फिल्म निर्माण का काम करते है. इस फिल्म से पहले उन्होंने अपनी हिंदी फिल्म उपन्यास की एक हिस्सा की शूटिंग यही किया था. उन्होंने कहा की इस फिल्म की शूटिंग करने में स्थानीय स्तर पर वन विभाग के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरवाडीह , छिपादोहर, गारू, सतबरवा आदि जगह के थाना प्रभारियों का भी सक्रिय सहयोग रहा. इसके अलावा गारू मिशन स्कूल के फादर का भी काफी सहयोग रहा है. पलामू में रंगमंच पर सक्रिय कई कलाकार इस फिल्म में अभिनेता के तौर पर काम किया है. पलामू के रहने वाले मुंबई निवासी युगांत बद्री पांडेय इस फिल्म एक प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे. इस फिल्म में प्रसिद्ध राम, अब्दुल हामिद, उज्जवल सिन्हा, अमर कुमार भांजा, मुकेश विश्वकर्मा, अमित कुमार, कनक लता तिर्की, संजीव कुमार राम, अविनाश तिवारी, डॉ प्रवेश दुबे आदि दिखेंगे. फिल्म का कास्टिंग डायरेक्टर पवन कुमार है जबकि पलामू के यंग स्टार ग्रुप के सुमित कुमार वर्मन ने इस फिल्म के लिए जूनियर आर्टिस्ट उपलब्ध कराने का काम किया है. इसके अलावा भी पलामू के करीब 20 कलाकार अलग अलग भूमिकाओं में नजर आयेंगे. फिल्म के सिनेमेटोग्राफर बादल मणि भी झारखंड से तलूक रखते है जो इन दिनों मुंबई में रहकर काम कर रहे है. उन्होंने पलामू के खूबसूरत वादियों को बखूबी शूट किया है. फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर सुधांशु दुबे है. जिन्होंने भूतनाथ, कल किसने देखा आदि फिल्मों का लेखन भी किया है. फिल्म के लिए पोशाक डिजाइन करने वाली रश्मि कुमारी भी पलामू के सिगसिगी की रहने वाली है जो इन दिनों मुंबई में रखकर काम कर रही है. फिल्म में प्रोडक्शन डिजाइन धीरज कांबले, साउंड जितेन्द्र कुमार पाठक, मेकअप परवेज खान का है, फिल्म के मुख्य सहायक निदेशक अमूल्य कुमार है.

## प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की बैठक

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता मोहनपुर, देवघर (झारखंड)**

दिनांक 25 मार्च 2023 को मोहनपुर प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ रसोइया के सवालों को लेकर प्रखण्ड स्तरीय बैठक आयोजित की गई ,बैठक के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के नाम से श्री मान प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से 19 सूत्रीय मांग पत्र समर्पित की जाती है।

विद्यालय में कार्यरत रसोइया को नियमित किया जाय तथा इन्हें विभागीय कर्मचारी की मान्यता दिया जाय।

करीब 10वर्ष तक मुफ्त में बच्चो को खाना बनाकर खिलाने का काम की है इसलिए 60वर्ष का उम्र सीमा समाप्त कर सक्षम रसोइया को खाना बनाने दिया जाय एवम इनके खाते में मानदेय भुगतान किया जाय।

शिक्षक द्वारा रसोइया के साथ अपमानजनक व्यवहार किया जाता है ऐसे शिक्षकों पर प्रतिबंध लगाया जाय । रसोइया के लिए नियुक्ति नियमावली बनाई जाय ।रसोइया का डेटाबेस तैयार किया जाय। रसोइया को चयन पत्र एवं न्युक्ति पत्र निर्गत किया जाय। साल में 10 माह के जगह 12 माह का मानदेय भुगतान किया जाय। अप्रैल 2023 से रसोइया को प्रति माह 7500 रुपए प्रति माह मानदेय भुगतान किया जाय तथा इस राशि को क्रमशः 21000/ हजार रुपए प्रति माह तक ले जाने के लिए बजटीय राशि बढ़ाई जाय। 25 से 50 के अनुपात में खाली पड़े विद्यालयों में रसोइया का न्युक्ति किया जाय। माह सितम्बर 2015 से मार्च



2020 तक एवम 2020 अप्रैल से 2021 फरवरी तक का बकाया मानदेय दुमका सहित पूरे राज्य में एक मुस्त भुगतान किया जाय। रसोइया को 5 लाख का दुर्घटना बीमा लागू किया जाय। साल में दो सेट सूती साड़ी एवं दो सेट अप्रोन देने की गारंटी किया जाय। विशेष अवकाश एवं मातृत्व अवकाश देने की गारंटी किया जाय। विद्यालय समायोजन के समय समायोजन से वंचित रसोइया को समायोजन किया जाय। मध्यान्ह भोजन योजना को एनजीओ को देने से करीब 78 हजार रसोइया बेरोजगार हो जाएगी इसलिए इस योजना को एनजीओ को देने की प्रक्रिया बंद किया जाय। सम्मानजनक पेंशन लागू करने के बाद ही सेवानिवृत किया जाय। संयोजिका के लिए भी मानदेय लागू किया जाए। रसोइया को अनुकंपा का लाभ दिया जाय। मध्यान्ह भोजन बनाने हेतु उत्पन्न समस्या का समाधान हेतु प्रखण्ड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाई जाय। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड राज्य विद्यालाय रसोइया संघ का राज्य महा सचिव कामरेड गीता मंडल भाकपा माले जिला सचिव जयदेव सिंह,जिला कमिटी सदस्य कामरेड शंभू तुरी,सुरेश सिंह,अनिल सिंह,देवकी देवी,मुन्नी देवी,रीता देवी,अनीता देवी,लीला देवी,चांदनी देवी,मीनू देवी,रिमिया देवी,खुटेजा बीबी, सुजनी बीबी,मणिका टुडू,मीनादेवी2 मीरा देवी,ज्ञानवती देवी,आनंदी टुडू,सुरजमुनी सोरेन, रंथी देवी,चुनिया देवी,मुलो देवी,संगीता देवी,तुसिया देवी,बसंती देवी,लक्ष्मी देवी,सरस्वती देवी,मूर्ति देवी,गुंजरी देवी,सुनीता देवी,सीमा देवी, कुश्मी देवी,दुखनी देवी,धनसरिया देवी बिमला देवी सहित सैकड़ों रसोइया कार्यक्रम में शामिल थे।

## असम के भूमिज प्रतिनिधियों ने विधायक को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 25 मार्च 2023 - पोटका प्रखंड के हरिणा में आयोजित दिशुवा हादी बोंगा-2023 के अवसर पर शामिल होने पहुँचे असम के भूमिज प्रतोनिधियो ने बेहतर आयोजन के लिये पोटका के विधायक संजीव सरदार का आभार प्रकट करते हुये असम का गमछा देकर सम्मानित किया. असम के प्रतोनिधियो ने कहा कि हरिणा दिशुवा हादी बोंगा निश्चित रूप से भूमिज समाज का बेहतर एक राष्ट्रीय आयोजन है, जिसे देखकर काफी प्रसन्नता और गौरवान्वित महसूस



हुआ. यह आयोजन देश के भूमिजो को जोड़ने का काम कर रही है. आनेवाले दिनों में यह आयोजन देश स्तर पर एक पहचान बनाने का काम करेगी. 30 हजार से अधिक भीड़ के बावजूद शांतिपूर्ण आयोजन समाज के एकजुटता और सक्रियता को दशार्ता है. आयोजन के लिये आयोजन समिति, भूमिज समाज और पोटका के विधायक संजीव सरदार बधाई के पात्र है. इस दौरान असम के मकर सिंह भूमिज, लक्ष्मी भूमिज, रुक्मणी भूमिज, अनंत भूमिज, प्रवीण भूमिज, साजु भूमिज, नीतू भूमिज, मनीषा भूमिज, स्वर्णलता भूमिज, प्रतिभा भूमिज, लिपि भूमिज, रुमा भूमिज, मनोज भूमिज, विनीता भूमिज के अलावा भूमिज समाज के युधिष्टिर भूमिज, मनोरंजन सरदार, लाल सरदार आदि उपस्थित थे.

## मेदिनीनगर : रामनवमी जेनरल अध्यक्ष निगम के जनप्रतिनिधियों को करेंगे सम्मानित

### 28 मार्च को निगम के पार्षदों के लिए होगा पार्षद सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) श्री महावीर नव नवयुवक दल जनरल के द्वारा इस वर्ष रामनवमी पर्व पर मेदिनीनगर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बात की घोषणा श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष युगल किशोर ने वार्ड पार्षदों के बीच मेदिनीनगर के शिवाला घाट स्थित श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के प्रधान कार्यालय में आयोजित पार्षदों के साथ बैठक में की। दिन के 11 बजे से आयोजित बैठक में जनरल अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी पर्व को भव्यता एवं सुंदरता प्रदान करने में मेदिनीनगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों का बहुत ही बहुमूल्य योगदान हर वर्ष रहा है। पार्षदों के सहयोग के बिना रामनवमी पर को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता है। रामनवमी पर्व के प्रति सभी वार्ड पार्षदों की एकजुटता एवं समर्पण भावना को देखते हुए श्री महावीर नवयुवक दल जनरल की कमेटी ने निर्णय लिया है कि सभी वार्ड पार्षदों को जनरल की ओर से सम्मानित किया जाए।

एक सम्मान समारोह 28 मार्च को शाम 6 बजे से मेदिनीनगर के छह मुहान चौक पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें मेदिनीनगर नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधि सादर आमंत्रित है। जनरल के प्रधान कार्यालय में आयोजित बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड पार्षद अंजना देवी, प्रदीप अकेला, विवेका त्रिपाठी, राजीव कुमार शुक्ला, धीरेंद्र पांडेय, निरंजन प्रसाद, बिल्लू सिंह, रोशन कुमार, राजू राम, इंद्रदेव राम, दिलीप कुमार, चंचला देवी, मनोज कुमार सिंह समेत कई वार्ड पार्षद उपस्थित थे। बैठक में पउपस्थित वार्ड पार्षदों ने अपना - अपना विचार रखते हुए कहा कि पलामू में रामनवमी का एक लंबा इतिहास रहा है। जबसे जुगल किशोर जनरल अध्यक्ष बने हैं, तबसे झारखंड में रामनवमी पलामू का नंबर 1 रहा है। जुगल किशोर के जनरल अध्यक्ष बनने के बाद रामनवमी पर में चार चांद लग गया। इसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम ही होगी। वार्ड पार्षदों ने कहा कि श्री महावीर नवयुवक दल जनरल की कमेटी ने एक नई और अच्छी परंपरा की शुरूआत किया है कि मेदिनीनगर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जा रहा है। ऐसा रामनवमी कमेटी की ओर से पहली बार हो रहा है यह निर्णय स्वागत योग और प्रशंसनीय है जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम होगी सभी वार्ड पार्षदों ने श्री महावीर नई बगदल जनरल की कमिटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने यहां के वार्ड पार्षदों का सम्मान के लायक समझा हम सभी वार्ड पार्षद भी श्री महावीर नगर दल जनरल की कमेटी से कदम से कदम मिलाकर साथ चलेंगे इस तरह के कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष होना चाहिए वार्ड पार्षदों को मान सम्मान के सिवा और चाहिए विद्या इस अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि बिना वार्ड पार्षदों के सहयोग से उन्होंने जो कुछ भी रामनवमी पर्व में नया कुछ कर दिखाया है. वह पूरा नहीं हो पाता। इसके लिए सभी वार्ड पार्षदों के आभारी है। उनके सहयोग के बिना रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता था।

## जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने प्रखंड स्तरीय चिकित्सा शिविर का किया उदघाटन

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 25 मार्च 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कुकडू प्रखंड में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का सरायकेला खरसावां जिला परिषद के उपाध्यक्ष सह कुकडू के जिला परिषद सदस्य श्रीमती मधुश्री महतो ने फीता काट कर उदघाटन किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा कि सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेषज्ञ चिकित्सकों के उपस्थिति में शिविर का आयोजन कर रही है। उन्होनें कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत हेमंत सोरेन सरकार गरीब हितैषी है। गरीबों को मुफ्त अनाज, निशुल्क चिकित्सा, शिक्षा आदि पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। चिकित्सा शिविर में कुकडू प्रखंड के दूर दराज गांव से लोग पहुंच कर निशुल्क चिकित्सा का लाभ उठाए। इस अवसर पर कुकडू के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## लोक अदालत में 102 मामले का निस्तारण । सात लाख 16 हजार 500 रुपए का मामला सेटल

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023:- झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में किया गया।लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर 102 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं सात लाख 16 हजार 500 रुपए का मामला सेटल हुआ ।लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नव पीठों का गठन किया गया था। व एक हेल्प डेस्क बनाया गया था । पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग व सभी डीजे कोर्ट के मामले का निपटारा किया गया। इसमें बिधुत विभाग के 24 मामले का निपटारा किया गया। पीठ संख्या तीन में आपराधिक वादों का निपटारा किया गया ।इस पीठ में 24 मामले का निपटारा किया पीठ संख्या आठ में प्री लिटिगेशन से संबंधित 11 मामले का निपटारा किया गया। व पीठ संख्या नव में एक्सकुटिभ व रेवेन्यू से संबंधित कोर्ट के 43 मामले का निपटारा किया गया। लोक अदालत में102 मामले का निस्तारण किया गया । उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों को सहायता के लिए एक हेल्प डेस्क का भी गठन किया गया था ।लोक अदालत में मामले निस्तारण करने से लोगों को शीघ्र, सुलभ , सरल व त्वरित न्याय मिलता है। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार ,द्वितीय विनोद कुमार सिंह, प्रेम नाथ पांडे,अभिमन्यु कुमार ,अमरेश कुमार ,निरुपम कुमार, आनंदा सिंह ,शिखा अग्रवाल संदीप निशित बारा, निशिकांत, अमित गुप्ता, मनोज कुमार, चंदन कुमार गोस्वामी,रीतू कुजूर, के अलावे सभी न्यायिक अधिकारी अधिवक्ता गण, विभागीय लोग, व पक्षकार गण उपस्थित थे।

## सतबरवा थाना में हुई शांति समिति की बैठक ,डीजे बजाने पर पूणः प्रतिबंध

समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौकी प्रखंड संवाददाता सतबरवा 25 मार्च 2023:- रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को सतबरवा थाना में बीडीओ राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में की गई, जबकि संचालन थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने की।

बैठक का संचालन करते हुए सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार रामनवमी पूजा मनाना है। पूर्व से जुलूस का जो रूट है, उसी तय रूट पर जुलूस निकालना है। रात्रि में ऊंची आवाज में संगीत बजाना पब्लिक न्यूसेंस तथा ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 का भी उल्लंघन है। अखाड़े दार जुलूस परंपरागत ढंग से ढोल, ताशा के साथ निकाले। चलंत डीजे पूणः प्रतिबंधित है। प्रभारी ने कहा कि रामनवमी पूजा हमें मयार्दा में रहकर काम करने की प्रेरणा देता है। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित है । उन्होंने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि पूरी तरह शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए पूजा संपन्न कराई जाए। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने - अपने विचार दिये।



इस मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ,राजेंद्र सिंह चेरो ,मुखिया ब्राह्मदेव सिंह, गिरवर प्रसाद राम,संतोष उरांव, बाबर खां, समाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा ,पंसस अशोक राम, धीरज प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार , हदिस अंसारी ,भोला मेहता, हाजी फजले करीम समेत दस पंचायत के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## शुरू होगी ब्राह्मण जोड़ों अभियान - जिला अध्यक्ष पलामू

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023 :-पलामू में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव झारखण्ड की इकाई पलामू द्वारा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में एक भव्य श्री परशुराम मंदिर का निर्माण किया जाना है, इसी के निमित राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला के नेतृत्व में पूरे पलामू ज़िले में ब्राह्मण जोड़ों अभियान शुरू की जाएगी, मंदिर निर्माण से पहले 22 अप्रैल अक्षय तृतीया श्री परशुराम जन्मों उत्सव के दिन भूमि पूजन किया जाना है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू के द्वारा पूरे झारखण्ड के परशुराम वंशजों को आमंत्रित किया जाएगा। मधुकर शुक्ला को पलामू प्रमंडल के उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने जिला अध्यक्ष के दायित्व दिए जाने पर बधाई देते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं माला पहना कर जिला अध्यक्ष का अभिवादन किया। इस स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि 22 अप्रैल को होने वाले भूमि पूजन से पहले पलामू जिला के सभी गांवों का भ्रमण किया जाएगा एवं उनको भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। आगे जिला अध्यक्ष अपनी बात को रखते हुए बताया कि ब्राह्मणसमाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, क्योंकि यह समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। प्रतिभाओं के सम्मान से प्रतिभाओं में ओर अधिक निखार आता है।ये विचार भगवान परशुराम जयंती पर के उपलक्ष्य में होने वाले भूमि पूजन समिति की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने व्यक्त किए। इस सम्मान समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव संगठन के रीढ़ मुकेश तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की जरूरत है साथ ही बिना भेद भाव एक दूसरे के विपरित समय में साथ खड़े रहने की जरुरत है वही अभिषेक तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव समाज हित के लिये सदैव तत्पर है, समाज के कमजोर तबका तक संगठन के लोग मदद करने के लिए तैयार है। राहुल पाठक प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी सहित कई अन्य संगठन के पदाधिकारी की रहीं उपस्थिति।



## रामनवमी महापर्व को लेकर विश्रामपुर थाने में हुयी शान्ति समिति की बैठक

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023 :- रामनवमी महापर्व को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुयी.बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन व संचालन विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया.बैठक में रामनवमी जुलूस को सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया.थाना प्रभारी शशि रंजन ने सरकारी गाइड लाइन की जानकारी दी.कहा कि सरकारी दिशा-निर्देश के अनुसार जुलूस निकाले.अफवाह से बचे.कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें.पुलिस भी शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी.बैठक में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,नावाडीह कला ओपी प्रभारी अजय केरकेटा,एएसआई वीरेंद्र तिवारी,अनिल सिंह,संजय सिंह,नगर प्रबंधक प्रभात कुमार,गांधी विचकर मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय,समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,नंददेव यादव,विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,समाजसेवी विजय कुमार रवि,बीजेएमसी के जिला अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा,बिहारी लाल गुप्ता,देवनारायण सिंह,निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी,मोट्टू सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी,मनीष कुमार,रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष मुन्नू बक्सराय,सफी आलम,अमितेश्वर दयाल,राजकुमार मेहता,सत्यम सोनी,गोपाल सोनी,सोना देवी,चंद्रदेव चौधरी कुकू,रामलगन पाल,मणि राम,कृष्णा सिंह,शम्भू चंद्रवंशी,राजेश मार्शल,विनोद कुमार विश्वकर्मा,विकाश चंद्रवंशी सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे.



## जिस चरित्र से पूरा मानव समाज गरिमा के साथ प्रकट होता है, वही राम हैं : जिला मंत्री विहिप

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023:- राम एक ऐसे नायक हैं, जो धर्म, जाति और संकीर्णता के दायरे से मुक्त हैं। वे सिर्फ और सिर्फ मानवीय आदर्श के मानवीकृत रूप हैं। आदि कवि वाल्मीकि से लेकर मध्यकालीन कवि तुलसी दास तक ने उन्हें विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया है। लेकिन एक आदर्श नायक के सारे स्वरूप उनमें निहित हैं। सबसे व्यापक रूप से पूजे जाने वाले हिंदू देवताओं में से एक,` शिष्टता और सदाचारे के अवतार स्वयं भगवान श्री राम हैं। यह उद्गार आज मेदनीनगर के आवाद गंज स्थित शिव मंदिर में आयोजित राम जन्मोत्सव समारोह के दौरान अपने अभिभाषण में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने प्रगट किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा पूरे देश में श्री राम मंदिर के निर्माण के खुशी में मनाए जा रहे राम जन्म उत्सव समारोह की कड़ी में आज आबाद गंज स्थित शिव मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पलामू के तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत ओंकार और एकात्मक मंत्र से किया गया। तत्पश्चात,भगवान श्री राम की प्रतिमा और प्रस्तावित श्री राम मंदिर के प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद सामूहिक रूप से भगवान



श्री राम के भजन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ,और अंत में भगवान श्री राम की आरती की गई। आरती के पश्चात परिषद की पद्धति के अनुसार कार्यक्रम समाप्त हुआ।

आज के कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, नगर बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, और सम्मानित बजरंगी अमन राज, अंश सिंह, राहुल कुमार वर्मा, आकाश सिंह, राज गुप्ता, हिमांशु सिंह, सौरभ रंजन, अभिषेक सिंह, सोनू कुमार, सौरव शर्मा, चंदन शर्मा, हेमंत चौरसिया,पियूष सिन्हा, आयुष सिंह, सोनू ठाकुर इत्यादि की सहभागिता रही।

## नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ महापर्व आज से शुरू

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) 25 मार्च 2023:-चैत मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को छठ पर्व का प्रथम दिन होता है. इस दिन व्रती प्रातः काल जल्दी उठकर साफ-सफाई करते हैं और स्नानादि करने के पश्चात छठ पर्व का आरंभ माना जाता है. नहाय खाय के दिन व्रती चने की दाल, कद्दू की सब्जी और चावल खाते हैं. इसे भी छठ व्रत शुरू होने के प्रसाद के तौर पर ग्रहण किया जाता है. विभिन्न जगहों पर नहाय-खाय वाले दिन कद्दू भात वाला दिन भी कहा जाता है. इस साल नहाय खाय की तिथि आज यानी 25 मार्च को हैं.चैतमास में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को छठ व्रत का दूसरा दिन होता है. इस दिन को खरना कहते हैं. इस दिन व्रती दिन भर निर्जला उपवास रखते हैं. मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से आग जलाकर चावल, दूध और गुड़ की खीर बनाई जाती है. बिहार के नालंदा, पटना जैसे जिलों में इस दिन अरवा चावल, चने की दाल, चावल का पीठा, घी वाली रोटी और खीर बनाने का भी चलन है. संध्याकेसमयस्नान के बाद सूर्य देव को भोग लगाने के बाद व्रती इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं और फिर छठ का कठिन निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है. इस साल खरना पूजा



26 मार्च को है.षष्ठी तिथि को छठ पर्व का तीसरा दिन होता है. इस दिन व्रती पूरे दिन कठिन निर्जला उपवास करते हैं. शाम के समय नदी या पोखर में जाकर कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं. वर्ष 2023 चैत मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी तिथि, 27 मार्च दिन सोमवार को है.षष्ठी के अगले दिन सप्तमी को प्रात. नदी या पोखर जाकर व्रती फिर से उगते सूर्य को जल से अर्घ्य देते हैं. धूप-दीप के बाद छठ पर्व का समापन प्रसाद ग्रहण करके पारण के साथ किया जाता है. वर्ष 2023 चैत्र मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, 27 मार्च दिन मंगलवार को है..हिंदू शास्त्रों के अनुसार छठ देवी भगवान ब्रह्माजी की मानस पुत्री और सूर्य देव की बहन हैं, उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए यह व्रत किया जाता है. ब्रह्मवैवर्त पुराण में इस बात का उल्लेख किया गया है कि ब्रह्माजी ने सृष्टि रचने के लिए स्वयं को दो भागों में बांट दिया, जिसमें दाहिने भाग में पुरुष जबकि बाएं भाग में प्रकृति का रूप सामने आया. इसमें सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी ने अपने आप को छह भागों में विभाजित किया. इनके छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृ देवी के रूप में जाना जाता है. प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इनका एक नाम षष्ठी है, जिसे छठी मैया के नाम से जाना जाता है. शिशु के जन्म के छठे दिन भी इन्हीं माता की पूजा की जाती है. इनकी उपासना करने से बच्चे को स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु का आशीर्वाद मिलता है. पुराणों में इन्हीं देवी का नाम कात्यायनी बताया गया है, जिनकी नवरात्रि में षष्ठी तिथि को पूजा की जाती है.

## पूर्व मंत्री ददई दुबे के बड़ी बहू का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023 :- झारखंड के पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे की बड़ी बहू चित्रा दुबे का हृदय गति रुकने से निधन हो गया.उन्होंने अंतिम सांस अपने रांची स्थित आवास पर लिया.चित्रा दुबे कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी स्वङ्ग अजय दुबे की पत्नी थी.गौरतलब है कि अजय दुबे की भी मौत 2019 में ब्रेन हेम्ब्रेज के कारण हो गयी थी.स्वङ्ग चित्रा दुबे का दाह संस्कार पैतृक गांव कंडी थाना के चोका-बलियारी में हुआ.मुखाग्नि उनके पुत्र सोनू दुबे ने दिया.इधर उनके आकस्मिक निधन पर कई कांग्रेसी नेताओ ने शोक व्यक्त किया है.शोक व्यक्त करने वालो में वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू,नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय,अधिवक्ता सुधीर चौबे,इरफान खान,आलोक चौबे,कपिलदेव शुक्ला,सत्यप्रकाश चौबे,सुधा चौबे,भरत यादव, आनंद चौबे,शैलेंद्र चौबे,महेंद्र शर्मा,पुनीत शुक्ला,डॉ इलियास अंसारी सहित कई लोगो का नाम शामिल है.



## चोरी किया गया बाइक चोरो के साथ पकड़ा ग्रामीण ने

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर जामताड़ा झारखंड**

25 मार्च जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला थाना क्षेत्र के टेसजुरिया आदिवासी टोला से 15 मार्च को एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी जिसका नाला थाना में लिखित आवेदन दिया गया था ।

रूपलाल हेमर्म टेसजुरिया आदिवासी टोला में शादी समारोह में पहुचे ओर बाइक बाहर खड़ी कर समारोह में शामिल हो गए इसी बीच उनकी जे एच 21 जी , 2476 नंबर की बाइक को चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया ।

चोरी के 10 दिन बीतने के बाद बाइक को चोरो द्वारा भंडारबेरा गांव होते ले जाया जा रहा था उसी क्रोम में भंडारबेरा गांव के लोग उसे रोका साथ चेचिस नंबर मिलान किया गया

चिचिस नंबर मिल जाने के बाद बाइक चोर को को गांव वालो ने पकड़ लिया

बाइक चोर आरोपी की पहचान फतेहपुर प्रखंड के पिपला गांव निवासी मनेश्वर सोरेन हुई है

जिसके बाद नाला थाना को सूचित किया गया

जानकारी मिलते ही नाला थाना के ए एस आई महावीर उराव ओर ए एस आई राजू महोली अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पोहचे ओर बाइक चोर आरोपी को थाना ले गया आगे की करबाई की जा रही है

## राजनगर थाना में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न।

### शोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचे : अंचलाधिकारी

**रवि कांत गोप,समाज जागरण प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) 25 मार्च 2023 :- रामनवमी को लेकर राजनगर थाना में शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जहाँ थाना प्रभारी चंदन कुमार, अंचलाधिकारी धनंजय कुमार,प्रखंड प्रमुख ओलिभ ग्रेस कुल्लू, उप प्रमुख सुमना देवी,समाजसेवी गोपाल महतो,हेमंत सिंहदेव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में प्रशासन ने अखाड़ा व कमेटी अध्यक्षों से जुलूस का रुट चार्ट के बारे विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कमेटी सदस्यों ने पूजा व जुलूस के दौरान प्रशासन के समक्ष मांगो को रखा,जिसमे जुलूस के दौरान बिजली काट देने की मांग रखी गई ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अंचलाधिकारी धनंजय कुमार ने रामनवमी पर्व को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था तथा पवित्रता के साथ मनाया जाता है.सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं और दुसरों के लिए मिशाल पेश करें।प्रशासन विधि व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण रामनवमी सम्पन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार हैं। प्रशासन के लिए सभी व्यक्ति समान है।त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट,भाड़काऊ पोस्ट से बचे। साथ ही कहा कि जुलूस के लीडर एवं सदस्यों के नाम मोबाइल नम्बर सहित प्रशासन को उपलब्ध कराया जाये।जिससे किसी आवश्यक परिस्थितियों में सम्बंधित लोगों से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था को सामान्य किया जा सके।

थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि पुर्व की भांति इस इस वर्ष भी नियमानुसार पारंपरिक रूप से त्योहार मनाए। सोशल मीडिया का मोनीटरिंग किया जा रहा है, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अफवाह, आपत्तिजनक पोस्ट एवं भड़काऊ पोस्ट किये जाने पर इसमें संलिप्त लोगों के ऊपर कठोर कनुनी करावाई की जायेगी।

, इस मौके पर प्रमुख ओलिभ ग्रेस कुल्लू, उपप्रमुख सुमना देवी, मुखिया रामसिंह हेम्ब्रम, लखिन्द्र बेसरा, हीरालाल सतपथी, गोपाल महतो, दिलीप कुमार महतो, शेर मोहम्मद, सालखन टुडू, विनोद ज्योतिषी, उज्जवल मोदक, कुबेरकांत षाडंगी, गोपाल सरकार, देवाशीष पटनायक, सुजीत राउत,सुपाई जारिका, सुनीति मुर्मू, बीरेन्द्र तांती, रघुनाथ मुर्मू, हेमंत सिंहदेव, देवाशीष पटनायक आदि उपस्थित थे।

## उग्रवादी संगठन टीपीसी के सदस्य के घर पर पुलिस ने चिपकाया इस्तिहार

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023 :- विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग ग्राम पंचायत निवासी अनिल भुइंया के घर पर मोहम्मदगंज पुलिस ने इस्तिहार चिपकाया.इस दौरान पूरे टोले में ढोल नगाड़ा बजाकर पुलिस ने इस्तिहार की जानकारी भी स्थानीय लोगों को दी.इस्तीहार चिपकाने हेतु मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार पुलिस बल के साथ खुद आए हुए थे.साथ में बिश्रामपुर पुलिस भी थी.थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि अनिल भुइंया उर्फ अनिल जी उग्रवादी संगठन टीपीसी का सदस्य है.अनिल भुइंया मोहम्मदगंज थाना के कांड संख्या 40/2018 का प्राथमिक अभियुक्त है.वह लंबे समय से फरार चल रहा है.अगर उसने जल्द ही आत्मसमर्पण नहीं किया तो न्यायालय की अनुमति के बाद कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी.



## विधायक ने किया कुकड्डु प्रखंड क्षेत्र का दौरा, कई कार्यक्रमों में हुए सामिल

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड्डु**

सरायकेला (झारखंड) 25 मार्च 2023 तिरूलडीहः सरायकेला खरसावां जिला के कुकड्डु प्रखंड क्षेत्र का शनिवार को स्थानीय विधायक सविता महतो ने तुफानी दौरा किया । विधायक ने क्षेत्र दौरा के क्रम में स्वास्थ्य मेला, तिरूलडीह में नव परायण महायज्ञ ,कुकड्डु में हरी नाम संकिर्तन बुरूडीह में नव परायण महायज्ञ में भी सामिल हुए। वहीं उन्होंने तिरूलडीह, बुरूडीह ,सिरकाडीह आदि कई गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठकर क्षेत्र के समस्याओं से भी अवगत हुए। विधायक ने अपने कार्यकाल में किए जा रहे विकास कार्यों का भी ग्रामीणों को जानकारी दिया। उन्होंने तिरूलडीह में नव परायण महायज्ञ में महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर महायज्ञ में राम चरित मानस पाठ का रसास्वादन किया। मालूम हो कि तिरूलडीह में नव परायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। आज आठवें दिन विधायक उपस्थित होकर भगवान से क्षेत्र की बरकत व तरक्की का कामना किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि आज क्षेत्र दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र दौरा के दौरान कई कार्यक्रमों में भी भाग लिया और लोगों से भी मिलकर समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, 20 सुत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो, शमशेर अली आदि उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, किया गया मुफ्त इलाज व दवा वितरण

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड्डु**

सरायकेला (झारखंड )तिरूलडीहः सरायकेला खरसावां जिला के कुकड्डु प्रखंड के कुकड्डु स्वास्थ्य उपकेंद्र कुकड्डु में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने फीता काट कर किया। मेला में विधायक सविता महतो भी उपस्थित हुए। विधायक ने स्टालों का मुआयना भी किया। स्वास्थ्य मेला में टीबी, मलेरिया, सर्दी खांसी, उच्च रक्तचाप,सुगर , महिला संबोधित रोगों सहित कुल 15 स्टाल लगाया गया। स्वास्थ्य जांच,खुन जांच, प्रेशर जांच से लेकर कई तरह का जांच किया गया। मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। हैम्यूपैथी, आयुस , एलोपैथी व योगा आदि पद्धति के लिए स्टाल लगाया गया । वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार मांझी ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में 15 स्टाल लगाया गया, जिसमें मरीजों का रजिस्ट्रेशन ,आंख, बुखार, प्रेशर, सुगर आदि का जांच व मुफ्त दवा वितरण किया गया।

## आरसीयू से 36 खिलाड़ियों का जत्था नोएडा के लिए हुआ रवाना

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023 :- रामचन्द्र चंद्रवंशी विश्व विद्यालय से 36 खिलाड़ियों का एक जत्था शनिवार को नोएडा के लिए रवाना हुआ.जहा आरसीयू के खिलाड़ी बॉलीबॉल और कबड्डी की आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे.खिलाड़ियों के जत्था मे महिला और पुरुष की बॉलीबॉल टीम और कबड्डी की पुरुष टीम शामिल है.सभी तीन टीमों को रवाना होने से पहले एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि खेल में जज्बा और जिद ही जीत का रास्ता तय करता है.इसके अलावा प्रो.कल्याण कुमार,कुलसचिव देवाशीष मंडल, आरसीयू के खेल पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया.मौके पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे.




## मिहिजाम : चिरेका उत्पादित (वित्त वर्ष 2022-23) 400 वां रेल इंजन राष्ट्र को समर्पित, महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर रेलइंजन को किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर**

25 मार्च मिहिजाम ।विद्युत रेल इंजन उत्पादन के क्षेत्र में विश्व के मानचित्र पर सर्वाधिक रेल इंजन उत्पादन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना ( चिरेका) ने महत्व पूर्ण वस्तुओं की आपूर्ति की तमाम बाधाओं के बावजूद एक बार फिर से अपने समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों के संकल्पित प्रयास से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 25 मार्च 2023 तक 400 रेलइंजनों का उत्पादन करने में सफलता हासिल किया है। शनिवार 25 मार्च को शॉप संख्या 19 से सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक चिरेका की उपस्थिति में मार्च महीने में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों की टीम ने वित्त वर्ष 2022-23 में निर्मित 400वें ( 38005/डब्लूएजी 9 एचसी) रेल इंजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए इसे राष्ट्र सेवा को समर्पित किया।इस अवसर पर सभी विभाग के प्रधान अध्यक्ष, विभागीय अधिकारी गण और कर्मचारीगण उपस्थित थे। मौके पर जीएम चिरेका ने कहा कि यह उपलब्धि चिरेका परिवार के समर्पित और कार्य कुशल परिश्रमी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के निरंतर परिश्रम का परिणाम है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।



## सतबरवा में पूरे धूमधाम से सरहुल मनाया गया

समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौधरी प्रखंड संवाददाता सतबरवा 25 मार्च 2023:- सतबरवा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्रावास प्रांगण में शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल पूरे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन के द्वारा पूजा पाठ कर किया गया। मौके पर पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



इसके अलावे आयोजकों के द्वारा उपस्थित जिप सदस्य सुधा कुमारी ,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ,राजेंद्र सिंह चेरो, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा समेत पत्रकारों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।
इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने ढोल नगाड़ा मांदर की थाप पर प्रकृति गीत जाते हुए शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय से जुलूस निकला जो मेला टांड़, क्रांति चौक, बस पड़ाव, रामघाट, महावीर चौक, मस्जिद मोहल्ला होते पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान लोग जय धर्मेश, जय चाला का जयकारा भी लगा रहे थे।
कार्यक्रम स्थल पर लोगों ने अपने - अपने ग्रुप के साथ मांदर की थाप पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अदि, कुडुख सरना समाज के संयोजक अजय उरांव ,प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव उरांव, रबदा मुखिया पुष्पा देवी, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, बकोरिया मुखिया संतोष उरांव मुख्य रूप से शामिल थे।

## मनिका के एक व्यक्ति के हत्या के आरोप में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेंजा

समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौधरी प्रखंड संवाददाता सतबरवा 25 मार्च 2023:- 20 दिन के अंदर सतबरवा पुलिस ने हत्या का उदभेदन करते हुए दुंदु मनिका के अशोक राम 35 वर्ष के दो हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है ,जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेंज दिया गया।
थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने बताया कि त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में अशोक राम की हत्या पत्थर से कुच कर की है। घटना के संबंध में बताया कि महिला ( बदला हुआ नाम ) राधा देवी का मायका ग्राम जानहों ,मनिका व ससुराल दुंदु मनिका है।
विवाह से पूर्व अपने मायका के सुनील यादव के साथ प्रेम संबंध था। विवाह के बाद अपने चचेरे ससुर मृतक अशोक राम के साथ संबंध हो गया।
यह बात पूर्व प्रेमी सुनील यादव को नागवार गुजरी।
4 मार्च को सुनील यादव के दबाव में प्रेमिका ने अपने ससुराल वाले प्रेमी अशोक राम को फोन करके बुलवाया और रात 11 बजे अपने कब्जे में लेकर सुनिल यादव अपने



सहयोगी उदयपुरा तरहसी के कईला यादव के साथ मृतक के मोटरसाइकिल से ही,
उसे मनिका थाना के पार सतबरवा थाना क्षेत्र के भलवही नाला के पास ले जा कर, मार पीट करते हुए मफलर से गला घोंट देता है ,जिंदा न रह जाये इस लिए कनपटी में पत्थर से मार कर हत्या कर दी गई।
रात एक बजे साक्ष्य छुपाने के लिए दुर्घटना का रूप देकर रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल समेत मृतक को फेंक देता है। 5 मार्च को पुलिस ने शव को बरामद किया था। पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निदेशानुसार अनुसंधान करने पर हत्या का सारा मामला परत दर परत खुलता चला गया। पुलिस ने मृतक अशोक राम की हत्या के आरोप में सुनील यादव पिता गुणी यादव जानहों तथा षड्यंत्र में शामिल प्रेमिका को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें हत्या में इस्तेमाल बातचीत के लिए किए गए तीन मोबाइल फोन को भी जप्त किया गया है।
थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि हत्यारा सुनील यादव का सहयोगी कईल यादव उदयपुरा तरहसी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। महिला 3 बच्चों की मां है।

## राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने पर सीएम सोरेन बोले- 'अब राजनीतिक मतभेद में किस तरह...

संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,

राँची (झारखंड ) राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म किए जाने पर झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा है कि इस घटना से साफ जाहिर हो गया है कि सत्तारूढ़ केंद्र सरकार अब राजनीतिक मतभेद में किस तरह प्रतिशोध पर उतर आई है. भारतीय जनता पार्टी आज के वक्त को एक तरफ अमृतकाल कहती है, तो दूसरी तरफ वह विपक्ष के नेताओं के खिलाफ सत्ता के हर हथकंडे का इस्तेमाल कर रही है.हेमंत सोरेन ने कहा कि न्यू इंडिया में अमृत काल केवल बीजेपी के नेताओं और सदस्यों पर लागू होता है, जबकि इस देश के पूरे विपक्ष और नागरिकों के लिए यह आपातकाल है.वहीं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि राहुल गांधी इस देश और देश की जनता के लिए लगातार



सड़क से संसद तक लड़ रहे हैं. लोकतंत्र को बचाने की हर सम्भव कोशिश कर रहे हैं. हर षड्यंत्र के बावजूद वह यह लड़ाई हर कीमत पर जारी रखेंगे और इस मामले में न्यायसंगत कार्यवाही करेंगे. इस मामले में हम राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर लड़ाई जारी रखेंगे.झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने की कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है. उन्होंने कहा कि यह फैसला अचम्भित करने वाला और घोर निन्दनीय है. हिन्दुस्तान की संसदीय राजनीति में ऐसी जल्दबाजी पहले कभी नहीं हुई है. राहुल गांधी को सदन में बोलने से रोका जा रहा है, तो हम सड़क पर अपनी बात रखेंगे.राहुल गांधी की सजा पर विरोध जताते हुए झारखंड कांग्रेस के नेताओं-कार्यकताओं ने गुरुवार को रांची में विरोध मार्च भी निकाला. इसमें कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता शामिल रहे।

## अपना बूथ सबसे मजबूत- माधव चंद्र महतो

दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर जामताड़ा झारखंड

25 मार्च नाला पीडब्लूडी परिसर में आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष असीम मंडल के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता माधव चंद्र महतो मौजूद थे। बैठक में संगठन के सशक्तिकरण हेतु जोन प्रभारी, पंचायत प्रभारी, चुल्हा प्रमुख को सशक्त करने को लेकर नेता माधव चंद्र महतो ने विभिन्न टिप्स कार्यकताओं को दिया। बैठक को नेता माधव चंद्र महतो ने संबोधित करते हुए वर्तमान सरकार पर जमकर बरसे। नाला प्रखंड को 3 जोन में बांटकर जोन प्रभारी, सह प्रभारी बनाया गया। साथ ही 23 पंचायत में जिम्मेदार पंचायत प्रभारी, सह प्रभारी का चयन किया। मोके पर अक्षयानंद पाठक, गरीब देबांशी, अनाथ गौराई, चन्द्र मोहन घोष, नंदकिशोर महतो, मिथिलाल टुडू, सुमन टुडु, मोतिउल रहमान, शेख फुरकान, अशोक मंडल, विधान गौराई, साधन मंडल, फणि रविदास, द्रोपोदी देवी, बिजु कर, सुजीत वाद्यकर आदि दर्जन उपस्थित थे।



## नावाबाजार प्रखण्ड के प्रभारी एम०ओ०श्री राकेश श्रीवास्तव की मिलीभगत से सरस्वती ये स्वयं सहायता समूह द्वारा 200 क्विंटल अनाज गबन की जांच होनी चाहिए: झारखण्ड क्रांति मंच

समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड)25 मार्च 2023:- झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम व पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर नावां बाजार के प्रभारी एम०ओ० राकेश श्रीवास्तव के संरक्षण में सोहदाग पंचायत के कुम्भीखुर्द के ज०वि०प्र० के दुकानदार सरस्वती स्वयं सहायता समूह के द्वारा दो महीने का लगभग 200 क्विंटल अनाज गबन करने की कड़ी आलोचना करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई करने व नावाबाजार के प्रभारी एम०ओ० को शीघ्र हटाने की मांग उपायुक्त पलामू से किया है।



जेकेएम के नेताओं ने कहा है कि पलामू जिले में उपायुक्त पलामू द्वारा भ्रष्ट डीलरों के पर प्राथमिकी दर्ज कर कई मामले में कड़ी कार्रवाई के बावजूद भी नावाबाजार जैसे प्रखण्डों में निष्कंटक अनाज गबन की घटना गंभीर चिंता का विषय है।जारी बयान में नेताओं ने कहा है कि प्रभारी एम०ओ० व अन्य पदाधिकारियों की सांठगांठ से पिछले वर्ष के शुल्क व शुल्क रहित लगभग 5000 क्विंटल अनाज गबन कर लिया गया,जो इस भीषण सुखाड़ व अकाल के समय में आम लोगों के पेट पर डाका डालना है।अगर उपरोक्त दोनों मामले की उच्चस्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो जेकेएम के द्वारा प्रथम चरण में नावाबाजार प्रखण्ड कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन किया जाएगा।

## सीएम की जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर 28 मार्च को फतेहपुर में झामुमो की होगी बैठक

*जामताड़ा गांधी मैदान में 5 अप्रेल को सीएम संथाल जोहार यात्रा की करेंगे शुरूआत*

समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर जामताड़ा झारखंड

25, मार्च को संथाल में खतियानी जोहार यात्रा आगामी 5 अप्रेल को जामताड़ा गांधी मैदान से शुरूआत हो रही है। सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन जामताड़ा के गांधी मैदान से खतियानी जोहार यात्रा शुरू करेंगे। जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर फतेहपुर सालबागान में 28 मार्च को एक बैठक रखी गई है, जिसमे मुख्य रूप से नाला विधायक सह विधान सभाध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो उपस्थित रहेंगे। झामुमो के फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की जामताड़ा से 5 अप्रेल को खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम आयोजित है, इसे लेकर तैयारी बैठक 28 मार्च को फतेहपुर सालबागान में रखी गई है। बैठक विधान सभाध्यक्ष सह नाला विधायक के अलावे पंचायत सचिव, अध्यक्ष, केंद्रीय समिति सदस्य सहित सभी सक्रिय कार्यकर्तागण को आमंत्रित किया गया है।
प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने कहा कि सूबे में झामुमो गठबंधन की सरकार सभी वर्गों के लिए अच्छा कार्य कर रही है। लेकिन विरोधी पार्टी विकास कार्य सहित नियोजन नीति, खतियान आधारित नियोजन नीति पर अड़चने डाल रही है। विरोधी कभी खतियान आधारित नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं तो कभी वर्तमान नियोजन का विरोध करते हैं। किसी पर उनकी सहमति नही मिल रही है, जिस कारण प्रदेश के युवाओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार 1932 का खतियान आधारित नियोजन नीति पर कायम था और रहेगी।
श्री महतो ने कहा प्रदेश के सभी सरकारी कर्मियों की समस्या लगभग समाप्त किया गया है। पुलिस को छुट्टी नही मिलती थी, जो इस सरकार में उन्हें इसका लाभ दिया गया। होम गार्ड का बेतन बढ़ाने का विचार कर रही है। पारा शिक्षकों के वेतन बढ़ाया गया। सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से जोड़ा गया। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के मानदेय को बढ़ाया गया। सिर्फ नियोजन नीति को भाजपा अड़चने डाल रही है।

## स्लग-दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र

दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर जामताड़ा झारखंड

25 मार्च दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र उदलबनी जामताड़ा से बच्चों को भारी मात्रा मे नौकरी दिलाई जा रही है
वहाँ की सेंटर मैनेजर सोनाली सिंह से जब इस बारे मे चर्चा की गई तब उन्होंने ये बताया कि प्लेसमेंट मे बढ़ोतरी सिर्फ लोकल कंपनी के संस्थान से जुड़ने का नतीजा है. उन्होंने ये भी बताया कि सोमवार को आसनसोल की कंपनी आने वाली है कंपोज प्लेसमेंट के लिए और सिर्फ उन्हीं बच्चों को यहा से रोजगार मिलेगा जो यहा से ट्रेनिंग लिए हुए है



साथ ही साथ बिहार झारखंड के बाहर की भी कंपनी का tieup है जहा प्रति माह 15000-20000 रू का भुगतान कंपनी द्वारा किया जाता है बच्चों को लहाल यहा मोबाइल रिपेरिंग कंप्युटर और सिलाई मशीन का ट्रेनिंग दिया जाता है आने वाले समय में यहा जनरल ड्युटी अस्सिटेंट ( नर्सिंग से रिलेटेड) ट्रेनिंग की शुरूआत की जायगी झारखण्ड कौशल विकास के द्वारा संचालित ये संस्थान मे रहना, खाना और ट्रेनिंग सब निःशुल्क है और ट्रेनिंग के उपरांत मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत सभी छात्रों को 1500-2000 रू प्रति माह सरकार के द्वारा दिया जायगा

## झूठ की बुनियाद पर टिकी है मेदनीनगर की मेयर साहिबा-- रूचिर तिवारी

समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023:-भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने नगर निगम में दीनदयाल मार्ग को खोलने का सद्बुद्धि बहुत लेट से भाजपा के मेयर को आया इसके लिए उनको धन्यवाद देते हैं शहर के बीचोबीच तालाब के बगल में दीनदयाल मार्ग बना था जिसमें हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता था जिसको ठप भाजपा के ही मेयर अरुणा शंकर ने बंद करके किया और बोलने के बाद अपना पिठ स्वयं थपथपा रही है यह माजरा समझ से परे है। आखिर इतने दिन तक बंद किया गया मार्ग से जो निगम वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा इसका जिम्मेदार कौन है या निगम के



मेयर साहिबा निगम के जनता से माफी मांगी उनको जल्द से जल्द दीनदयाल मार्ग के रास्ता से जाने वाले सभी निगम वासियों आम जनता से माफी मांगना चाहिए कि भूलवश हमने मार्ग को बंद कर दिया अब हमको सद्बुद्धि आया और ऐसे भी कहा गया है कि जब जागे तब सवेरा। वैसे भी भाजपा के बड़े नेताओं के द्वारा झूठ बोलने का परंपरा चलता रहा है उसी का अनुसरण शहर की मेयर ने किया है लेकिन अपनी गलती पर इल्जाम दूसरों पर लगा देना यह नियर साहिबा को शोभा नहीं देता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दीनदयाल मार्ग को चालू करने के लिए आंदोलन किया पलामू उपायुक्त का घेराव भी किया था निगम वासियों को इसका लाभ मिला मार्ग से अवरूद्ध को हटाया गया जिसके लिए निगम के जनता धनबाद के पात्र हैं क्योंकि उन्हीं के आंदोलन से शहर के मेयर को झुकना पड़ा।

## एआईएसफ छात्र संगठन जिला अध्यक्ष ने निलंबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति को छात्रों को समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा

समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड) 25 मार्च 2023:- ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय के अध्यक्षता में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय प्रति कुलपति को पी.एच.डी इंट्रेंस परीक्षा पुनः कराने हेतु पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा,जो निम्न प्रकार का है,
विवि के अधिकतम महाविद्यालय सीसीटीवी कैमरे से लैस है तो पीएचडी परीक्षा बिना सीसीटीवी वाले रूम में आयोजित क्यों की गई,
आठवीं की परीक्षा और प्रवेश तक में परीक्षक और विक्षक दोनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट् प्रतिबंधित है तो कक्षा संख्या 06 और 04 में खुल्लेआम कैसे प्रयोग हुआ,
जिन विद्यार्थियों को 90 मिनट मोबाइल से इंट्रेंस देने के बाद कदाचार करते मोबाइल पकड़ा गया उन पर क्या कार्रवाई हुई
एक प्राध्यापक सुल्ताना प्रविण पर तो कारवाई की गई लेकिन विक्षक के बगैर सहयोग के वो कैसे कदाचार करवा सकती है , विद्यार्थियों ने पीएचडी इंट्रेंस टेस्ट के लिए 1500ड्ट शुल्क दिए फिर भी प्रश्नपत्र उपलब्ध



नहीं कराया गया जबकी एनपीयू द्वारा आयोजित पूर्व की परीक्षा में उपलब्ध कराया जाता रहा है
पलामू जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय का कहना है की पीएचडी की परीक्षा और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले लोग शोधार्थी होते है लेकिन विगत इंट्रेंस टेस्ट से यह लगता है, की एनपीयू प्रबंधन सबको कदाचार करवा कर यह साबित करना चाहती है की आने वाली पीढ़ी कदाचार ही सदाचार बनें और कहना है की परीक्षा में हुई कदाचार सुनियोजित प्रतित होती है इस पर संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें एवं परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए अन्यथा हम लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत अगले संघर्ष को स्वतंत्र होंगें और तत्काल प्रभाव से बाहर नहीं करते हैं,तो कुलपति खुल कर बताएं कि पी.एच.डी सीट का डील कितना में किए हैं ?? एक हफ्ता के अंदर प्रभाव मुक्त नहीं होता हैं,तो प्रेस कांफ्रेंस कर कुलपति के तीन साल का सारा काला चिट्ठा का पोल भी खोलेंगे, इस कार्यक्रम में जिला कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार, जी.एल.ए कॉलेज अध्यक्ष प्रियांशु आनंद, जेएस कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु रंजन,शशिकांत मेहता,नीरज कुमार आदि छात्र मौजूद थे

## रामनवमी को लेकर हेंसल स्तिथ बजरंगबली मंदिर सझ धज कर तैयार,30 को पूजा व 31 को निकलेगा भव्य जुलूस।

रवि कांत गोप, दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता, राजनगर(सरायकेला)

राजनगर(झारखंड)25 मार्च 2023 - आगामी 30 मार्च को रामनवमी को लेकर राजनगर थाना क्षेत्र के हेंसल स्तिथ बजरंग बली मंदिर सझ धज कर पूरी तरह तैयार हो चुकी है।वहीं बजरंग बली पूजा कमेटी के सदस्यगण मंदिर और पूरे हेंसल बाजार में फगुआ झंडा लगाने में जुटे है।जिससे हेंसल



बाजार के चारो तरह फगुआ लहरा रहा है।इसी दौरान सदस्यों ने बताया कि आगामी 30 मार्च को पूजा व 31 को रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा।जिसकी तैयारी की जा रही है।वहीं इस बार रामनवमी के मौके पर राम कथा का भी आयोजन किया गया है।जो 27 मार्च संध्या 6 बजे से आरंभ होगी।और 30 मार्च को सुंदर कांड आयोजन है।वहीं रामनवमी को लेकर हेंसल और आस पास में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है।इसकी तैयारी में कमेटी के वरिष्ठ सदस्य विनोद जोयतिषी,जामिनि महाकुड़, अरूप मंडल,कुंदन ज्योतिषी, शंकर गोप,अशोक मिस्त्री, दिनेश गोप,सिलिप गोप,पंकज ज्योतिषी आदि लगे हुए है।

## आदिवासी परंपरा : विशाल बाहा सेंदरा यात्रा में उमड़े प्रकृति प्रेमियों की सैलाब

सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल

सरायकेला (झारखंड), 25 मार्च 2023 : आदिवासी समन्वय समिति, पातकोम दिशोम माझी पारगाना माहाल, झारखंड दिशोम बाहा (सरहुल) कमिटी व संयुक्त ग्राम सभा द्वारा पुराना हाई स्कूल मैदान ईचागढ़ से विशाल बाहा सेंदरा यात्रा का शुभारंभ कर खुदियडीह, चौका होते हुए चांडिल गोल चक्कर स्थित सिधु कान्हो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सभी एकत्रित होकर चांडिल बस स्टैंड सिनेमा हॉल से चांडिल बाजार, स्टेशन होते हुए गांगुडीह दिशोम जाहेर गाढ़ पहुंचे। मौके पर पातकोम माझी पारगाना माहाल के महासचिव श्यामल मार्डी सरहुल पुजा प्रकृति की पुजा है। यह झारखंड का एक प्राचीन त्योहार है। त्योहार के दौरान साल फूलों को जाहेरथान या सरना स्थल पर लाया जाते हैं और माझी बाबा (पुजारी) द्वारा साल पेड़ के नीचे पुजा अर्चना किया जाता है। दिशोम सरहुल में प्रकृति देवताओं की साल फूलों और फलों के साथ पूजा की जाती है।



झारखंड में सभी जनजाति इस उत्सव को उत्साह और आनन्द के साथ मनाते हैं। इस पर्व पर पुरुष, महिला और बच्चे रंगीन और जातीय परिधानों में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि सरहुल पुजा के दूसरे दिन बाहा सेंदरा यात्रा निकाली गई जो हमारे आदिवासियों की प्राचीन परंपरा है। इस अवसर पर प्रकाश मार्डी, भदरू सिंह सरदार, सुचांद उरांव, डोमन बास्के, ज्योतिलाल बेसरा, शक्तिपद हांसदा, महावीर हांसदा, बुद्धेश्वर माझी, गुरुपद हांसदा, चारु चांद किस्कू, गुरुचरण किस्कू, सुखराम हेंब्रम, ईचागढ़ के प्रमुख गुरुपद मार्डी, श्यामल मार्डी, सुधीर किस्कू आदि उपस्थित थे।

## सूरज कालिंदी के हत्यारों को पुलिस जल्द गिरफ्तार करें, अन्यथा सड़क पर उतरेंगे आजसू के हजारों कार्यकता : हरेलाल महतो

सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल

सरायकेला (झारखंड), 25 मार्च 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के डोबो गांव निवासी सूरज कालिंदी जो आजसू का एक सक्रिय कार्यकर्ता भी था। शुक्रवार शाम को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर सूरज कालिंदी की हत्या कर दी। शनिवार दोपहर को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो डोबो स्थित सूरज कालिंदी के घर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। इस दौरान हरेलाल महतो ने दिंवगत सूरज कालिंदी के पत्नी, बच्चों तथा परिजनों का ढांढस बंधाया। इस दौरान केंद्रीय सचिव रविशंकर मौर्य, सरायकेला खरसावां जिलाध्यक्ष सचिन महतो, जमशेदपुर जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष रामलाल सिंह मुंडा समेत सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।
इस दौरान दिवंगत आजसू कार्यकर्ता सूरज कालिंदी के बेटे सोहेल कालिंदी ने हरेलाल महतो को घटना की आपबीती बताई। उसने बताया कि शुक्रवार की शाम को उसके पिता सूरज कालिंदी फोन पर किसी के साथ बात कर रहा था और बातचीत में बहस हो रही थी। सूरज कालिंदी फोन पर बहस करते हुए घर से बाहर निकला था कि इसी दौरान एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर दो लोग आए और गोली मारकर फरार हो गया।
आजसू नेता हरेलाल महतो ने कहा कि यह घटना हमारे लिए बहुत ही दुखद है और हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। हेमंत सरकार के राज में हमेशा कुछ न कुछ अप्रिय घटना घट रही हैं। यह सरकार अपराध पर कंट्रोल करने में विफल है। पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही हैं। पिछले साल भी आजसू पार्टी के मातकमडीह पंचायत अध्यक्ष सुबोध सिंह मुंडा को हजारों की भीड़ के बीच मेले में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन पुलिस अबतक अपराधियों को गिरफ्तार करने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अनेकों हत्याएं तथा अलग अलग घटनाएं हुई ,जिसका आजतक खुलासा नहीं हुआ। इससे पुलिस प्रशासन की कार्यशैली और निष्क्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हरेलाल महतो ने कहा कि सूरज कालिंदी आजसू पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता था। उसकी हत्या आजसू पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन में एक सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने में काफी समय और ऊर्जा लगती हैं। सूरज कालिंदी के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए आजसू पार्टी उग्र आंदोलन शुरू करेगी। हरेलाल महतो ने कहा कि पुलिस प्रशासन से हमारी मांग हैं कि सूरज कालिंदी के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें और इस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि हत्यारों को गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से हत्यारों को कड़ी सजा दिलाएं। हरेलाल महतो ने कहा कि यदि सूरज कालिंदी के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती हैं तो आजसू पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। हरेलाल महतो ने कहा कि डोबो क्षेत्र अब जमीन दलालों का अड्डा बन गया है। डोबो गांव के स्थानीय ग्रामीण अब असुरक्षित महसूस करते हैं, ग्रामीणों में भय बना रहता है कि पता नहीं कब क्या घटना घट जाए। गरीब और कमजोर लोगों की जमीन छीनी जा रही हैं, उसमें कई अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त है।

**72 घंटे के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं तो सूरज को इंसाफ दिलाने के लिए करेंगे सड़क जाम : जिलाध्यक्ष**

आजसू पार्टी के सरायकेला खरसावां जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने बताया कि उन्होंने जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों तथा कपाली ओपी प्रभारी से बात की। उन्होंने पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। सचिन महतो ने कहा कि सूरज कालिंदी एक गरीब और पिछड़े वर्ग का सदस्य था। साथ ही आजसू पार्टी का एक ईमानदार कार्यकर्ता था। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी जिला पुलिस 72 घंटे के भीतर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। यदि 72 घंटे के भीतर मामले का खुलासा नहीं होता है तो सूरज कालिंदी को इंसाफ दिलाने के लिए आजसू पार्टी सड़क जाम करेगी और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। सचिन महतो ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। सरकार अपराध रोकने में नाकाम है और बालू, कोयला चोरी करने में सफल है। झारखंड में वर्तमान समय में एक साधारण मजदूर भी सुरक्षित नहीं है। सरकार के ऊपर अब आम लोगों का विश्वास उठ चुका है।

## मिहिजाम : चैती छठ पूजा को लेकर लोगों में उत्साह

दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर जामताड़ा झारखंड

25 मार्च मिहिजाम । पवित्र माह चैत में मनाई जाने वाली चैती छठ पूजा के दिन शनिवार को मिहीजाम के बाजार सहित यहां लगने वाली साप्ताहिक हाट मे सुबह से ही भीड़ देखने को मिला। चैतीछठ पूजा, चैत्र नवरात्रा के पवित्र महीने के मद्देनजर फल व अन्य पूजा सामग्री के खरीदारों की भीड़ मिहिजाम हटिया में देखने को मिला। वहीं दूसरी ओर शनिवार को चैती छठ के नहाए खाए के दिन मिहिजाम व चितरंजन स्थित अजय नदी तथा अन्य तालाबों में छठ पूजा करने वाले महिला, पुरुष ने जहां स्नान कर पूरी विधि विधान के साथ नाहाय खाए पूजा को संपन्न किया। वहीं दूसरी ओर मिहिजाम नगर परिषद की ओर से मिहिजाम पोखर तल्ला स्थित बड़ी छठ तलाब घाट की साफ-सफाई को भी किया गया इसमें मिहिजाम बड़ी छठ पूजा समिति के सदस्य कासहयोग रहा।

## सीएम की जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर 28 मार्च को फतेहपुर में झामुमो की होगी बैठक

*जामताड़ा गांधी मैदान में 5 अप्रेल को सीएम संथाल जोहार यात्रा की करेंगे शुरूआत*

दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी फतेहपुर ,जामताड़ा (झारखण्ड)

संथाल में खतियानी जोहार यात्रा आगामी 5 अप्रेल को जामताड़ा गांधी मैदान से शुरूआत हो रही है। सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन जामताड़ा के गांधी मैदान से खतियानी जोहार यात्रा शुरू करेंगे। जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर फतेहपुर सालबागान में 28 मार्च को एक बैठक रखी गई है, जिसमे मुख्य रूप से नाला विधायक सह विधान सभाध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो उपस्थित रहेंगे। झामुमो के फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की जामताड़ा से 5 अप्रेल को खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम निर्धारित गया है, इस की तैयारी को लेकर बैठक 28 मार्च को फतेहपुर सालबागान में रखी गई है। उक्त बैठक विधान सभाध्यक्ष, नाला विधायक सह याचिका समिति के सभा पति रबिन्द्रनाथ महतो के अलावे पंचायत सचिव, अध्यक्ष, केंद्रीय समिति सदस्य सहित सभी सक्रिय कार्यकर्तागण को आमंत्रित किया गया है।
प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने कहा कि सूबे में झामुमो गठबंधन की सरकार सभी वर्गों के लिए अच्छा कार्य कर रही है। लेकिन विरोधी पार्टी विकास कार्य सहित नियोजन नीति, खतियान आधारित नियोजन नीति पर अड़चने डाल रही है। विरोधी कभी तो खतियान आधारित नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं तो कभी वर्तमान नियोजन का विरोध करते हैं। किसी पर भी उनकी सहमति नही मिल पा रही है, जिस कारण प्रदेश के युवाओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार 1932 का खतियान आधारित नियोजन नीति पर कायम था और रहेगी। श्री महतो ने कहा प्रदेश के सभी सरकारी कर्मियों की समस्या लगभग समाप्त किया गया है। पुलिस को छुट्टी नही मिलती थी, जो इस सरकार में उन्हें इसका लाभ दिया गया। होम गार्ड का बेतन बढ़ाने का विचार कर रही है। पारा शिक्षकों के वेतन बढ़ाया गया। सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से जोड़ा गया। स्थानीय युवा जो उर्म के 50 दशक पार करने के बाद भी नौकर हमारी हेमन्त सोरेन गठबन्धन सरकार दे रही है।आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के मानदेय को बढ़ाया गया। सिर्फ नियोजन नीति को भाजपा अड़चने डाल रही है।